कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' में नोयोनिका के ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 13 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 160 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## टीबी उन्मूलन के लिए बढ़ाया जाएगा जांच का दायरा : बन्ना

**राज्य में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य दिसम्बर 2024 तक रखा गया है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांवों को समृद्ध किए बिना टीबी से नहीं लड़ा जा सकता। हालांकि झारखण्ड के लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत अधिक है और हमारी एडवांस प्लानिंग अन्य राज्यों से अच्छी है। राज्य में प्रति एक लाख लोगों में से 1022 लोगों को जांच के दायरे में लाया जा रहा है। जांच का दायरा और बढ़ाया जाएगा। ये बातें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित टीबी वर्क प्लेस पॉलिसी एंड कॉरपोरेट इंगेजमेंट टू एंड टीबी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन हेतु कार्ययोजना तैयार कर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। पूरे विश्व में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक है, वही राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2025 तक है, जबकि झारखंड में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य दिसम्बर 2024 तक रखा गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक राज्य में 57567 टीबी मरीजों की पहचान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीबी उन्मूलन हेतु कार्ययोजना तैयार कर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। पूरे विश्व में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक है वही राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2025 तक है, जबकि झारखण्ड में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य




दिसम्बर 2024 तक रखा गया है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु कार्य किये जा रहे हैं। जब तक एक-एक गांव एवं पंचायत टीबी मुक्त नहीं होगा, टीबी मुक्त जिला एवं राज्य की परिकल्पना बेईमानी होगी। राज्य सरकार टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की शुरूआत आज से कर रही है। प्रथम दस टीबी मुक्त पंचायत के प्रतिनिधियों को राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी टीबी मुक्त पंचायतों को स्वर्ण, रजत और कॉस्य पदक प्रदान किये जाएंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर टीबी उन्मूलन हेतु हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन अन्य विभागों के समन्वय के बिना यह कार्य संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। अतः इस दिशा में श्रम, उद्योग, खनन, सामाजिक सुरक्षा, डाक विभाग, आदिवासी कल्याण विभाग इत्यादि से समन्वय बना कर कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है । राज्य में बहुत सारे छोटे-बड़े उद्योग है। बहुत सारे लोक उपक्रम है एवं खदानों की भरमार है। हमारी पहुच राज्य के सुदूरवर्ती इलाको में सहिया की मदद से हो रही है, लेकिन इन कल-कारखानों, खदानों इत्यादि में कार्यरत कर्मचारियों तक हमारी पहुंच नहीं हो पाती है । लोग वर्किंग आवर में अपने कार्यस्थल पर चले जाते हैं एवं हमारे स्वास्थ्य कमीर्यों से उनकी मुलाकात नहीं हो पाती है । वहीं लोग भ्रांतियों के कारण बीमारी को छुपाना चाहते है एवं अन्य लोगों में टीबी की बीमारी फैला देते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने देश में सर्वप्रथम Work Place Policy for TB its Comorbidities of Occuptioal Lung Disease ले कर आई है, जिससे राज्य सरकार के पास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए लोग अपने अपने कार्यक्षेत्र को टीबी मुक्त करने की मुहिम बना सकें । यह Uique Employee Lead Model है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस Policy के लागु होने के बाद लोग अपने अपने कार्यक्षेत्र को टीबी मुक्त कर सकेगें साथ ही टीबी हारेगा, झारखंड जितेगा का मंत्र सफल हो पायेगा। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सभी जिलों तथा अन्य अस्पतालों में टीबी के लिए अलग विंग बनाया जाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने की नीति आयोग की टीम के साथ बैठक, कहा

## राज्य को मिले उसका हक

**एफसीआई से अनाज मिले**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संघीय ढांचे की मजबूती के लिए जरूरी है कि केंद्र और राज्यों का सर्वांगीण विकास हो। केंद्र और राज्य सरकारें एक दूसरे को सहयोग करें तभी विकास के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उसे हासिल कर सकें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज नीति आयोग की टीम के साथ बैठक के दरम्यान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बैठक में पुराने और लंबित विषयों पर चर्चा हुई है और उसका समाधान भी निकला। इसके साथ कई नए मुद्दों को भी रखा गया, जिस पर नीति आयोग की ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन मिला। नीति आयोग के समक्ष राज्य सरकार के द्वारा जो भी मामले रखे गए हैं ,वे केंद्र सरकार तक पहुंचेगी और झारखंड के हित में नीति निर्धारित होगी, ऐसी उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की दौड़ में कई राज्य आगे बढ़ गए हैं और कुछ राज्य अभी भी पिछड़े



हुए हैं । इसमें झारखंड भी शामिल है ।ऐसे राज्य कैसे विकास की राह में आगे बढ़ें, इसके लिए विशेष कार्य करने की जरूरत है और इसमें सभी को साथ लेकर चलना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें संसाधन तो मिल रहे हैं, लेकिन उसका उपयोग ऐसी जगह हो रहा है, जिससे उसका जितना फायदा होना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है । ऐसे में संसाधनों की बेहतर उपयोगिता के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा, तभी हम विकसित देश और विकसित राज्य बना पाएंगे तथा जनता उसका बेहतर सदुपयोग कर सकेगी।

मुख्यमंत्री के साथ नीति आयोग की हुई बैठक में कोयला मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कोयला मंत्रालय से जुड़े मामलों में कोल कंपनियों द्वारा जमीन अधिग्रहण के एवज में मुआवजा और कोयले पर राज्य सरकार को मिलने वाली रॉयल्टी से जुड़े मुद्दे को विशेष रूप से रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न कोयला कंपनियों का जमीन अधिग्रहण को लेकर लगभग 80 हजार करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाना है , लेकिन मात्र 2532 करोड़ रुपए राज्य सरकार और रैयतों को मुआवजा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल कंपनियां जो भी जमीन अधिग्रहित करती है, उसका मुआवजा मिलना चाहिए, भले ही उस पर खनन कार्य शुरू नहीं हुआ हो। इस पर कोयला मंत्रालय की ओर से पक्ष रखा गया। वहीं, नीति आयोग के सहयोग से यह सहमति बनी कि कोल कंपनियां कितना जमीन अधिग्रहित कर चुकी है और कितना मुआवजा वितरित किया गया है, इसकी पूरी रिपोर्ट जल्द देगी। मुख्यमंत्री ने कोयला पर मिलने वाली रॉयल्टी बढ़ाने की मांग रखी और कहा कि राज्य सरकार को ज्यादा से ज्यादा कोल रॉयल्टी मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनन कर रहे कोल कंपनियां जब तक किसी कोल माइंस में पूरी तरह उत्पादन बंद करने का सर्टिफिकेट नहीं देती है तब तक नई जगह पर वह कोल खनन नहीं करे।

### शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल मामले में हुई सुनवाई

**रांची।** लोकपाल मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो सह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सॉलिसिटर जनरल की व्यस्तता की वजह से सुनवाई टली। मामले में अब अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी। बता दें, आय से अधिक संपत्ति मामले में जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन के खिलाफ कोर्ट ने लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसपर अदालत ने आगामी 17 अगस्त तक का विस्तार दिया है। कपिल सिब्बल रख रहे शिबू सोरेन की ओर से पक्षः इस मामले में अधिकार क्षेत्र के आधार पर शिबू सोरेन ने सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई के दौरान लोकपाल की तरफ से सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता अपना पक्ष रख रहे हैं। जबकि देश के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल शिबू सोरेन की तरफ से अपना पक्ष रख रहे हैं।

## ईडी के गलत इस्तेमाल से सुप्रीम कोर्ट ने पर्दा उठा दिया : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ चुका है कि किस तरह केंद्र सरकार ईडी सहित अन्य जांच एजेंसियों का अपने राजनीतिक फायदे और राजनीतिक दुश्मनी निभाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी के गलत इस्तेमाल से सुप्रीम कोर्ट ने पर्दा उठा दिया है।

भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह भी साबित हो गया की ईडी का इस्तेमाल गैर भाजपाई सरकार को डिस्टर्ब कर विकास कार्य को बाधित करने के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। अब केंद्र सरकार को अपने किए पर आत्ममंथन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल




बांड के जरिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में देश के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के खाते में 92 88.36 करोड़ रुपये आया। इसमें 55 प्रतिशत यानी 5271.975 करोड रुपये केवल भाजपा के खाते में आये। यह एक तरह से मनी लॉन्ड्रिंग का भी मामला बनता है लेकिन ईडी का ध्यान इस ओर कभी नहीं गया।

उन्होंने कहा कि ईडी का कैसे गलत इस्तेमाल हो रहा है, इसका जीता- जागता प्रमाण महाराष्ट्र है। एनसीपी के एक विधायक पर ईडी का छापा पड़ता है और तुरंत इसके बाद महाराष्ट्र सरकार में शामिल होकर मंत्री बन जाता है। देश की जनता सारा कुछ देख और समझ रही है। समय पर इसका जवाब मिलेगा। उन्होंने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के घटना के विरोध में जब आदिवासी लोग भाजपा कार्यालय घेराव कर रहे थे, तो उन्होंने कहा कि ये लोग आदिवासी नहीं जमीन दलाल हैं। उन्होंने कहा कि इस पर सवाल उठता है कि बाबूलाल मरांडी के अध्यक्ष बनने के बाद पूरे शहर में जितने पोस्टर लगे हैं, उनके स्वागत और सम्मान में, वे लोग कौन हैं, जिसे बाबूलाल को खंगालना चाहिए।

## नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए डिप्टी कमांडेंट

**पहले से अलर्ट थी रांची पुलिस**

**सर्च अभियान के दौरान हुआ मुठभेड़**

**एजेंसी। रांची**

चाईबासा के गोइलकेरा इलाके में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार तिवारी को एयरलिफ्ट कर रांची ले आया गया है। घायल डिप्टी कमांडेंट का इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति खतरे से बिल्कुल बाहर है। चाईबासा पुलिस के द्वारा रांची पुलिस को डिप्टी कमांडेंट के घायल होने की सूचना पूर्व में ही दे दी गई थी ।जिसके बाद खेल गांव




स्थित ग्राउंड में रांची पुलिस के अफसर एंबुलेंस के साथ पहले से ही तैयार खड़े थे। जैसे ही हेलीकॉप्टर खेलगांव ग्राउंड पर लैंड किया, तुरंत डिप्टी कमांडेंट को एंबुलेंस के माध्यम से आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार डिप्टी कमांडेंट की स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चाईबासा के गोइलकेरा इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी।

### पलामू में पीडीएस डीलर की गोली मारकर हत्या

**पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुलसम पंचायत के भिखहीपलवा गांव में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार बंगाली उरांव को बदमाशों ने तीन गोलियां मार दी। गोली पैर, पीठ और सीने में लगी। गंभीर स्थिति में उसे एमआरएमसीएच मेदिनीनगर लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मंगलवार रात की है। मृतक के परिजनों के अनुसार, पीडीएस डीलर बंगाली उरांव घर में थे। इस बीच बाइक से पहुंचे चार की संख्या में अपराधियों ने घर में घुसकर पहले पिस्टल से फायरिंग करने की कोशिश की लेकिन गोली नहीं चलने पर राइफल से बंगाली उरांव को तीन गोलियां मारी। घटना को पंचायत चुनाव के दौरान हुए विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

**भूमि अधिग्रहण केस**

## योगेंद्र साव, आशुतोष मिश्रा समेत 23 बरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टंडवा में आम्रपाली प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान हुए आंदोलन से जुड़े केस में रांची सिविल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया। साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त हो गये। जिन्हें कोर्ट ने बरी किया है, उसमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, आशुतोष मिश्रा, बद्री साव, मुकेश यादव, विनोद बिहारी पासवान, लाल किसुन यादव, राजेंद्र साहू, विनोद यादव समेत 24 लोगों का नाम शामिल है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने इस मामले मे फैसला सुनाया है।



**भूमि अधिग्रहण के दौरान मारपीट करने को लेकर सभी पर केस दर्ज**

आम्रपाली कोल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान मारपीट करने को लेकर सभी के खिलाफ टंडवा थाना में कांड संख्या 91/2015 दर्ज की गयी थी। केस के सूचक विनोद साव थे। पुलिस ने केस साबित करने के लिए दो गवाह प्रस्तुत किये थे। जबकि बचाव पक्ष ने एक भी गवाह पेश नहीं किया।

### एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे सीबीआई के डायरेक्टर



**रांची।** सीबीआई के डायरेक्टर प्रवीण सूद बुधवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीबीआई के अधिकारी उन्हें लेकर रवाना हो गए। सीबीआई के डायरेक्टर बनने के बाद प्रवीण सूद का यह पहला झारखंड दौरा है। बताया गया है कि प्रवीण सूद रांची स्थित सीबीआई की आर्थिक शाखा, एंटी करप्शन ब्यूरो और चिटफंड की शाखा की समीक्षा करेंगे। साथ ही दर्द के शो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेंगे। उल्लेखनीय है कि वह 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी है।

## ज्योति मौर्य प्रकरण : होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे निलंबित

**एजेंसी। लखनऊ**

पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के मामले में होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के खिलाफ करायी गई जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर होमगार्ड महानिदेशक विजय कुमार मौर्य के संस्तुति के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। ज्योति प्रकरण में होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे का नाम सामने आया था। उन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस मामले की जांच को लेकर डीजी होमगार्ड ने पुलिस महानिरीक्षक होमगार्ड प्रयागराज रेंज संतोष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। डीआईजी होमगार्ड ने अपनी रिपोर्ट डीजी को सौंपी थी। इसके बाद वही रिपोर्ट डीजी होमगार्ड ने शासन को भेजी। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, मनीष मोबाइल पर ज्योति से उसके पति आलोक को



रास्ते से हटाने की बात कह रहे हैं। उनके खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं। महिला होमगार्ड ने भी उन पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। आलोक को धमकाने को लेकर जब मनीष से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह आलोक से तलाक की बात कह रहे हैं। इसकी पुलिस जांच होना अति आवश्यक है। जांच के दौरान मिले साक्ष्य के आधार पर मनीष दुबे को निलंबित और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई थी। जांच रिपोर्ट के बाद शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

### विधि निर्माण की प्रक्रिया व कार्यपालिका का दायित्व विषय पर प्रशिक्षण संपन्न

## 'कार्यपालिका विधायिका की सहयोगी'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा में बुधवार को विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने प्रशिक्षुओं और विशेषज्ञ अतिथियों को प्रमाणपत्र दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय बहुत ही जरूरी है, क्योंकि विधायिका कानून बनाती है, लेकिन इसको अमल में कार्यपालिका ही लाती है। इस प्रशिक्षण से दोनों के बीच और ज्यादा समन्वय स्थापित होगा, क्योंकि कार्यपालिका विधायिका की सहयोगी है। सदन में मंत्रीगण जो उत्तर देते हैं, उसे अधिकारी ही तैयार करते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है और आगे भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



होता रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि कम समय में तमाम विषयों का अध्ययन हुआ और व्यस्तता के बीच सभी अधिकारी आये, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

तीन दिनों तक चली इस कार्यशाला में लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य, लोकसभा के पूर्व अपर सचिव देवेंद्र सिंह ओसवाल, आईआईपीए के सुरेंद्र लाल त्रिपाठी, पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के चक्षु राय और लोकसभा की उपसचिव मिरांडा इंदुगम के अलावा झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव मिथिलेश मिश्र और मधुकर भारद्वाज ने अपने व्याख्यान दिए। कार्यशाला के अंतिम दिन सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय, चक्षु राय ने विधि निर्माण की प्रक्रिया के पुनर्स्थापन और मिरांडा इंदुगम ने संसदीय विशेषाधिकार पर चर्चा की। मिथिलेश मिश्र ने सदन की समिति की व्यवस्था से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। कार्यशाला के अनुभव को साझा करते हुए उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव सुनील सिंह ने कहा कि मनुष्य के लिए हर दिन कुछ नया सीखने को होता है। किसी को अगर भ्रम है कि वह सब कुछ जानता है, तो ये गलत है। इस शिविर में आकर उन्हें कई नयी जानकारियां मिलीं। इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है, जिसके लिए वे आभार प्रकट करते हैं।

स्वास्थ्य विभाग के उपसचिव ध्रुव प्रसाद ने कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। कई वक्ताओं ने अंग्रेजी में अपने व्याख्यान दिये। अगर वे हिंदी में देते, तो ज्यादा उपयोगी होता।

## टेंडर मामले में हरीश गिरफ्तार

**ईडी ने जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल को 17 जुलाई को बुलाया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टेंडर कमीशन मामले ईडी ने निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को बुधवार गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर ईडी ने जमीन घोटाले मामले में न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल को समन भेजकर 17 जुलाई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

**पूर्व में वीरेंद्र राम के तीन सहयोगी को किया था गिरफ्तार :** टेंडर कमिशन मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को ईडी ने बीते 24 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम तारा चंद, नीरज




मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे।वीरेंद्र राम की काली कमाई खपाने में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। ये तीनों ने उसकी काली कमाई खपाने में उसका सहयोग करते थे। नीरज मित्तल तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से वीरेंद्र राम के काले धन को चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के कर्मियों व रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर करता था। राम प्रकाश भाटिया फर्जी बिल बनाने से लेकर ब्लैक मनी को खातों में जमा कराने तक में शामिल था।

**जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल से होगी पूछताछ :** जमीन घोटाले मामले में ईडी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि झारखंड में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ व चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने बीते 22 जून को विष्णु अग्रवाल से नौ घंटे तक पूछताछ की थी। विष्णु अग्रवाल सुबह करीब 10.50 में ईडी कार्यालय गए थे। इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल टीम भी आई थी। ईडी ने उनसे रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन व प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा फजीर्वाड़ा करने में सहयोग करने वालों के बारे में भी जानकारी ली थी।

# मेदांता अस्पताल में मरीज का हुआ सफल बाईपास सर्जरी




नवीन मेल संवाददाता। रांची मेदांता अस्पताल रांची में 49 वर्ष के एक मरीज का सफल जटिल बाईपास सर्जरी किया गया। मरीज को 6 दिन के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मरीज अभी स्वस्थ है और सामान्य जीवन गुजार रहा है। मरीज के बारे में पूछे जाने पर मेदांता अस्पताल रांची के हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉ. बालामुरली श्रीनिवासन ने कहा कि 49 वर्षीय मरीज के रिश्तेदारों से पूछने पर उन्होंने बताया कि पहले दो से तीन अस्पतालों में जटिल ग्राफ्टिंग की समस्या के कारण इलाज करने से इंकार करने के पश्चात मरीज को मेदांता अस्पताल रांची लाया गया । यहां से सफल इलाज के बाद मरीज सामान्य दिनों की तरह जीवन यापन कर रहा है। डॉ. बालामुरली श्रीनिवासन एसोसिएट डायरेक्टर कार्डियक सर्जरी ने कहा कि सर्जरी बहुत जटिल था लेकिन मेदांता रांची के हार्ट टीम अप्रोच से इसे सरल तरीके से सफल किया गया। सबसे पहले कार्डियक सर्जरी की टीम ने कोरोनरी धमनी की तीन जटिल बाईपास सर्जरी की। डॉ. बालामुरली श्रीनिवासन ने कहा कि कोरोनरी धमनी की जटिल बाईपास सर्जरी (सीएबीजी) (जिसे सामान्य तौर पर बाईपास सर्जरी कहा जाता है) दिल की धमनियों में रुकावटों को बायपास करने के लिए किया जाता है। शरीर के अन्य अंगों की तरह हृदय को भी निर्बाध रक्त की आपूर्ति की आवश्यकता होती है। यह बाएं और दाएं कोरोनरी धमनियों द्वारा आपूर्ति की जाती है। धमनियां वसा के जमाव से संकुचित हो जाती है और कोरोनरी हृदय रोग विकसित हो जाता है। कोरोनरी हृदय रोग के विकास की संभावना उम्र के साथ बढ़ती है, खासकर अगर एक या अधिक जोखिम कारक मौजूद हों जैसे झ अधिक वजन, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, धूम्रपान की आदत, उच्च कोलेस्ट्रॉल स्तर या पारिवारिक इतिहास। छाती के दर्द को खत्म करने, जीवन की गुणवत्ता में सुधार और बीमारी से मृत्यु के जोखिम को कम करने के लिए शल्यचिकित्सा की जाती है।जबकि कोरोनरी एंजियोग्राम (विशेष डाई इंजेक्शन और दिल की धमनियों की इमेजिंग) कोरोनरी हृदय रोग का निदान करने के लिए अनिवार्य है, इसकी सारी महत्वपूर्ण जानकारी ईसीजी तथा इको से मिलती है। डॉ. बाला मुरली श्रीनिवासन ने कहा कि सीएबीजी दुनिया भर में किए जाने वाले सबसे आम ऑपरेशनों में से एक है।

## शिक्षक पाठ योजना तैयार कर बच्चों को दें शिक्षा : डीईओ

**रांची।** जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) डा। दुर्गानंद झा ने बुधवार को पब्लिक उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति नियमित करने को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक गुलाम जिलानी को निर्देश दिया। साथ ही पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए सभी शिक्षकों को पाठ योजना बनाने व उसके माध्यम से कक्षा संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानाध्यापक से विद्यालय के पोषक क्षेत्र में बैनर के माध्यम से नामांकन अभियान का प्रचार-प्रसार करने, शिक्षकों के साथ सप्ताहिक बैठक कर बच्चों के गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने, कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने, कंप्यूटर इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) का संचालन अपने देखरेख में करने का निर्देश दिया।

## किशोरावस्था की समस्याएं व चुनौतियों पर कार्यशाला

**रांची।** किशोरावस्था (11-18 वर्ष) जीवन की एक ऐसी अवधि है जिसमें महत्वपूर्ण शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक परिवर्तन होते हैं। यह समय शैक्षणिक दबाव से लेकर सामाजिक चिंता तक, बदलते रिश्तों से लेकर मूड में बदलाव तक कई किशोर-किशोरियों के लिए यह समय और अधिक चुनौतियाँ पैदा करता है क्योंकि वे अपनी बदलती भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को निभाना होता है। इस संदर्भ में किशोरावस्था की समस्या, समस्या की प्रकृति एवं चुनौतियों को समझने एवं उनका शैक्षिणिक रूप से निदान करने के उद्देश्य से उइरए उडए पटना के तत्वावधान में कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (उइढ) के अंतर्गत जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में दो दिवसीय ऑफ हाउस कार्यशाला का आयोजन किया किया ।

# हेमंत सरकार में दलित आदिवासी पर हो रहा चौतरफा प्रहार : समरी लाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक समरी लाल ने कहा कि हेमंत सरकार में दलित आदिवासी समाज लगातार प्रताड़ित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दलित आदिवासी को सुरक्षा मुहैया कराने,सम्मान की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। आए दिन राज्य में घटने वाली घटनाएं इस बात का पुख्ता प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि कल जिस प्रकार से धनबाद के संत जेवियर स्कूल की दलित छात्रा उषा बाउरी ने स्कूल के खिलाफ आरोप लगाकर आत्म हत्या किया इससे स्पष्ट है कि दलित आदिवासी समाज की सेवा के नाम पर ढोंग करने वाली संस्थाओं का असली चेहरा क्या है? समरीलाल ने कहा कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति और व्यवहार के कारण सांप्रदायिक ताकतों का मनोबल ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति परंपरा में बिंदी महिलाओं,बहन बेटियों की शोभा है।आज पाश्चात्य प्रभाव में लोगों को परंपरा से काटने की कोशिश की जा रही।और ऐसे में अगर कोई लड़की बिंदी लगाकर विद्यालय चली गई तो फिर कौन सा बड़ा अपराध कर दिया जिसके लिए उसे सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित दंडित किया जाए। कहा कि दलित समाज भावना प्रधान समाज है।भारत के संविधान ने समाज को मजबूत सुरक्षा कवच दिया है लेकिन आज भी वैसी संस्थाएं जो सांप्रदायिक सोच के तहत सेवा ,शिक्षा का धंधा चलाते हैं।और हेमंत सरकार ऐसी संस्थाओं के सोच को ताकत और संरक्षण प्रदान कर रही है। कहा कि पिछले दिनों अनेक दलित विरोधी घटनाएं घटी जिसपर राज्य सरकार की कारवाई निराशाजनक रही।पलामू में दलित मुसहर समाज को उनके घरों से बेदखल कर दिया गया।दबंगों ने वर्षों से बसे मुसहर परिवार को मदरसा की जमीन के नाम पर उजाड़ दिया। हेमंत सरकार तुष्टिकरण के कारण केवल लीपापोती करती रही। उन्होंने कहा कि जामताड़ा में भी दलितों की जमीन पर समुदाय विशेष के द्वारा कब्जा कर लिया गया। सिमडेगा में दलित नवयुवक संजू प्रधान की मॉब लिंचिंग में जलाकर मार डाला गया। धनबाद में ही पिछले दिनों बाल्मिकी समाज के युवक को जबरदस्ती गंदे नाले में सफाई केलिए उतारा गया जबकि नाले की मशीन से सफाई का प्रावधान है। इस में सफाईकर्मी युवक की मौत हो गई।

# वज्रपात से बचाव व इलाज को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ाॅनसून के आते ही वज्रपात की घटनाओं में इजाफा हो जाता है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण मानव के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। कई बार लोगों को जान भी गंवानी पड़ती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने राज्य के सभी जिले के सिविल सर्जन को बचाव और रोकथाम को लेकर दिशा-निर्देश दिये हैं। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आकाशीय बिजली/वज्रपात आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे निपटने के लिए जन समुदाय को जागरूक करने के लिए आवश्यक तैयारी करना महत्वपूर्ण है। ऐसे में अस्पतालों को इमरजेंसी में इलाज की व्यवस्था के लिए विशेष कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया है। वहीं मेडिकल स्टाफ और जरूरी सुविधा की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सभी जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित करने को कहा है।

# छात्रा के सुसाइट मामले में झापेए के अध्यक्ष ने जांच की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष काजल यादव एवं सदस्य उज्जवल तिवारी को पत्र प्रेषित कर इस घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एक जांच कमेटी बनाकर इस मामले की जांच की मांग की है तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अपने ईमेल के माध्यम से भेजे गए पत्र में अजय राय ने कहा कि पूरे मामले की लीपापोती की जा रही है जिस पर जांच होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि शिक्षिका से अपमानित होने के बाद धनबाद संत जेवियर्स स्कूल तेतुलमारी की दसवीं की छात्रा उषा कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की हृदय विदारक घटना ने सभी लोगों को झकझोर कर रख दिया है। झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से इस घटना पर गंभीरतापूर्वक कड़ा कदम उठाते हुए तथा कठोर कार्रवाई करते हुए संत जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल आर.के. सिंह एवं शिक्षिका सिंधु को अविलंब गिरफ्तार करते हुए कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे निजी स्कूलों की तानाशाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 10वीं की छात्रा उषा कुमारी माथे पर छोटे से बिंदी लगाकर असेंबली में उपस्थित हुई थी। जिसे देखकर शिक्षिका सिंधु भड़क गई और उन्होंने सभी छात्रों के बीच उषा कुमारी को थप्पड़ से मारते हुए कैंपस से बाहर निकाल दी। उसकी मां द्वारा शिकायत करने पर प्रिंसिपल ने उसे टीसी देकर स्कूल से निष्कासित कर दिया। जिससे आहत होकर छात्रा उषा कुमारी ने भविष्य को अंधकारमय एवं भरी असेंबली में शिक्षिका द्वारा बेज्जती सहन ना कर पाई एवं आत्महत्या कर ली। मृतका छात्रा ने शिक्षिका के खिलाफ एक सुसाइड नोट भी छोड़ गई है। इस हृदय विदारक घटना से पूरे झारखंड के अभिभावकगण आहत एवं मर्माहत है। तथा सरकार से इस घटना की न्यायिक जांच कराते हुए स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षिका खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

**तस्कर** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई

# अवैध मादक पदार्थ हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ साहिबगंज**

जिले की राधानगर थाना की पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक को युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की है। एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने बताया कि बुधवार सुबह सूचना मिली थी कोई व्यक्ति हेरोइन की बिक्री के लिए राधानगर हाई स्कूल के पास आ रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस बल पहले से उक्त स्थान पर तैनात थी। तस्कर के पहुंचते ही पुलिस ने उसे धरकर दबोचा।

**एसडीपीओ ने क्या बताया:** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप उरांव ने बताया कि राधानगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक पश्चिम बंगाल के कालियाचक से अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। यहां पर उसकी बिक्री करने की फिराक में है। युवक साहिबगंज स्थित राधानगर के उत्तर पालाशगाछी लोकमान टोला का आलम शेख है।सूचना के आधार पर राधानगर थाना पुलिस ने टीम गठित कर राधानगर हाई स्कूल के पास वाहन जांच शुरू कर दी। वाहन जांच अभियान को देखकर टोटो में सवार युवक पुलिस को देख भागने लगा। जिसके बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस की टीम ने उसे खदेड़ कर धर दबोचा। इसके साथ ही उसके पास से लगभग 8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन भी जब्त कर लिया। इसके अलावा उसके पास से एक मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किया है। आरोपी को भेजा गया जेलः एसडीपीओ ने बताया कि राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार के बयान पर थाना कांड संख्या 89/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। आरोपी आलम शेख को जेल भेजा दिया गया है। राधानगर पुलिस ने आलम शेख के पास सफेद प्लास्टिक में जब्त हेरोइन की कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई जा रही है। गौरतलब है कि जिले का उधवा प्रखंड मोबाइल चोरी, लाकर चोरी, मोटरसाइकिल चोरी, बांगलादेशी घुसपैठ सहित अन्य मामले में हमेशा चर्चा में रहा है।

## एनएच के किनारे पौधरोपण अभियान का किया आयोजन

**रांची।** आजादी का महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान चलाया गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी के निर्देशानुसार आज पूरे देश में सभी एनएच के किनारे पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसकी शुरूआत नितिन गड़करी ने तिरूपति से की। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पीआईयू एनएच रांची ने गुरुवार को प्लांटेशन एजेंसी पैट्सी के साथ मिलकर एनएच-33 के किनारे (झाबरी गांव) में 1000 हजार पौधे लगाये। इस अवसर पर विजय कुमार,परियोजना निदेशक, एनएचएआई, रांची ने पौधारोपण की शुरूआत की साथ ही उपस्थित लोगों को वृक्षारोपण का महत्व समझाया। इस अवसर पर पैट्सी के सचिव अर्चित आनंद ने भी पौधा लगाया और बताया की वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना बेमानी है। बताते चलें कि एनएचएआई द्वारा पूरे देश में वृहद् पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पैट्सी को भी एनएच-33 के पैकेज-2 में सड़क के दोनों तरफ और बीच में करीब 69000 पौधे लगाने और उसकी देखभाल का जिम्मा दिया गया है।

## एनआईए जांच की मांग पर हाईकोर्ट में हुई बहस

**रांची।** पिछले साल 10 जून 2022 को रांची के मेनरोड में हुई हिंसा मामले की एनआईए से जांच की मांग वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र और न्यायाधीश आनंद सेन की अदालत में सुनवाई हुई। सरकार की तरफ से पक्ष रखते हुए अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि हिंसा कांड की जांच सीआईडी कर रही है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, सिमडेगा**
Email – dairydevelopmentsimdega@gmail.com

**–ःआवश्यक सूचनाः–**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीणकृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा **दिनांक–30.07.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक** संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहितविहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न करजिला गव्य विकास कार्यालय, सिमडेगा में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

-: 02 गाय की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए |
| प्रथम चरण (01 गाय) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीयचरण (01 गाय) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

-: 05 गाय की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान–सह–बैंक ऋण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (03 गाय) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीयचरण (02 गाय) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

-: 10 गाय की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान–सह–बैंक ऋण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (05 गाय) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीयचरण (05 गाय) | | 2,50,875/- | 1,70,375/- | 83,625/- | 1,70,375/- |

–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

**अहर्त्ता** :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

**–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

**अहर्त्ता** :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

**–: तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण :–**

| सामग्रियों का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| संतुलित पशुआहार | 24 रू०प्रति किलोग्राम | 21.6 | 18 | 2.4 | 6 |
| एरिया स्पेसिफिक मिनरल/अच्छे विषिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर | 120 रू० प्रति किलोग्राम | 108 | 90 | 12 | 30 |
| शीतवर्द्धक सप्लीमेण्ट | 60 रू० प्रति किलोग्राम | 54 | 45 | 6 | 15 |

**अहर्त्ता** :–तकनीकी इनपुट सामग्री अन्तर्गत पशुआहार/मिनरल मिक्सचर/फीड सप्लीमेण्ट का लाभ लेने हेतु वैसे दुग्ध उत्पादक जिनके पास अधिकतम 10 अथवा उससे कम दुधारू पशु उपलब्ध हो।

**नियम एवं शर्तें :–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, सिमडेगा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टांस्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समुह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000/– अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय कीयोजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। पूर्व से मनरेगा अन्तर्गत निर्मित शेड के संबंध में लाभुक के सहमति पत्र के साथ संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विस्तृत सूची जिला पशुपालन पदाधिकारी/जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय द्वारा निबंधित/सूचीबद्ध विक्रेताओं से किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा/पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (02/05/10 गाय) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त हीं लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त होगी।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **ग्राम प्रधान/मुखियाका हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, सिमडेगा से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकरनिःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्तकर सकते हैं।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 302202 Animal Husbandry(23-24)#D

### करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी कूड़ा उठाव में हो रही है परेशानी

# वाहनों के डीजल में प्रतिमाह खर्च होता है 90 लाख रुपये



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर की सफाई व्यवस्था पर प्रतिमाह चार करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। इसमें से एक करोड़ की राशि 2400 कर्मचारियों के वेतन पर खर्च हो जाती है। इसके अलावा 300 से अधिक वाहनों के सफाई कार्य में लगे होने के कारण हर महीने 90 लाख रुपये डीजल पर खर्च हो जाते हैं। वहीं बाकी बचे रुपये वाहनों के मेंटीनेंस, ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव व मक्खी-मच्छरों के लिए चलाये जा रहे अभियान में खर्च होते हैं। इसके बाद भी डोर-टू-डोर कचरा उठाने में दिक्कत हो रही है। नगर निगम कचरा प्रबंधन में हो रही दिक्कत और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पिछले कुछ सालों में तीन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। पिछले साल अप्रैल माह में सीडीसी कंपनी को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद निगम स्वंय कचरे के प्रबंधन का काम कर रहा है। लेकिन धरातल पर हालात देख कर यही लगता है कि निगम के हाथ से स्थिति निकल गयी है। लोगों के घरों से कचरा नहीं उठने की शिकायत कर रहे हैं। इधर नगर निगम नई कंपनी की तलाश में जुट गया है। इसके लिए जब पहली बार टेंडर निकाला गया, तब सिर्फ एक कंपनी शामिल हुई थी। अब फिर कंपनी की तलाश जारी है। अधिकारियों की मानें तो अगस्त के पहले सप्ताह तक कंपनी का चयन कर लिया जायेगा।

**1 साल से नगर निगम को कंपनी की तलाश :** कचरा न उठने की लगातार शिकायतें मिलने के बाद नगर निगम कंपनी के चयन के लिए टेंडर निकाला है। लेकिन निगम को 1 साल बाद भी कंपनी नहीं मिल पा रही है। निगम के उप प्रशासक रजनीश कुमार ने बताया कि हम कंपनी की तलाश कर रहे हैं। कंपनी के अनुमोदन के लिए हम विभाग को पत्र लिख रहे हैं, फिर यह कैबिनेट में जायेगा। ज्यादा से ज्यादा 15 दिनों का और समय लगेगा। उम्मीद है कि प्रक्रिया अगस्त के पहले सप्ताह तक पूरी हो जाएगी।

### रांची में युवक ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट बरामद

**रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपतनगर में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक ने खुदकुशी कर ली। मृत युवक की शिनाख्त सपन कुमार राउत (31) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें बच्ची की बीमारी का जिक्र है। पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने कमरे में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली है। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें मृतक की बच्ची के बीमारी के बारे में जिक्र है। उसकी बच्ची बोल नहीं सकती थी। उसका इलाज करवा रहे थे लेकिन वह ठीक नहीं हो रही थी। जिससे वह काफी परेशान रहता था। इसी को लेकर राउत ने खुदकुशी कर ली। वह टेक्निशियन का कार्य करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

# छात्रा की हत्या मामले को लेकर बीजेपी ने सरकार पर साधा निशाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तेतुलमारी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। जिसमें एक छात्रा ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि स्कूल में उसे टीचर ने सबसे सामने थप्पड़ मारा था। कहा जा रहा है कि छात्रा बिंदी लगाकर स्कूल गई थी जिसके कारण टीचर ने उसे सबसे सामने ना सिर्फ डांटा था बल्कि थप्पड़ भी मारा था। अब ये घटना राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। इस मामले में बीजेपी ने हेमंत सोरेन सरकार को घेरने की कोशिश की है। तेतुलमारी थाना इलाके में छात्रा के आहत होकर आत्महत्या करने के बाद मंगलवार को छात्रा के परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा किया था। इसके साथ ही उन्होंने आरोपी टीचर और प्रिंसिपल को गिरफ्तार करने की मांगी की थी। इस मामले ने अब राजनीति रूप धारण कर लिया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस पर लिखा 'धनबाद के सेंट जेवियर्स स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा की आत्महत्या की खबर सुनकर मर्माहत हूं। छात्रा के सुसाइड नोट में यह खुलासा हुआ है कि छात्रा बिंदी लगाकर स्कूल गई थी, इस कारण एक शिक्षिका ने उसे पीटा और अपमानित किया। इससे आहत छात्रा ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में मुख्यमंत्री स्कूल पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। क्योंकि इस तरह का मामला बहुत ही निंदनीय है। जब तक उस शिक्षिका और प्राचार्य पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी तो इस तरह का मामला और भी हो सकता है। इस पर कड़ी सजा मिलेग ताकि आगे किसी को भी हिम्मत न करें।


## रॉन्ग ड्राइविंग से बना मौत का हाईवे, 6 माह में 252 हादसे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है पर जल्दीबाजी के चक्कर में शॉर्टकर्ट लेकर रॉन्ग साइड में वाहन दौड़ाना जानलेवा साबित हो रहा है। पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो 6 माह में रांची में 5 हाईवे, ओरमांझी, नामकुम, तमाड़, बेड़ो और इटकी में 252 हादसे हुए हैं। इनमें 51 लोगों ने जान गंवाई है। इनमें से 65 फीसदी हादसे रॉन्ग साइड ड्राइविंग की वजह से हुई। हिन्दुस्तान ने मंगलवार को गाजियाबाद में रॉन्ग साइड से आती स्कूली बस से हुए हादसे में 6 लोगों की मौत के बाद रांची में 6 राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की प्रमुख सड़कों की पड़ताल की। बूटी मोड़ से ओरमांझी मार्ग के बीच नेवरी चौराहे पर वाहन चालक बेधड़क नियमों का उल्लंघन करते दिखे। गेतलसूद जाने के लिए लोग दूसरे मार्ग पर उलटी दिशा में गाड़ी भगाते रहे। वहीं, सबसे अधिक दुर्घटना वाले मार्ग कांटाटोली से नामकुम के बीच भी वाहन चालक जान जोखिम में डाल रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने से गुरेज करते नजर नहीं आए। गौरतलब है कि रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर जुमार्ना ट्रैफिक पुलिस नहीं, बल्कि कोर्ट तय करता है। ट्रैफिक पुलिस चालक-गाड़ी पकड़ मामले को अभियोजन के लिए कोर्ट भेजेगी पर इसके बाद भी लोगो में कोई डर नहीं दिखा। ट्रैफिक विभगा के आंकड़ों के अनुसार हाईवे पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं रॉन्ग साइड ड्राइविंग से होती है। हारी पड़ाल में यह भी साफ दिखा। चालक कुछ किमी आगे जाकर यूटर्न लेने की बजाय रॉन्ग साइड ड्राइनिंग करते रहे। कई बार यह जानलेवा होते-होते बची लेकिन पुलिस खामोशी से देखती रही। आसपास के लोगों ने बताया कि पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से भी रॉन्ग साइड ड्राइविंग सहित अन्य नियम बेखौफ तोड़े जा रहे हैं।

### रांची के धुर्वा थाने में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

# लाखों का सामान जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुधवार को रांची के धुर्वा थाने में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से थाने में हड़कंप मच गया। इस आग की घटना में पुलिसकर्मियों का बैरक जलकर राख हो गया है। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पुलिसवालों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। बुधवार को रांची के धुर्वा थाने में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पुलिस बैरक में अचानक आग की लपटें उठने लगी। इससे पहले कि पुलिसवाले कुछ समझ पाते आग की लपटें पूरे बैरक में फैल गईं। देखते ही देखते पुलिसकर्मियों के बिस्तर और फर्नीचर सहित दूसरे सामान जलकर राख हो गए। बैरक में रात्रि ड्यूटी से लौटकर आए कुछ पुलिसकर्मी आराम कर रहे थे, आग की तपिश लगते ही उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। धुर्वा थाने में पदस्थापित पुलिसकर्मियों ने बताया कि इस आग से पूरा बैरक ही बर्बाद हो गया है, यहां तक कि खाने पीने की चीजें भी जल गईं हैं।

**दमकल ने आग पर काबू पाया:** आग लगने की सूचना तुरंत पुलिसकर्मियों के द्वारा अग्निशमन विभाग को दी गई थी। जिसके बाद आनन-फानन में दमकल के दो वाहन धुर्वा थाने पहुंचे और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चूकी बैरक के चारों तरफ आग फैल चुका था, इसलिए दमकल कर्मियों को भी आग को बुझाने में काफी मेहनत करनी पड़ी।

**अपना समान बचाने के लिए व्याकुल रहे पुलिसकर्मी :** धुर्वा थाने के बैरक में 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी रहते हैं। बैरक में ही पुलिसकर्मियों के खाने-पीने के समान से लेकर पहनने वाले कपड़े और दूसरे तरह के सामान रखे हुए थे, वह सभी सामान जलकर राख हो गए। हालांकि पुलिसकर्मियों ने किसी तरह बैरक में रखे कुछ सामान को बाहर निकाल कर उसे बचाने की जुगत में लगे हुए थे, लेकिन अधिकांश उसमें नाकामयाब हुए। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड की टीम सही समय पर पहुंच गई वरना आग की लपटे थाने तक पहुंची जाती।

**शॉर्ट सर्किट से लगी थी आग:** राजधानी रांची का धुर्वा थाना बिल्डिंग काफी पुरानी है, उसके ठीक बगल में ही बैरक का निर्माण वर्षों पहले किया गया था। बैरक में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। पुलिसकर्मियों के अनुसार बैरक में बिजली के तार जैसे तैसे लटके हुए हैं। उसी में स्पार्क की वजह से आग लगी। हालांकि कुछ पुलिसकर्मियों का यह भी कहना है कि जब्त किए गए कुछ डीजल और किरोसिन भी बैरक में ही रखे गए थे।

### निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी



**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर आज बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 23 अगस्त तक बढ़ा दी। सांसद निशिकांत दुबे ने सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। इस याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा।अब अदालत को इस मामले में 23 अगस्त को सुनवाई करेगा। बता दें कि साल 2023 के अप्रैल माह में भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया। जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

### जमीन विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी को लेकर हुआ मामला दर्ज

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में दो लोगों के बीच मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एक पक्ष से मोहम्मद वसीम रजा ने जमीन हड़पने और जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में वसीम ने बताया है कि बड़गाई मौजा के खाता संख्या 54 प्लॉट संख्या 1089 का 6.74 डिसमिल जमीन उनका है लेकिन जमीन हड़पने के लिए अनसुल अंसारी बार-बार मारपीट और जान मारने की धमकी देता है। इसके अलावा नौ लोगों के खिलाफ मारपीट, जबरन जमीन पर कब्जा करने की नीयत से जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कराने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष से अनसुल अंसारी ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने का प्रयास करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### एक सौ श्मशान घाटों के सौंदर्यीकरण का लक्ष्य : संजय सेठ

रांची। सांसद संजय सेठ ने कहा कि अपने पहले कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र के एक सौ श्मशान घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। सेठ बुधवार को वार्ड संख्या 34 स्थित हेहल में सीसीएल के सहयोग से लगभग 46 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे श्मशान घाट निर्माण कार्य के शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने रांची लोकसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार के सहयोग से लगभग 1000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गेल इंडिया के सहयोग से कचरा निस्तारण के लिए प्लांट लगाया जा रहा है, जो अगले वर्ष से काम करना शुरू कर देगा। सेठ ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्थानीय लोगों के बीच पम्फलेट का भी वितरण किया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया । कार्यक्रम में पूर्व पार्षद विनोद सिंह, डॉक्टर भीम प्रभाकर और शशांक शेखर ने भी विचार रखे। इस मौके पर बिंदेश्वर वेग, मंटू केसरी, अजीत भगत, सोनू श्रीवास्तव, संतोष सिंह आलोक सिंह परमार, सतीश चौधरी, प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बीएयू ने मूंग की 26 उन्नत किस्मों के बीज का परीक्षण शुरू

# कम अवधि वाले फसलों को मिलेगी प्राथमिकता : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कुलपति डॉ. ओएन सिंह की पहल पर आईसीएआर की राष्ट्रीय संस्थान भारतीय दलहन अनुसंधान निदेशालय, कानपुर ने बीएयू को देश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए विकसित मूंग की कुल 26 उन्नत किस्मों के बीज को उपलब्ध कराया है। वर्त्तमान खरीफ मौसम में सभी उन्नत किस्मों का मल्टीलोकेशनल ट्रायल (एमएलटी) के माध्यम से बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन कार्यरत तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, दारीसाई (पूर्वी सिंहभूम), चियांकी (पलामू) एवं दुमका तथा विवि मुख्यालय में परीक्षण शुरू किया गया है। बीएयू के आईसीएआर-एआईसीआरपी खरीफ दलहन परियोजना के अधीन सोमवार को क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, दारीसाई (पूर्वी सिंहभूम) के शोध फार्म में एमएलटी के तहत मूंग की सभी 26 उन्नत किस्मों को बोवाई की गयी। परियोजना अन्वेंषक डॉ. सीएस महतो ने बताया कि परीक्षण में बीएयू द्वारा विकसित दो स्थानीय किस्मों आरएमबी 15-1 एवं आरएमबी 15-8 को शामिल किया गया है। अगले दो-तीन दिनों में अन्य शोध फार्म में बोवाई का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। रांची, बोकारो, गुमला, पलामू एवं गढ़वा में मूंग की खेती की जाती है। इसके माध्यम से झारखण्ड राज्य के विभिन्न कृषि पारिस्थितिकी के अनुकूल एवं उपयुक्त किस्मों के प्रदर्शन का आकलन किया जायेगा। इसमें फसल अवधि, उपज क्षमता, फसल गुणवत्ता, रोग एवं कीट के प्रकोप पर विशेष ध्यान होगा। फसल प्रदर्शन के आधार पर राज्य के उपयुक्त दो-तीन उन्नत किस्मों को अनुशंसित की जाएगी। वर्त्तमान खरीफ मौसम में खरीफ दलहन परियोजना के अधीन उरद फसल की कुल 27 किस्मों का विवि मुख्यालय में कोऑर्डिनेटेड ट्रायल के माध्यम से परीक्षण किया जायेगा। कुलपति डॉ. ओएन सिंह ने बताया कि बदलते मौसम परिवर्त्तन में बीएयू द्वारा कम अवधि वाली फसलों के अनुसंधान को प्राथमिकता दी जा रही है। में करीब 65-68 दिनों की अवधि वाली दलहनी फसल मूंग की खेती का राज्य के ऊपरी (टांड़ -1) भूमि में काफी संभावना है। राज्य में प्रचलित वर्षा आधारित खेती, विषम मौसम की परिस्थिति एवं वषार्पात की असमानता को देखते हुए कृषि विविधिकरण पर जोर दिया जाना जरुरी है।

### राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस का मौन सत्याग्रह

# केंद्र सरकार पर जमकर बोला हमला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राहुल गांधी के समर्थन में झारखंड कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता बुधवार को रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में मौन सत्याग्रह पर बैठे। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं पर सुनियोजित साजिश और षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी के खिलाफ अदालतों में मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया। यहां, राजेश ठाकुर का इशारा मोदी सरनेम मामले में देश के अलग-अलग राज्यों में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमों की ओर था। दरअसल, हाल ही में मोदी सरनेम केस में फौरी राहत देने की राहुल गांधी की याचिका गुजरात हाईकोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन जारी है। पिछले दिनों झारखंड कांग्रेस ने अध्यक्ष राजेश ठाकुर और 4 कैबिनेट मंत्रियों की अगुवाई में अल्बर्ट एक्का चौक तक मार्च किया था। केंद्र और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए थे। मोरहाबादी के बापू वाटिका में मौन सत्याग्रह पर बैठे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मौजूदा समय में राहुल गांधी, केंद्र सरकार की नाकामियों के खिलाफ पूरे देश की आवाज बन गए हैं। बीजेपी और केंद्र सरकार उनकी आवाज को कुंद करने की जुगत में लगी है। उन्होंने कहा कि सुनियोजित साजिश और षड्यंत्र के तहत बीजेपी के कार्यकर्ता मेहुल चौकसी, नीरव मौदी और ललित मोदी जैसे लोगों का तथाकथित रिश्तेदार बनकर अदालतों में राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमें दायर कर रहे हैं।

### रांची के कारोबारी से टीपीसी के नाम पर 50 लाख की रंगदारी की मांग, फोन कर दी धमकी




**रांची।** राजधानी रांची के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर से विभिन्न उग्रवादी संगठनों के नाम पर रंगदारी मांगे जाने के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला रांची के रातू थाना क्षेत्र का है यहां एक जमीन कारोबारी से उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले जमीन कारोबारी कमरुल हक से उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये लेवी की मांग की गई है। रंगदारी नहीं मिलने परकमरुल हक को जान से मार देने की धमकी भी दी गई है। कमरुल हक ने रांची के रातू थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में जमीन कारोबारी ने बताया है कि उनके मोबाइल पर आलोक जी नाम के एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को तृतीय प्रस्तुति कमेटी ( टीपीसी) कमांडर बताकर संगठन के संचालन के लिए पैसे की मांग की। तथाकथित कमांडर आलोक जी ने कमरुल हक को जल्द से जल्द 50 लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा है। जमीन कारोबारी ने रहा तो पुलिस को जिस नंबर से फोन आया था उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई है ।तीन पर दर्ज करवाया एफआईआर: जमीन कारोबारी कमरुल हक ने रंगदारी मामले में 3 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई है। रातू थाने में दिए गए आवेदन में आलोक जी खलारी थाना क्षेत्र के रहने वाले इम्तियाज और वसीम खान पर भी प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 4 फरवरी को भी जमीन कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी गई थी, उस दौरान भी जमीन कारोबारी के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।

### कानून व्यवस्था की स्थिति पर उबले सांसद चंद्रप्रकाश



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र स्थित मायरा नामाटांड दुमा गांव के रहने वाले शंकर दे की हत्या की कड़ी निंदा की है। आरएसएस से जुड़े शंकर दे ग्राम रक्षा दल के सदस्य, धनबाद जिला वनवासी कल्याण केन्द्र के जिला कार्य प्रमुख थे। शंकर दे की बीती रात शहरपुरा जाने के दौरान दुमा कब्रिस्तान के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुका है। यहां किसी का जान और माल सुरक्षित नहीं है।

### उपलब्धि रांची-पटना के बीच किराए में नहीं होगी कटौती

# हावड़ा के लिए भी दौड़ाने की हो रही है तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंडवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। साथ ही एक तकलीफ देने वाली भी खबर है। अच्छी खबर यह है कि बहुत जल्द रांची से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन दौड़ने वाली है। लेकिन रांची से पटना के बीच चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस के किराए में किसी तरह की कटौती नहीं होने जा रही है। चेयर कार से रांची से पटना जाने के लिए पूर्व निर्धारित 1,175 और एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 2,110 रु। देने होंगे। वहीं पटना से रांची के लिए चेयर कार का भाड़ा 1,025 और एग्जीक्यूटिव क्लास का भाड़ा 1,930 रु। लगेगा। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने इसकी वजह भी बताई है। उन्होंने ईटीवी भारत को बताया कि रांची से पटना के बीच चल रही वंदे भारत ट्रेन की ओक्यूपेंसी (रिजर्व सीट की संख्या) का औसत 80 प्रतिशत से ज्यादा है। रेलवे बोर्ड सिर्फ वैसी ट्रेनों के किराए में कटौती को लेकर मंथन कर रहा है, जिन ट्रेनों में 50 प्रतिशत से ज्यादा सीटें खाली रह जाती हैं ।रही बात अच्छी खबर की तो ना सिर्फ रांची से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन दौड़ाने की तैयारी चल रही है बल्कि हटिया से सैंकी के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को विस्तारित करते हुए बरकाकाना तक ले जाने की तैयारी की जा रही है। ईटीवी भारत को मिली जानकारी के मुताबिक दोनों ट्रेन के संचालन, टाइमिंग और स्टॉपेज को लेकर सिकंदराबाद में 5 जुलाई से 7 जुलाई के बीच आईआरसीटीसी की हाई लेबल मीटिंग में प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। रांची-हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन के फायदेः वंदे भारत ट्रेन के जरिए रांची से हावड़ा का सफर महज 6 घंटा 35 मिनट में पूरा होगा। अगर कोई चाहे तो एक ही दिन में रांची से हावड़ा के बीच का सफर पूरा कर लेगा। खासकर व्यवसायी वर्ग के लिए यह ट्रेन बेहद मुफीद होगी क्योंकि रांची से हावड़ा पहुंचने के बाद करीब साढ़े तीन घंटा के अंतराल पर इसी ट्रेन से वापसी संभव हो जाएगी। अभी तक के प्रस्ताव के मुताबिक प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन संख्या 20881 सुबह 5.20 बजे रांची से खुलेगी और राजाबेड़ा और प्रधानखूंटा में स्टॉपेज के बाद सीधे सुबह 11.55 बजे हावड़ा पहुंच जाएगी। इसी तरह हावड़ा से उसी दिन ट्रेन संख्या 20882 शाम को 15.30 (शाम 3.30 बजे) खुलेगी और रात 22।10 (रात 10.10 बजे) रांची पहुंच जाएगी। प्रधानखूंटा जंक्शन धनबाद रेल डिवीजन के अधीन धनबाद जिला में स्थित है। वहीं राजाबेड़ा रेलवे स्टेशन धनबाद रेल डिवीजन के अधीन बोकारो जिला में आता है। इस ट्रेन के किराए को लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं बताया गया है।हटिया-सैंकी और हटिया पैसेंजर ट्रेन का विस्तारः हटिया से सैंकी के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को बरकाकाना तक ले जाने की मांग लंबे समय से उठती रही है।

### आईपीएस वाईएस रमेश को मिला जैप 2 का अतिरिक्त प्रभार



**रांची।** जैप 1 के कमांडेंट वाईएस रमेश को अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 2 टाटीसिलवे का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसको लेकर जैप डीआईजी सुनील भास्कर द्वारा आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि जैप 2 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित इंद्रजीत महथा के डीआईजी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद से जैप 2 कमांडेंट का पद रिक्त हो गया है। जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। इसलिए वाईएस रमेश अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 2 के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वाईएस रमेश के पास पूर्व से होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग के एसपी का अतिरिक्त प्रभार ह।

NEWS इन ब्रीफ

## गोइलकेरा के रेला पारला पहाड़ी में मिला आइइडी, नष्ट किया

**चाईबासा।** गोईलकेरा थाना अंतर्गत रेला पारला के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये एक आइइडी बम बरामद किया गया. साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से उसे नष्ट कर दिया गया है. इसकी पुष्टि एसपी आशुतोष शेखर ने की. उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान जारी है. प्रतिबंधित भाकपा (माओ) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है. उक्त सूचना के आलोक में 11 जनवरी 2023 से चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203, 205, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60, 197, 157, 174, 193, 07, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

## चाकुलिया : पेड़ से टकराई बाइक, अज्ञात बाइक सवार की मौत

**जमशेदपुर।** चाकुलिया थाना क्षेत्र स्थित मुराल के पास चाकुलिया-केरुकोचा मुख्य सड़क पर एक बाइक सड़क के किनारे एक पेड़ से टकरा गई. टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक का अगला चक्का टूट कर दूर जा गिरा. अज्ञात बाइक सवार भी बाइक से गिर गया और उसकी मौत हो गई. बुधवार की सुबह सड़क के किनारे अपाची बाइक नंबर जेएच 05 सीटी 1084 पड़ी मिली और पास में ही अज्ञात युवक की लाश है. आशंका है कि यह दुर्घटना रात्रि में हुई है. गंभीर रूप से घायल युवक रात भर वहीं पड़ा रहा और उसकी मौत हो गई. दुर्घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है. सूचना पाकर चाकुलिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है. लाश का पंचनामा कर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी.

## वज्रपात की चपेट में आने से बैल मरा

**गिरिडीह।** वज्रपात की चपेट में आने से गावां प्रखंड क्षेत्र के भटगड़वा गांव में एक बैल की मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती रात गर्जन के साथ आंधी बारिश हुई थी. इस दौरान जगदीश महतो के घर के पास वज्रपात होने से घर से बाहर बांधा हुआ उसकी चपेट में आ गया. मौके पर ही बैल की मौत हो गई. जगदीश ने बताया की बैल की कीमत करीब 25 हजार रूपए थी. मानसूनी सीजन में बैल के मर जाने से खेती का कार्य बाधित हो गया है. बैल खरीदने के लिए उसके पास पैसे भी नहीं है. उन्होंने अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है.

# कोल्हान विवि के एक एकड़ जमीन पर बनेगा इनडोर स्टेडियम




**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय के परिसर में एक एकड़ जमीन पर इंडोर स्टेडियम का निर्माण होगा. पीजी विभाग के हॉस्टल के पास स्थित खाली जमीन पर इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने का प्रस्ताव सिंडिकेट ने पारित कर दिया है. जल्द ही डीपीआर तैयार कर जिला प्रशासन की ओर से बजट पारित की जाएगी. डीएमएफटी फंड के तहत इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने की स्वीकृति पारित हो गई है. लगभग दो करोड़ से अधिक रुपये खर्च होंगे इंडोर स्टेडियम बनाने में. हालांकि अभी तक अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है. कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार के प्रयास से इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा. जहां सारी सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी. इंडोर के सारे गेम एक ही जगह पर होंगे. अब कोल्हान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बाहर जाकर इंडोर गेम नहीं खेलेंगे. विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंडोर स्टेडियम में ही खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए जगह मिल जाएगी. कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. पीके पाणी ने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इंडोर स्टेडियम नहीं होने की वजह से इधर-उधर खेलने के लिए चले जाते हैं. अब कोल्हान विश्वविद्यालय का अपना स्टेडियम होगा. जहां खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी. सिंडिकेट में इंडोर स्टेडियम संबंधित प्रस्ताव को पारित कर लिया गया है. जल्द ही डीपीआर तैयार कर इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा. पीजी बॉयज हॉस्टल के पास एक एकड़ जमीन पर स्टेडियम बनेगा.

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर डीसी ने की मीटिंग

# 'सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें'

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित दौरे को लेकर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बुधवार 12 जुलाई को समाहरणालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान डीसी ने कार्यक्रम स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित परिसम्पति विवरण, उद्घाटन/शिलान्यास विध पत्र वितरण और स्टॉल से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने को कहा गया. साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित होने वाले लाभुकों को समय पर लाने के लिए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी

विधि व्यवस्था को लेकर डीसी ने डुमरी एसडीओ और डुमरी एसडीपीओ डुमरी को जरूरी निर्देश दिये. आवागमन सुगम बनाने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी को भी जरूरी कदम उठाने को कहा गया. बता दे कि 19 जुलाई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गिरिडीह जिला का दौरा संभावित है. इसे लेकर गिरिडीह के डुमरी स्थित केबी सहाय उच्च विद्यालय मैदान में कार्यक्रम निर्धारित है. मुख्यमंत्री यहां परिसंपत्ति वितरण के लिए आ रहे हैं.

## विश्व जनसंख्या दिवस पर एमटीएमसी स्वयंसेवकों ने लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) की इकाई एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर लोगों को, ह्लछोटे परिवार के मानदंडों की आवश्यकता और उनके लाभोंह्व के बारे में घर-घर जाकर जागरूक किया गया. विश्व जनसंख्या दिवस, वैश्विक जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों और परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और व्यक्तियों को शिक्षित करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है. एमटीएमसी की एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा बिरसानगर के जोन 4 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. एनएसएस स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर दौरा किया और छोटे परिवार के मानदंडों (छोटा परिवार सुखी परिवार) के बारे में जागरूकता के साथ ही परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर इसके पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में जानकारी दी. स्वंयसेवकों द्वारा लोगों को परिवार नियोजन के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई. कार्यक्रम का आयोजन डॉ सचिन कुमार पाटिल (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा किया गया था.




## आरएसएस कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत दुमा गांव में मंगलवार 11 जुलाई की देर रात आरएसएस के कार्यकर्ता एवं वनवासी कल्याण केंद्र के सदस्य सह समाजसेवी शंकर प्रसाद की कुछ लोगो ने गोली मारकर हत्या कर दी. बुधवार 12 जुलाई को अहले सुबह स्थानीय लोगों ने शव को दुमा गांव के समीप तालाब के समीप देखा. खबर मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई. सूचना पाकर बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पूर्वी टुंडी पुलिस थाना प्रभारी कृष्णा कुमार दल बल के साथ पहुंचे और जांच में जुट गए. अपराधियों ने उन्हें सामने से छह गोली मारी है. बताया जा रहा है कि टुंडी के शहरपुरा में वह ग्राम रक्षा दल संगठन बना कर काम करते थे. पिछली रात भी वह अपने घर से शहरपुरा के लिए बाइक से निकले थे. तभी दुमा कब्रिस्तान के पास अपराधियों ने उन्हें गोली मारी. घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. रात होने की वजह से किसी की नजर नहीं पड़ी और शव वहीं पड़ा रहा. सुबह होने के बाद उन्हें जानने-पहचानने वालों को जानकारी मिली. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है.

## धनबाद: छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह मोहन बाजार भाटडीह मोड़ स्थित रेलवे क्वार्टर (संख्या 292/अ ) में अशोक कुमार सिंह की 22 वर्षीय पुत्री अदिति कुमारी ने बुधवार 12 जुलाई को अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सुदामडीह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बताया जाता है कि अदिति एसएसएलएनटी की छात्रा थी. फांसी लगाने के पहले उसने पहले बायें हाथ की नस काट ली. इसके बाद दुपट्टा के सहारे पंखे से झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. पुलिस को हाथ पर ब्लेड से कटे का निशान मिला है. छात्रा के पिता ने बताया कि कल 11 जुलाई की रात लगभग 11:00 बजे एक साथ खाना खाने के बाद अदिति सोने के लिए अपने रूम में चली गई. सुबह लगभग 4.30 बजे उसे उठाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई. काफी प्रयास के बाद दरवाजा तोड़ कर देखा तो वह दुपट्टा के सहारे पंखे से झूल रही थी. इसके बाद सुदामडीह पुलिस को सूचना दी. पुलिस मृतका का मोबाइल लेकर जांच में जुट गई है. मामला प्रेम प्रसंग से भी जोड़ कर देखा जा रहा है. वह एसएसएलएनटी की छात्रा थी. ग्रेजुएशन कंप्लीट कर चुकी थी और बीएड की तैयारी कर रही थी.

## बोकारो थर्मल : सीआईएसएफ बैरक परिसर में किया गया पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित सीआईएसफ बैरक परिसर में बुधवार 12 जुलाई को यूनिट कमांडर डिप्टी कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया. डिप्टी कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी ने कहा कि वृक्ष मानव और मानव जीवन के लिए अमूल धरोहर के रूप में है. वृक्ष मानव की सारी आवश्यकताओं के साथ-साथ प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाता है. इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में पौधा लगाना चाहिए. पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक होना पड़ेगा. तभी हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण दे सकेंगे. मौके पर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार प्रसून, अनिल कुमार, उप निरीक्षक एनके चौबे, विष्णु कुमार, सीबी सिंह, कपिल भैरा, राजेश कुमार शाह, एमके तिवारी, विनोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, सुरेश यादव, केके सिंह, एके तिवारी, बच्चू सिंह, के चिन्याधुरई, राजवीर प्रधान, सीबी सिंह, एसके चौरसिया, बीके प्रसाद, केसीएस राव, प्रमोद कुमार, हैदर अली, संजीव कुमार, उज्ज्वल मंडल, कांटे कुमार, नकुल कुमार, एन सुरेश, राजू सिंह, पवन कुमार, रवि कुमार आदि उपस्थित थे.



चेतावनी | निगम ने सड़क से हटाया अतिक्रमण, दो घंटे बाद फिर सज गई दुकानें

# इनफोर्समेंट टीम का चला अभियान हुआ बेकार

**नवीन मेल संवाददाता**

धनबाद। धनबाद शहर में नगर निगम और फुटपाथ दुकानदारों के बीच इन दिनों चोर-सिपाही का खेल चल रहा है. निगम की इनफोर्समेंट टीम हर दो-चार दिन पर सड़क किनारे से फुटपाथ दुकानदारों को हटाकर वेंडिंग जोन भेजती है, लेकिन टीम के जाने के बाद फिर दुकानें सज जाती हैं. इसका नजारा 12 जुलाई को भी देखने को मिला. निगम की टीम ने बुधवार को जिला परिषद से डीआरएम चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. बुलडोजर के साथ पहुंची टीम को देखते ही दुकानदार अपनी दुकान समेटने लगे. कुछ दुकानदार तो सामान लेकर हीरापुर कोहिनूर मैदान में बने वेंडिंग जोन पहुंच गए.



लेकिन टीम के जाने के करीब दो घंटे बाद सड़क किनारे फिर दुकान व ठेला-खोमचा सज गए. अभियान का नेतृत्व कर रहे है निगम के मिशन मैनेजर सुमित तिग्गा ने बताया कि दुकानदारों को यह चेतावनी दी गई है कि अगर वेंडिंग जोन की बजाय सड़कर पर दुकान लगाई, तो सामान समेत ठेले-खोमचे को जब्त कर लिया जाएगा. उन पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा. निगम को सूचना मिल रही है कि अभियान खत्म होने के कुछ घंटे बाद सड़क किनारे दुकान लगा दी जा रही हैं. निगम ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती बरतेगा. सड़क पर दुकान लगाने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी. ज्ञात हो कि निगम ने हीरापुर के कोहिनूर मैदान में फुटपाथ दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाया है. इसका उद्घाटन पिछले माह हुआ था. वेंडिंग जोन में कुल 192 में से 145 दुकानों को फुटपाथ दुकानदारों को आवंटित किया गया था. लेकिन उसके बाद से वेंडिंग जोन न तो सभी दुकानदार दुकान लगा रहे हैं, न ही बाकी बची दुकानें लेने के लिए कोई निगम पहुंच रहा है. जिन लोगों को सड़क से उठाकर वेंडिंग जोन में बसाने की कोशिश हो रही है, वह अब तक बेकार साबित साबित हुई है.

## चाकुलिया : चौठिया में हाथी ने घर को तोड़ा, सदस्य बाल-बाल बचे



**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड की लोधाशोली पंचायत के चौठिया गांव के बांधडीह टोला में हाथियों ने विगत रात्रि जमकर उत्पात मचाया. हाथियों ने कान्दाराम मुर्मू के घर को तोड़ दिया. हाथी ने जब घर पर हमला किया, तब परिवार के सदस्य घर में ही सो रहे थे. परंतु सभी बाल-बाल बच गए. सभी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई. ग्रामीणों ने बताया कि तीन जंगली हाथी गांव में घुस आए थे. हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं. सूचना पाकर प्रभारी वनपाल कल्याण चंद्र महतो गांव पहुंचे. उन्होंने प्रभावित को क्षतिपूर्ति राशि के लिए फॉर्म उपलब्ध कराया. विदित हो कि इस गांव में इसके पूर्व भी जंगली हाथी कई घरों को तोड़ चुके हैं. विगत दिनों हाथियों ने चावल मिल के मेन गेट को भी तोड़ दिया था.

## बहरागोड़ा : लुगाहारा काजू जंगल में 45 जंगली हाथियों ने डेरा डाला

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड की पश्चिम बंगाल की सीमा से सटी सांड्रा पंचायत अंतर्गत लुगाहरा काजू जंगल में लगभग 45 जंगली हाथियों ने डेरा डाला है. इससे आसपास के ग्रामीण दहशत हैं. हाथियों के भय से बच्चे स्कूल भी नहीं जा रहे हैं. ग्रामीणों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो गया है. शाम होते ही जंगली हाथी जंगल से निकलकर खेतों में आ जाते हैं और धान के बिचड़ों को नष्ट कर रहे हैं. हाथियों ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है. वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने के लिए प्रयास कर रही है. हाथियों ने बंको माहली, तपन माहली तथा पवन महतो के खेत में धान बिचड़ों को पैरों से रौंदकर पूरी तरह नष्ट कर दिया हैं. इससे उनको काफी नुकसान हुआ है. वन विभाग की टीम द्वारा किसानों के हुए नुकसान का आकलन नहीं करने तथा मुआवजा घोषित नहीं करने से ग्रामीणों में आक्रोश है.

## नाबालिग छात्रा सुसाइड केस में एनसीपीसीआर ने लिया संज्ञान, जांच के लिए आयेगी टीम

**रांची/धनबाद।** धनबाद जिले के तेतुलमारी स्थित संत जेवियर्स स्कूल की 10वीं की छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी. इस मामले में केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है. मामले की जांच करने एनसीपीसीआर की टीम धनबाद आयेगी. इस मामले में तेतुलमारी थाने की पुलिस ने मंगलवार को आरोपित शिक्षिका सिंधु झा और प्रधानाध्यापक आरके सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. दरअसल छात्रा सोमवार को बिंदी लगाकर स्कूल गयी थी. जिसको देखकर शिक्षिका भड़क गयी और छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया. इससे आहत छात्रा ने सोमवार की शाम अपनी जान दे दी. छात्रा धनबाद के तेतुलमारी स्थित जीरो सीम क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहती थी. तेतुलमारी थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, छात्रा की मां ने शिक्षिका सिंधु झा और प्राचार्य राजकिशोर सिंह को उनकी बेटी की मौत का जिम्मेदार ठहराया है. एफआईआर में लिखा है कि सोमवार को बेटी बिंदी लगाकर स्कूल गयी थी तो शिक्षिका ने दो थप्पड़ जड़ दिये थे. इसकी शिकायत जब छात्रा की मां ने प्रधानाध्यापक से की तो उन्होंने आरोप को निराधार बताया और उन्हें स्कूल से भगा दिया गया. घर पहुंचने के बाद वह स्नान करने गयी, तभी छात्रा ने पंखे से लटककर जान दे दी.

## अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी

**गिरिडीह।** अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. हालांकि अभी तिथि की घोषणा नहीं की गई है, संभावना जताई जा रही है कि जुलाई के अंतिम या अगस्त के पहले सप्ताह में चुनाव संपन्न होगा. प्रदेश ईकाई ने चुनाव संपन्न कराने को लेकर तीन सदस्यीय चुनाव समिति व दो ऑब्जर्वर का मनोनयन किया है. जिसमें शंभू नाथ सहाय, रामविलास सिंह, नियाज अहमद, बालेश्वर प्रसाद सिंह और मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव को ऑब्जर्वर बनाया गया है. भावी प्रत्याशियों के द्वारा प्रतिदिन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार इस बार लगभग 900 अधिवक्ता चुनाव में मतदान करेंगे. मतदाताओं को अपने खेमे में करने के लिए अधिवक्ताओं ने गोलबंदी तेज कर दी है. प्रत्याशी जातीय आधार पर भी अपना चुनावी समीकरण बना रहे हैं. बता दें कि चुनाव में 16 पदों के लिए मतदान कराया जाएगा. इनमें अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सहायक कोषाध्यक्ष के एक-एक पद, संयुक्त सचिव के दो व एग्जीक्यूटिव मेंबर के नौ पद शामिल हैं. सूत्रों की माने तो चुनाव में नए चेहरों के शामिल होने पर पुराने दिग्गजों का चुनावी गणित बिगड़ने लगा है. ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव का निर्णय अप्रत्याशित होगा.

## गिरिडीह : भू-माफियाओं के खिलाफ मगहा खुर्द के रैयतों का आंदोलन जारी

**गिरिडीह।** जमुआ के भू-माफियाओं के खिलाफ मगहा खुर्द टोला गन्धकपरी के रैयतों का जमुआ प्रखंड मुख्यालय पर दिया जा रहा अनिश्चित कालीन धरना 7 वें दिन बुधवार को भी जारी रहा. मालूम हो कि भू-माफिया और मगहा कला मुखिया के खिलाफ यह धरना गत बुधवार को शुरू हुआ था. भाकपा माले नेता सह राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव इस धरना को समर्थन में पहुंचे. उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन अति शीघ्र किसानों के मांगों को पूरा करें अन्यथा भाकपा माले आर-पार की लड़ाई लड़ेगी. आरोप है भू माफियाओं ने 8 एकड़ जमीन का फर्जी एलपीसी बनाकर 30 रैयतों का जमीन गिरिडीह निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री करा ली है. मामले की जांच में जमुआ अंचल कार्यालय में एलपीसी जारी होने की पुष्टि नहीं हुई है. उल्लेखनीय है कि रैयतों ने बीते दिसंबर 2022 में भी इसी मामले को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया था. उस समय धरना समाप्त कराने आये अधिकारियों ने आरोपित अधिकारियों व भू-माफियाओं पर कार्रवाई की बात कही थी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है. इसी मामले में रैयतों ने फिर धरना दिया. इस अनिश्चित कालीन धरना में मुस्तकीम अंसारी, असगर अली, इस्माइल अंसारी, ताहिर अंसारी, फिरोज अंसारी, सुल्तान अंसारी, जलील अंसारी, सराफत अंसारी शामिल हैं.

## डुमरी : प्रखंड के 15 गांवों में पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**गिरिडीह।** जन जागरण केन्द्र की ओर से बुधवार 12 जुलाई को डुमरी प्रखंड के जोभी गांव में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में पीरटांड के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सक सुनील मरांडी ने ग्रामीणों के मवेशियों के स्वास्थ्य की जांच की. पशु मित्र सानू हांसदा ने ग्रामीणों को बरसात में होने वाले पशुओं में संक्रामक बीमारी की जानकारी दी. साथ ही मवेशियों को पीपीआर वैक्सीन, एचएसबीपी वैक्सीन, कुराबूस्ट और सल्फा क्योर दवा के साथ-साथ मवेशियों को दस्त, भूख लगने की भी दवा दी गयी. बताया गया कि एचडीएफसी बैंक परिवर्तन परियोजना के तहत संचालित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को 15 गावों में पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया.

# विश्व जनसंख्या दिवस को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन


## बढ़ती जनसंख्या के परिणाम की लोगों को दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा, वाणिज्य, भूगोल, राजनीतिशास्त्र एवं हिंदी विभाग में चित्रकला, भाषण, एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई तथा आकर्षक चित्रों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न होनेवाले समस्यायों को दशार्या । वहीं, शिक्षा विभाग की ओर से इस दिवस को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल,वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया । मौके पर कुलसचिव ने सभी प्रशिक्षुओं को अनुशासन में रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की । रैली बुढ़ा खुखरा के मुंडा टोली होते हुए चेटर गांव तक पहुंची । रैली में विद्यार्थी जनसंख्या जागरूकता से सम्बंधित नारे लगा रहे थे साथ ही बढ़ती जनसंख्या से होनेवाले नुकसान को भी लोगों के बीच साझा कर रहे थे । विभिन्न विभागों में आयोजित कार्यक्रम की समाप्ति के बाद विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । मौके पर डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. रंजन कुमार, डॉ. मनमीत कौर, डॉ. नीलम रुण्डा, डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा, डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. करलुस टोप्पो, डॉ. अरबिन्द कुमार, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. अनुराधा लकड़ा, रंजना पाण्डेय, उषा किरण श्रीवास्तव, अनामिका कुमारी, उमेश चंद्र महतो, अर्चना राणा, अनिल कुमार केसरी, पवन कुमार, बुद्धदेव महतो मौजूद थे ।

# डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव व उपचार का मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य मिशन समिति के तत्वावधान में 12 जुलाई बुधवार को सदर अस्पताल सभागार में डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम में सहिया सहित सभी प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व नगर निगम के कर्मी शामिल थे. जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ आर पी दास ने डेंगू चिकनगुनिया के लक्षण के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी. बताया कि पहचान अचानक तेज बुखार, पहचान करने की शक्ति खो जाना, तेज सर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द, अंतःस्त्रावी ग्रंथियां तथा मसूड़ों में खून आना, भोजन से अरुचि, पेट दर्द और थकान डेंगू व चिकनगुनिया के लक्षण हैं. डॉक्टर दास ने कहा कि मच्छरों से बचें, घर के आसपास सफाई रखें. सप्ताह में कम से कम 1 दिन पानी की टंकी, गमला, कूलर, फ्रीज आदि की सफाई जरूर करें. पलंग, चारपाई, दीवान व अन्य फर्नीचर के नीचे, पर्दा के पीछे सफाई पर विशेष ध्यान रखें. मेडिकेटेड मच्छरदानी का प्रयोग करें. बताया कि तेज बुखार आने पर तरल पदार्थों का अधिक उपयोग करें व पानी खूब पीयें. उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को जुलाई से नवंबर तक डेंगू सर्विलेंस कार्य करने का निर्देश दिया. कार्यक्रम में डॉ दास के अलावा डॉ एबी सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद थे.

# अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. हालांकि अभी तिथि की घोषणा नहीं की गई है, संभावना जताई जा रही है कि जुलाई के अंतिम या अगस्त के पहले सप्ताह में चुनाव संपन्न होगा. प्रदेश ईकाई ने चुनाव संपन्न कराने को लेकर तीन सदस्यीय चुनाव समिति व दो ऑब्जर्वर का मनोनयन किया है. जिसमें शंभू नाथ सहाय, रामविलास सिंह, नियाज अहमद, बालेश्वर प्रसाद सिंह और मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव को ऑब्जर्वर बनाया गया है. भावी प्रत्याशियों के द्वारा प्रतिदिन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार इस बार लगभग 900 अधिवक्ता चुनाव में मतदान करेंगे. मतदाताओं को अपने खेमे में करने के लिए अधिवक्ताओं ने गोलबंदी तेज कर दी है. प्रत्याशी जातीय आधार पर भी अपना चुनावी समीकरण बना रहे हैं. बता दें कि चुनाव में 16 पदों के लिए मतदान कराया जाएगा. इनमें अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सहायक कोषाध्यक्ष के एक-एक पद, संयुक्त सचिव के दो व एग्जीक्यूटिव मेंबर के नौ पद शामिल हैं. सूत्रों की माने तो चुनाव में नए चेहरों के शामिल होने पर पुराने दिग्गजों का चुनावी गणित बिगड़ने लगा है.

ADVOCATE

# बिजली जीएम कार्यालय के समक्ष भाकपा माले ने किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के कोवाड़, सुग्गासार सहित कई गांवों में बिजली की लचर व्यवस्था व ट्रांसफार्मर बदलने में हो रही मनमानी के खिलाफ लोगों ने माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. इस दौरान राजेश यादव के साथ राजेश सिन्हा, मनोज यादव, कमरुद्दीन अंसारी, कार्तिक वर्मा, धीरेंद्र राना का प्रतिनिधि मंडल जीएम से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया. महाप्रबंधक ने 2 दिनों के भीतर उक्त कोवाड़ व सुग्गासार दोनों गांवों में ट्रांसफार्मर बदलने का आदेश दिया. उन्होंने अन्य समस्याओं के जल्द समाधान का भरोसा दिया. माले नेता यादव ने कहा कि डेढ़ महीने से कोवाड़ व महीने भर से सुग्गासार में ट्रांसफार्मर जलने से लोग अंधेरे में हैं. इससे बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य कार्य प्रभावित है. बिजली विभाग के ग्रामीण इलाके में सक्रिय दलाल जले ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए पैसे मांगते हैं. उन्होंने अधिकारियों से इस मनमानी पर रोक लगाने की मांग की. मौके पर राजेश सिन्हा ने कहा कि बिरसा चौक के पास के मोहल्ला में तत्काल बिजली के पोल और तार की व्यवस्था करने की मांग की. आंदोलन में कमरुद्दीन अंसारी, संजय यादव, मोहन यादव, दिनेश वर्मा, दारोगी गोस्वामी, सुरेश वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, परमेश्वर वर्मा, नुनुराम कोड़ा, राजू वर्मा, शंभू कुमार राना, धीरेंद्र कुमार राना, विकास कुमार राणा, सोनू राना, ललिता देवी आदि थे.

# 'सिंदरी के दुकानदारों की लड़ाई लड़ेगा राजद'



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सिंदरी के दुकानदारों को एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन व पीपी एक्ट कोर्ट का नोटिस मिलने के बाद राष्ट्रीय जनता दल ने दुकानदारों के समर्थन में आ गया है. राजद के सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव ने कहा कि पार्टी गरीब व असहाय दुकानदारों की लड़ाई खुद लड़ेगा. इस मुद्दे पर 12 जुलाई को मुनेश्वर यादव के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन के अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा. मुनेश्वर यादव व बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल ने बताया कि प्रबंधन को दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया है. यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो पार्टी जोरदार आंदोलन करेगी. प्रबंधन गरीब दुकानदारों को नोटिस देकर असमंजस और दहशत फैला रहा है. लोगों की समस्याओं को लिखित व मौखिक रूप में प्रबंधन के समक्ष रखा गया है. दो दिन बाद प्रबंधन के साथ दोबारा बैठक होगी. प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने पर पार्टी सड़क पर उतरने को मजबूर होगी. मौके पर जिला महासचिव प्रकाश महतो, विनय सिंह, आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद मरांडी, राकेश यादव आदि उपस्थित थे.

# बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की ओर से बुधवार 12 जुलाई को खानूडीह पंचायत सचिवालय में बाल विवाह उन्मूलन, यौन हिंसा, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में मुखिया, पंचायत समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य एवं आंगनबाड़ी की सेविकाओं ने भाग लिया. अध्यक्षता मुखिया श्रीमती लीला देवी ने की व संचालन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड को-ऑर्डिनेटर मोहन रजक ने किया. मुखिया लीला देवी ने कहा कि बाल विवाह कानूनन एवं सामाजिक अपराध है. स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगा. सभी के सहयोग से खानुडीह पंचायत को बाल विवाह मुक्त व बाल मित्र पंचायत बनाएंगे. झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड को-ऑर्डिनेटर मोहन रजक ने बाल विवाह अधिनियम, बाल यौन हिंसा एवं बाल मजदूरी रोक के बनाए गए कानून की विस्तृत जानकारी दी.

# एक और नव विवाहिता चढ़ी दहेज की बेदी पर

## ससुराल वालों पर हत्या का आरोप, पति और सास गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** विवाह के मात्र 70 दिनो के अंदर बरही प्रखंड के मलकोको गांव की 22 वषीर्या सुमन को ससुराल वालो ने दहेज की बेदी पर चढ़ा दिया. घटना मंगलवार की सुबह की है. मामले के संबंध में मृतिका की मां मीना देवी ने चलकुसा थाना में अपना फर्द बयान दर्ज करवाई है. दर्ज बयान के अनुसार मृतिका मलकोको निवासी स्व० बहादुर रविदास की पुत्री है. जिसकी शादी चलकुशा थाना के मसकेडीह निवासी बीरू कुमार रविदास पिता गांगो रविदास के साथ 2 मई को 2023 हिन्दू रीतिरिवाज से हुई थी. शादी के वक्त आठ लाख नकद और एक मोटरसाइकिल बतौर दहेज भी दिया गया था. शादी के कुछ ही दिन बाद से ससुराल वाले और अधिक पैसे की मांग कर रहे थे. जिसे पूरा नहीं करने पर मृतिका का पति, ससुर, सौतेली मां मंजू देवी, देवर श्याम सुंदर दास और विशाल दास संयुक्त रूप से उसे टॉर्चर करने लगे. जब बात नही बनी तो बुधवार की सुबह इन लोगो ने गला दबाकर घर पर ही हत्या कर दिया.जिसे सरिया देवकी हॉस्पिटल में भर्ती करने का प्रयास किया गया, परंतु चिकित्सक मृत शरीर का ईलाज करने से इंकार कर दिया. मृतिका के पति ने उनकी बेटी के बेहोसी की सूचना देते हुए उनलोगो को देवकी अस्पताल सरिया बुलाया गया. जहां पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई. मौके पर पहुंची सरिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर और मृतिका के पति व सास को गिरफ्तार करते हुए मामले को चलकुसा पुलिस को सौप दिया. चालकुसा पुलिस ने देर संध्या परिजनों को शव सौंपा जिसका बुधवार को मलकोको में अंतिम संस्कार किया जाएगा. परिजनों ने से सभी हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी करवाई करने की मांग किया है.

## डीएमएफटी के तहत 28 वर्षों के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराए जा रहे हैं बर्तन



**रामगढ़।** बच्चों व महिलाओं के विकास एवं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में 28 वर्षों के बाद डीएमएफटी के तहत विभिन्न बर्तन उपलब्ध कराए जा रहे है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तनों की आवश्यकता को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के संज्ञान में लाने के उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने का निर्णय न्यास परिषद द्वारा लिया गया। जिसके तहत आगे की कार्रवाई पूरी कर बच्चों व महिलाओं को इससे लाभान्वित करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू, मांडू, चितरपुर व गोला प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराए गए। वहीं, उपायुक्त के निर्देश पर तीव्र गति से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

## हजारीबाग : महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**बरही।** चौपारण के केंदुआ मोड़ में मंगलवार देर रात एक महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गयी. घटना की सूचना पाकर चौपारण पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है. मैना देवी की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा है. मैना देवी के पति सहदेव राणा ने बताया कि रात को घर की बिजली चली गयी थी, इसलिए सभी घर के बाहर बैठे थे. जब बिजली आयी तो सभी घर के अंदर जाने लगे. इसी दौरान उनका भाई और भतीजे ने महिला ने उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला किया. खून से लथपथ पत्नी को आनन-फानन में चौपारण अस्पताल में ले गये, जहां उसकी मौत हो गयी. सहदेव राणा ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व उनके बेटे रोहित राणा की भी हत्या कर दी गयी थी. इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तारी किया गया था. इनमें से दो लोगों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनायी थी. वहीं तीन लोग बरी हो गये थे. तीनों लोग हमेशा उनको जान से मारने की धमकी देते थे. इसलिए वो चौपारण में किराये पर मकान लेकर रह रहे थे. तीन दिन पहले गांव में पंचायती भी हुई थी.

## पति ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के बहेरवाटांड में बुधवार की सुबह एक दंपती के बीच विवाद के बाद पति ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जहर खाने वाले व्यक्ति की पहचान मोहम्मद कमरुद्दीन (उम्र 50 वर्ष पिता कबीर मियां) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जहर खाने की सूचना परिजनों को मिलने के बाद परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे जहां इलाज चल रहा है।

## बंदर के हमले से 13 वर्षीय बालक घायल

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनानगर में बंदर के हमले से एक बालक घायल हो गया। घायल की पहचान श्रीकांत यादव (उम्र 13 वर्ष, पिता संजय यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुधवार को गांव के कुछ बच्चे अपने घर के बाहर खेल रहे थे। इस दौरान एक बंदर के आने पर बच्चों ने बंदर पर पत्थरबाजी कर दिया। जिसके बाद आक्रोशित बंदर ने श्रीकांत यादव पर हमला करते हुए उसके हाथ, पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में काट लिया। जिसके बाद उसके परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे।

## महिला ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा प्रखंड अंतर्गत भोंडो में बुधवार को पति पत्नी के बीच झगड़े के बाद गुस्से में आकर पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जहर खाने वाली महिला की पहचान गुड़िया देवी (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है। महिला के द्वारा जहर खाने की सूचना परिजनों को मिलने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में सुभाष सिंह ग्राम गुमो ने एलपीसी निर्गत करने से संबंधित आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगायी। वहीं कोमल कुमारी ग्राम छतरबर ने विद्यालय में नामांकन करने को लेकर आवेदन दिया। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामलों को निष्पादन करने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया।

**आग्रह** — संजीव सिंह के इलाज के लिए मेडिकल टीम गठित, इलाज शुरू

# अस्पताल में समर्थकों का लगा तांता, पुलिस तैनात



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में धनबाद जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के बेहतर इलाज के लिए मेडिकल टीम गठित कर दी गई है. एसएनएमएमसीएच के सर्जिकल आईसीयू में भर्ती संजीव सिंह का इलाज शुरू हो गया है. सुरक्षा में पुलिस बल तैनात है. अस्पताल में समर्थकों का तांता लगा हुआ है हालांकि संजीव से मिलने पर रोक है. अस्पताल अधीक्षक अरुण कुमार बर्णवाल का कहना है कि इलाज के लिए टीम का गठन हो चुका है. टीम में सर्जरी के डॉ एस के चौरसिया, मेडिसिन से डॉ एमके दुबे तथा न्यूरो सर्जरी से राजेश सिंह को शामिल किया गया है. उन्होंने बताया कि विगत मंगलवार की शाम को ही उन्हें इमरजेंसी में जांच के बाद सर्जिकल आईसीयू में भर्ती कर लिया गया है. ब्लड के सैम्पल लिए गए हैं तथा सिटी स्कैन भी कराया गया है, जिसमें सिर पर गंभीर चोट या ब्लड क्लॉटिंग के संकेत नहीं मिले हैं. उन्होंने कहा कि संभवतः उन्हें अभी कुछ दिन तक अस्पताल में ही रहना होगा. संजीव सिंह की पत्नी भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने बेहतर इलाज के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सा व्यवस्था की मांग की है. उन्होंने कहा कि साजिश के तहत उनके पति पिछले 6 वर्षों से जेल में बंद हैं. पहले से ही उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा है. जेल प्रशासन की ओर उच्च इलाज नहीं मिल रहा है. दिन-ब-दिन उनकी स्थिति गंभीर होती जा रही है. इसीलिए उनको बेहतर इलाज की जरूरत है. उन्होंने कहा कि वह पति को इलाज के लिए कई बार रांची भेजने की मांग कर चुकी हैं. लेकिन साजिश के तहत धनबाद में ही उनका इलाज कराया जा रहा है. ज्ञातव्य है कि पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड के मामले में झरिया विधायक संजीव वर्ष 2017 से धनबाद जेल में बंद हैं. वह अस्वस्थ चल रहे थे. परंतु मंगलवार 11 जुलाई को दोपहर वह अपने सेल में कुर्सी पर बैठे-बैठे अचानक नीचे गिर पड़े. उनके सिर और हाथ में गंभीर चोट आई है. कारा अधीक्षक ने जेल में मौजूद डॉक्टरों से प्राथमिक चिकित्सा कराने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में आवेदन देकर उनका इलाज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कराने का आग्रह किया.

# सिखों के आठवें गुरु, श्री गुरु हरकिशन सिंह जी के प्रकाश पर्व मना



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** झुमरीतिलैया के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिखों के आठवें गुरु श्री हरकिशन साहिब जी का 367 वा प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया इसके लिए शाम 7:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया जिसमें गुरु महाराज का हरजस गायन किया गया ज्ञानी राजा सिंह, गुरभेज सिंह, शम्मी सलूजा, गुरमीत कौर ने शब्द गायन नाम सिमरन से संगत को निहाल किया, इस अवसर पर मौजूद सभा के सचिव ने बताया कि गुरु महाराज को मात्र 5 वर्ष की उम्र में ही गुरु की गुरता गद्दी मिल गई थी यह मानवता के पुजारी थे इनकी ख्याति प्रशंसा इनके व्यवहार को देखकर देशभर में फैलने लगी उस समय के मुगल शासक ने इनकी ख्याति को देखकर इन्हें दिल्ली बुलाया तथा एक बंगलों में ठहराया आज उस स्थान पर बंगला साहिब गुरुद्वारा सुशोभित है, उस समय देश पर चेचक का प्रकोप फैल गया था गुरु महाराज ने लाखों भक्तों को रोग मुक्त किया आज भी सीखो में यह मानता है कि जो भी लोग सच्चे दिल से गुरु महाराज का ध्यान करता है उसका रोग ठीक हो जाता है कार्यक्रम की समाप्ति रात 9:00 बजे हुई समाप्ति के उपरांत संगत के लिए चाय नाश्ता की सेवा की गई, इस अवसर पर समाज के



सैकड़ों स्त्री-पुरुष बच्चे उपस्थित थे, प्रधान अवतार सिंह ने संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सरदार हरपाल सिंह की अहम भूमिका रही।

# सर्पदंश से एक मासूम सहित दो लोगों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार शहर का कहर देखने को मिल रहा है गुरुवार को जहरीले सांप के डसने से एक मासूम सहित दो लोगों की मौत हो गई पहली घटना जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलोमडेगा गांव की है। जहां के 6 वर्षीय अविनाश तोपनो नामक बच्चे को देर रात जहरीले सांप ने डसा ।जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी । परिवार वालों ने एंबुलेंस से संपर्क साधा लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाई अंततः निजी वाहन करते हुए उसे हॉस्पिटल लाया जहां से सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया इधर सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उक्त मासूम बच्चे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़ी टोली बिजुलटोली गांव की है। जहां पर 50 वर्षीय सुप्रियन सोरेंग नामक व्यक्ति को जहरीले सांप ने मध्य रात्रि में डसा जिसके बाद परिवार वालों ने उसे झाड़-फूंक के लिए ले गए काफी देर तक झाड़-फूंक कराया लेकिन ठीक नहीं होने पर उसे ठेठईटांगर हॉस्पिटल पहुंचाया जहां से उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल भेज दिया इधर सदर अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना के पुलिस दोनों शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

## कुआं में नहाने के दौरान डूबने से बच्ची की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दवाई पानी गांव में कुआं नहाने के दौरान 7 वर्षीय मासूम बच्ची की डूबने से मौत हो गई मृतका की पहचान रितु टेटे के रूप में हुई घटना के संबंध में उसके पिता अनसियूस टेटे ने बताया कि उसकी 7 वर्षीय बच्ची गांव के पास के खेत में बने कुआं में नहाने के लिए गई थी इसी दौरान पैर फिसलने से डूब गई आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से घरे पानी में चली गई और उसकी मौत हो गई मामले की जानकारी स्थानीय लोगों को हुई तब उन्होंने पुलिस को जानकारी दी इधर मामले की जानकारी मिलने पर ठेठईटांगर पुलिस घटनास्थल पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लिया एवं सदर अस्पताल सिमडेगा पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इस मामले में यूडी केस दर्ज की।

## सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक घायल



**पाकरटांड:** पाकरटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत नानेसेरा के पास सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक घायल हो गया घायल युवक की पहचान रुटकुटांड निवासी अंकित लकड़ा के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अंकित मोटरसाइकिल से निकलकर सिमडेगा शहर की ओर आ रहा था इसी दौरान अचानक मोड में नियंत्रण के ऊपर गिरा और माथे में गंभीर चोट लगी। इधर चोट लगने की वजह से वह बेहोश हो गया जिसे ऑटो चालक के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचाया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में अंकित की इलाज चल रही है ।वहीं मामले की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दिया गया। फिलहाल अंकित खतरे से बाहर है।

# कोडरमा की ईशा गुप्ता बनी योग की राज्य स्तरीय जज



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** बोकारो के दिल्ली पब्लिक स्कूल मे झारखण्ड योगासन स्पोर्ट संघ द्वारा आयोजित चतुर्थ झारखण्ड राज्य योगासन जज एवं कोच का सेमिनार एवं परीक्षा 8 एवं 9 जुलाई तक आयोजित की गई थी जिसमे बतौर मुख्य अतिथि नेशनल योगासन स्पोर्ट्स संघ राष्ट्रीय सचिव डॉ जयदीप आर्या जी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ कर कार्यक्रम को सम्बोधित किया उन्होंने कहा की इस आयोजन से झारखण्ड राज्य से बहुत से अच्छे जज निकलेंगे जिन्हे राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता मे जज एवं तकनीकि अधिकारी के रूप मे कार्य करने का मौका मिले गा इस सेमिनार मे झारखण्ड के सभी जिलों से लगभग 70 योग के जज एवं प्रशिक्षक को चयन किया गया था जिसमे कोडरमा जिले से अकमात्र कोडरमा जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ एवं आकाश योग केंद्र की मुख्य महिला योग प्रशिक्षिका ईशा गुप्ता भी चयनित हुई थी इस कार्यक्रम मे योग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए विशेष तकनीक भी सिखाया गया एवं ट्रेडिसनल योगासन , आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर, रीडमिक योगासन पेयर ,आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप सभी 05 स्पर्धाओ के नियमों के विशेष जानकारी दी गई सेमिनार के अंतिम मे भाग लिए सभी प्रतिभागियों का थियौरी एवं प्रेटिकल परीक्षा ली गई जिसमे अंको के आधार ऐ, बी, सी, डी, ग्रेड दिया गया जिसमे ईशा कुमारी ने ऐ ग्रेड हासिल कर झारखण्ड योगासन स्पोर्ट संघ की लेवल 1 जज बनी। झारखण्ड योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह एवं सचिव विपिन पांडे ने उन्हें मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ईशा गुप्ता ने योगासन खेल मे कोडरमा जिला से पहली महिला राज्य स्तर की जज बनने का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि पर ईशा कुमारी को उनकी माँ नमिता देवी, मामा अमित कुमार, रणविजय कुमार, अध्यक्ष रानी मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष उमेश विश्वकर्मा सचिव आकाश कुमार सेठ योग शिक्षक मिथिलेश राम गुप्ता , मिली केशरी आदि ने बधाई दिया।

# बीडीओ ने डोर टू डोर जाकर वोटर आईडी का किया सत्यापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा अखिलेश कुमार ने मतदाता सूची विशेष संछिप्त पुनरिक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत वैसे मतदान केंद्र जहां लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2019 मे मतदान का प्रतिशत कम था, सम्बंधित मतदान केंद्र संख्या 11, 12, 13 एवं 14 के मतदाताओं का सत्यापन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी - सह - प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा किया गया। सत्यापन के दौरान उन्होंने डोर टू डोर जाकर मतदाता सूची के पृष्ठों से प्रत्येक मतदाता का मिलान किया। साथ ही उन्होंने मतदाताओं को जानकारी दिया गया कि 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची पुनरीक्षण का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान सम्बंधित मतदान केंद्र के सभी इछड डोर टू डोर जायेंगे, जिन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम / मकान संख्या मे त्रुटि है या नये मतदाता है या फिर मृत मतदाता है, तो उनका नाम जोड़ने, हटाने या सुधार की आवश्यकता हो तो इछड के सही - सही तथ्यों की जानकारी देकर इछड को कार्य करने मे सहयोग करेंगे। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि वैसे युवक-युवती जिनका उम्र 18 वर्ष होने वाला है या फिर हो चुका है वह प्रपत्र 6 भर कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा ले। जिससे वे 2024 में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में मतदान कर सकेंगे

## प्रखंड स्तरीय जन्म मृत्यु निबंधन संबंधित कार्यशाला आयोजित

**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय कुरडेग के सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप प्रखंड विकास पदाधिकारी, कुरडेग एवम प्रभारी सांख्यिकी पदाधिकारी, कुरडेग के द्वारा इस प्रशिक्षण में उपस्थित सभी सदस्यों को जन्म एवं मृत्यु निबंधन की महत्ता एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। जन्म- मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान की शुरूआत किया जाना है, तथा शत-प्रतिशत अनिबंधित मामलों को निबंधन करने हेतु निबंधन की परिकिर्या का प्रचार- प्रसार करते हुए जन्म एवं मृत्यु के शत- प्रतिशत निबंधन का लक्छ प्राप्त करने हेतु 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक सभी जन्म एवं मृत्यु निबंधन इकाई यथा- पंचायत सीएचसी पीएचसी में विशेष अभियान की शुरूआत किया जाना है। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में अंचल अधिकारी,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,सभी मुखिया,सभी आंगनबाड़ी सेविका,सभी सहिया,स्वास्थ्य विभाग,सभी प्रधानाध्यापक सहित अन्य उपस्थित थे।

# झामुमो की परिसदन में हुई बैठक में वर्ग संगठन सदस्यों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को दिन के 12:00 बजे परिसदन में जिला अध्यक्ष अनिल कंडोल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश द्वारा नव गठित जिला स्तरीय वर्ग संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए उनका परिचय कराया गया तथा पिछले दिनों सोहराई भवन रांची में आयोजित है केंद्रीय समिति की बैठक में दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने सभी लोगों को कहा अभी से वर्ष 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की बात कही। तथा उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा विधानसभा कोलेबिरा विधानसभा के अलावा खूंटी लोकसभा में पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी उन्होंने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला समिति के कार्यों से प्रभावित होकर केंद्रीय समिति ने पूरे राज्य में सिमडेगा संगठन को नंबर वन बताया है और उसी से ऊर्जा प्राप्त होगा आने वाले चुनाव में पार्टी आज से शंखनाद करते हुए जीत का परचम लहराएगी। मौके पर मुख्य रूप सेजिला सचिव सफीक खान, केंद्रीय समिति सदस्य बसंत लोंगा, मोशाहिद, राकेश लकड़ा, फिरोज अली, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा जिला सगठन सचिव बिपिन कुल्लू, जिला सयुंक्त सचिव सिकंदर बरवा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आशिसान बिलुग, उपाध्यक्ष अंशीला तोपनो, संध्या बाड़ा, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील सुरीन, जोन लकड़ा, रायमोंन बा,मो सिकंदर संदीप मिंज, बीरबल महतो, मो इरसाद, सुमन मिंज जोनपॉल चेचकचेला, विकास कंडुलना माइकल इंदवार, मोअनस मो मकसूद, रुफी के अलावे भारी संख्या में कार्य कर्ता उपस्थित थे।

## रायकेरा पंचायत भवन सभागार में प्रधानमंत्री लाभुक दिवस पर हुई बैठक

**बानो।** रायकेरा पंचायत भवन सभागार में प्रधान मंत्री आवास लाभुक दिवस एवं पंचायत के विकास सम्बंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन मुखिया सोमा पहान की उपस्थिति में हुई , बैठक में प्रधान मंत्री आवास निर्माण की समीक्षा कर जल्द पूर्ण करने को कहा गया, बिरहुली विद्यालय के शिक्षक प्रेम प्यारे लाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अविभावन अपनर बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र समय से बनवा ले जिससे भविष्य में उनकी शिक्षा एवं अन्य कार्यो में कोई परेशानी नही हो, जन्म प्रमाण पत्र बहुत जरूरी है , बच्चो को विद्यालय समय से भेजे , जिससे बच्चों की पढ़ाई सही से हो सके।एएनएम सुशीला देवी ने बच्चों को दिए जानेवाले टीकाकरण के विषय मे जानकारी दी उन्होंने पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन नहीं रहने से महिलाए के प्रसव के समय काफी परेशानी होती है, स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कराने की मांग की , पंचायत सचिव त्रिवेणी प्रसाद ने पंचायत में चल रही विकाष योजनाओं के विषय मे जानकारी दिए ,राशन डीलर को समय से राशन वितरण करने की बात कही गई।

## भाजपा ने शिल्पकार कलाकार सेवानिवृत्त शिक्षक चिकित्सकों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई मंडल में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकताओं द्वारा विभिन्न गांव और टोला में जाकर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं शिल्पकारों कलाकारों सेवानिवृत्त शिक्षकों, चिकित्सकों, पंडित पुरोहित बैगा पहान को घर घर जाकर सम्मानित किया गया। सभी वरिष्ट लोगों को पट्टा, अंगवस्त्र और भाजपा के उपलबिधयों वाली पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया। जिसमे मालू सेनापति करवार जोर, जयनाथ पहान करवार जोर, सरधु बड़ाईक ढिंगूर पानी, जिनेन्द्र प्रसाद पाड़े टोली, कृष्णा बेसरा, कलिन्द्र बेसरा, सलिक राम राणा कराईगुड़ा, अनुप प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद, नवल प्रसाद किनकेल, हीरानाथ साय, विजय भूषण साय बासेन बखरी टोली, सोमारू मेहर गुझरिया, बाल किशोर बेसरा कर्राझरिया, चमन बड़ाईक, लीलावती देवी, जन्मजय पण्डा बाघडेगा, रामचन्द्र मांझी, बहुरन प्रधान कोनसकेली, चुड़ामनी बड़ाईक, सानिया बड़ाईक पहाड़सारा, बालेश्वर प्रसाद रूसू, हीरा साव,नंद किशोर साव राज किशोर साव, राम शरण साव, जयराज प्रसाद , मोहन प्रसाद , शंभू मिश्रा, अजय झा, हेमंत कुमार , साव, रामदयाल राम, रामचंद्र यादव सभी केरसई निवासी। क्रार्यक्रम को मण्डल अध्यक्ष श्री मानकी लाल के नेतृत्व में बुलेश्वर प्रसाद, कैलाश मेहर, सुधीर मांझी, रामविलास राणा, मनराज मांझी, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, गौतम प्रसाद, अजय झा, राजेश प्रसाद, एस टी मोर्चा अध्यक्ष रविन्द्र बड़ाईक, रवि गुप्ता ने मिल कर सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में मण्डल प्रभारी मनोज साय भी शामिल रहे।

**परामर्श** — प्रेरणा शाखा ने मासिक धर्म पर चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहें : शालिनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वाधान मे नारी सशक्तिकरण को लेकर मासिक धर्म को लेकर अम्बाटांड मे जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर युवतियों और महिलाओं ने उपस्थित डॉ. कोमल लड्डा से परामर्श लिया और अपनी बातों को खुलकर रखी। मौके पर अध्यक्षीय भाषण मे बिषय प्रवेश कराते हुए शाखा अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि आज भी जागरूकता की कमी और झिझक की वजह से युवतिया अपनी बातों को खुलकर नहीं रख पाती हैं। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म कोई अपराध नहीं बल्कि एक सामान शारीरिक प्रक्रिया हैं। जिसपर घर और चिकित्सक से खुलकर बात करने कि आवश्यकता है। पूर्व जिप



अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ जागरूकता से बदले पुरानी सोच और बिमारियों से सतर्क रहते हुए इसे दूर किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि महिला और बालिकाएं अपनी परेशानियों को भूल जाती हैं लेकिन उन्हें अपनी स्वास्थ्य के बारे मे गंभीर रहना चाहिए। महिलाएं आज घर से लेकर बाहर दोहरी जिम्मेबारियां निभा रही हैं। सफलता का मूल मन्त्र हैं की स्वस्थ्य जीवन ही आपको उचाईयों तक ले जा सकती हैं। डॉ. कोमल लड्डा ने कहा कि मासिक धर्म एक घटना हैं जो लड़कियों के लिए अद्वितीय हैं। उन्होंने कहा कि आज भी तकरीबन 71 प्रतिशत बच्चियों को पहले मासिक धर्म का पता नहीं चलता। उन्होंने आगे कहा कि हमारे घर की छोटी बेटियाँ जो होती हैं जिन्हे पहली बार मासिक आती हैं तो कुछ आज भी सनेटरी पैड की जगह कपड़े का इस्तेमाल करती हैं। इसके प्रति हमें जागरूक होने की जरुरत हैं। जागरूकता ही इसका मुख्य उपाय हैं। मौके पर मुखिया पार्वती देवी,समाजसेवी छोटू पंडित, वार्ड सदस्य तब्बसूम, पंचायत सचिव प्रतिमा आदर्श, कविता कुमारी, प्रेरणा शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, सचिव सारिका लड्डा, उप सचिव मीना हिसारिया, नेहा जैन, स्वेता गुटगुटिया, बबिता केडिया, पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया, रश्मि गुटगुटिया, दीपा गुप्ता, निशा केडिया, सुनीता गुटगुटिया, किशोर साव, आनंद कुमार, सुशील अग्रवाल सहित स्थानीय कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पार्किंग स्थल बनाने में प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा, लोग परेशान

# शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
शहर में पार्किंग के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग स्थल बनाने में प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग व्यवस्था ना होने से दुपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसका मुख्य कारण वाहनों को नो पार्किंग में पार्क करना है। ऐसे में प्रशासन की ओर से शहर में पार्किंग जोन बना दिया जाएं तो यातायात व्यवस्था में सुधार हो सकता है, लेकिन इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जाता है,जिससे दिन भर कई बार सड़कों जाम लग जाता है। यही नहीं नगर परिषद के बाहर भी बेतरीतब ढंग से वाहन खड़े रहने से आए दिन जाम की स्थिति बनाते है। इसके बावजूद कई बार भारी वाहन ट्रैफिक में फंसने से जाम लगता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

रंका मोड़ से मांझियाव मोड़ तक तो हालत अत्यधिक गंभीर है। बाजार में दुकानों के आगे दुकानदारों के वाहन तो पार्क रहते ही है। वही रेहड़ी भी खड़ी रहती है। शहर में दर्जनभर से अधिक कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बने हुए हैं। लेकिन किसी में भी पार्किंग की सुविधा नहीं है। एक दो कॉम्पलेक्स में ही पार्किंग व्यवस्था है। शहर में तीन से चार मंजिला इमारतों में दुकानें व होटलें तो बन गए है,लेकिन पार्किंग की सुविधा नहीं है। कॉम्पलेक्स में जाने वाले लोगों भी अपने वाहन बाहर सड़क पर ही पार्क करते है।

**दिन भर जाम की बनी रहती है स्थिति :** शहर के मुख्य बाजारों में पार्किंग अब शहर की सबसे प्रमुख मांग बन गई है। शहर में पार्किंग के अभाव में लोग मजबूरन बाजारों वे वाहन खड़े करते हैं जिससे जाम की स्थिति बनी रही रहती है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। शहरवासियों ने प्रशासन से पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की। त्योहारी सीजन के दौरान तो गर्ददेवी मोड़ और मेन बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं बचती। ऐसे में अभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पार्किंग के लिए उचित जगह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए ताकि बाजार में खरीदारी करने के लिए आने वालों को दिक्कत न झेलनी पड़े। ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड के बावजूद हालात सामान्य नहीं सड़कों पर भी रोजाना वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में यातायात व्यवस्था लचर होती जा रही है। नगर परिषद में कई बार पार्किंग के लिए चर्चा की जाती है, लेकिन आज दिन तक इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण यह समस्या रह जाती है। खरीदारी करने जाने वाले लोगों के लिए पार्किंग स्टैंड की कमी सिर-दर्द बनी हुई है। शहर के चिनिया मोड, रंका मोड़, मिनी बस स्टैंड, गढ़देवी मोड़, सोनपुरवा बस स्टैंड के आसपास बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े देखे जा सकते हैं।

**क्या कहते हैं कार्यपाल पदाधिकारी सुशील कुमार :** कार्यपाल पदाधिकारी सुशील कुमार कहत हैं कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था को सुधारने और नई पार्किंग बनाने के लिए अधिकारियों से विचार-विमर्श किया जाएगा। वही कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स वालो को भी पार्किंग की व्यवस्था करने को भी कहा जा रहा है। सड़कों पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाता हैं ताकि लोगों को परेशानी ना हो।

# मुख्य पथ पर मीट, मटन व मछली की दुकानों से लोग हो रहे परेशान

## चिकेन दुकानदार गाइडलाइन की उड़ा रहे धज्जियां

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
मुख्य पथ के एक दर्जन जगहों पर बिना निबंधन के खुलेआम मीट, मटन, मछली की दुकान संचालित हो रही है। इससे आम अवाम के साथ-साथ सबसे बड़ी समस्या स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है। बताते चलें कि भवनाथपुर मुख्य पथ के तालाब के पास, कपूरी चौक, थाना मोड़ हाई स्कूल के पास, खरौंधी मोड़, पड़वा चट्टान, टाउनशिप में सहित जगहों पर दुकान संचालित हो रहे हैं। भवनाथपुर में संचालित सभी चिकेन दुकान के दुकानदारों द्वारा सरकार की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ायी जा रही है। दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क के किनारे खुले में मटन, चिकेन, मछली को काट कर बेचा जा रहा है और अवशेष को नदी में बहा दिया जाता है, जबकि नदी के पानी का उपयोग पर्व, त्यौहार, दाहसंस्कार में करते हैं। खुले में चिकेन, मटन, मछली को कटते एवं उस पर मक्खी भनभनाते देख छोटे-बड़े स्कूली बच्चे एवं राहगीरों पर मानसिक विकृति एवं बैक्टेरिया से बीमारी फैलने की असंका बनी रहती है।



### क्या है सरकार की गाइडलाइन

- दुकान का फर्श पत्थर या सीमेंट का होना चाहिए।
- दुकान की दीवार पर भी प्लास्टर होना चाहिए।
- मीट फ्लाई प्रूफ अलमीरा में रखना अनिवार्य है।
- दुकान में अच्छी नाली व पर्याप्त पानी की व्यवस्था।
- दुकान को बूचडखाना के रूप में इस्तेमाल नहीं होगा।
- मीट के अवशिष्ट, हड्डी रखने के लिए गोदाम हो।
- गोदाम की दिन में एक बार अच्छे से सफाई हो।
- दुकान का आवासीय उपयोग नहीं, पशु को भी नहीं।
- मीट, मुर्गा काटने वाला औजार साफ रहना चाहिए।

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे रेलवे कॉलोनी के निवासी, महिलाओं में आक्रोश

## महिलाओं ने आईओडब्ल्यू कार्यालय का किया घेराव



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में पिछले कई दिनों से अनियमित जलापूर्ति के कारण रेल कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे नाराज होकर रेलवे कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं ने बुधवार को रेलवे कॉलोनी क्षेत्र से पैदल मार्च निकालते हुए रेलवे के आईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव करते हुए अनियमित जलापूर्ति पर जमकर रोष प्रकट किया।

इस दौरान महिलाओं ने कहा कि विभाग द्वारा कॉलोनी क्षेत्र के कुछ चिन्हित इलाकों में विशेष जलापूर्ति करने के साथ-साथ रेलवे कॉलोनी के अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति के नाम पर अनदेखी की जाती है महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक ने कहा कि रेलवे कॉलोनी में प्रचंड गर्मी के बीच टैंकर के माध्यम से 4 -5 बाल्टी पानी रोजाना उपलब्ध कराया जा रहा था। मजबूरन रेल कर्मियों को पानी बाहर से खरीद कर इस्तेमाल करना पड़ रहा था.वर्तमान में बारिश के कारण नदी का जलस्तर धीरे-धीरे ठीक हो रहा है लेकिन इसके बावजूद पानी की आपूर्ति में संबंधित विभाग के अधिकारी के द्वारा रेलकर्मियों के साथ अनदेखी की जा रही है।

वहीं प्रखंड क्षेत्र की पूर्व मुखिया रेलवे कॉलोनी निवासी सुनीता टोप्पो ने कहा कि रेल क्षेत्र में पानी के नाम पर विभाग के द्वारा अनदेखी की जा रही है। इससे रेलवे कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं और कर्मियों को भारी परेशानी हो रही है और यही कारण है कि पानी की समस्या को लेकर महिलाओं को विरोध करना पड़ रहा है। वहीं पानी की समस्या को लेकर पहुंची महिलाओं के द्वारा डीआरएम के नाम आईओडब्ल्यू कार्यालय को मांगपत्र सौंपते हुए उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है। मौके पर शबनम कुमारी, सुनीता कुमारी, नैना देवी, सोनी देवी, मंजू हेंब्रम, अलका सिंह, प्रियंका, उर्मिला देवी, रीना देवी, कमला देवी, अर्चना कुमारी, आरती, रश्मि मेहता, सरोज देवी व अन्य महिलाएं शामिल थीं।

## जमीनी विवाद में भाजपा के वरिष्ठ नेता के भाई सहित चार लोग घायल

पलामू। चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा चेड़ाबार मे जमीनी विवाद को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमलेश्वर कुमार दुबे के भाई मनोज कुमार दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अखिलेश्वर दुबे एवं भतीजा आयुष कुमार दुबे को गंभीर रूप से मारकर हमलावर पक्ष के लोगो ने किया घायल। जानकारी के अनुसार उनके जमीन में आरोपी पक्ष के प्रेमन सिंह, तारकेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, कौलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कन्हाई सिंह, गोपाल सिंह, मनोहर सिंह ट्रैक्टर से जोताई कर रहे थे जिसके बाद पीड़ित पक्ष के द्वारा रोके जाने पर आरोपी पक्ष के लोगो ने तीर धनुष, गड़ासा और लाठी डंडे से उनपर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें पीड़ित पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद आनन फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं इस घटना की सूचना चैनपुर थाना को दे दी गई है। थाना इस मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। इधर पुलिस का कहना है कि अभी इस संबंध में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसकी जाचं हो रही है इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इस घटना को लेकर भाजपा नेता के परिवार वाले काफी आक्रोशि हैं।

# एसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
एसपी अंजनी कुमार झा ने कल्याणपुर स्थित पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं निर्देश दिए गए। बैठक में हाल के वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी के संबंध में निर्गत दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्गत दिशा-निर्देशों का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में किसी भी थाना क्षेत्र से अवैध उत्खनन की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को राजसात हेतु प्रस्ताव अभिलंब समर्पित करेंगे। बैठक में संगठित अपराध के आरोप में जेल में बंद अपराध कर्मियों के विरुद्ध सीसीए लगाने के लिए प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को दिया। साथ ही थाना दिवस के अवसर पर अंचल के पदाधिकारी के साथ मिलकर भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निपटारे पर बल दिया गया। बैठक में एसपी निर्देश देते हुए सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने को कहा। साथ ही विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन वर्ष के अंत तक सुनिश्चित कराने को कहा। वहीं न्यायालय से निर्गत वारंट/ कुर्की, सूचनाधिकार से संबंधित मामले, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन एवं पीजी पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया। अपराध गोष्टी के पश्चात पुलिस पदाधिकारियों को भंडरिया थाना अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सफल नक्सल विरोधी अभियान चलाने हेतु पुलिस महानिदेशक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिए गए प्रसस्ति डिस्क एवं प्रमाण पत्र हस्तगत कराए गए। बैठक में डीएसपी संतोष कुमार एसडीपीओ अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, कृष्णा कुशवाहा योगेंद्र कुमार, रामेश्वर उपाध्याय कमलेश कुमार, मो रवानी, कृष्ण कुमार, संतोष पांडे, संतोष कुमार सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।



# बैंक मैनेजर से मिली भगत से एक लाख 92 हजार की फर्जी निकासी

नवीन मेल संवाददाता। नौडीहा पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड सभागार में बीडीसी का बैठक प्रखंड प्रमुख रेशमी कुमारी की अध्यक्षता में की गई संचालक बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने किया बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति का स्थाई समिति का गठन प्रखंड प्रमुख रेशमी कुमारी जिला परिषद सुदामा पासवान एव सभी पंचायत समिति सदस्य की उपस्थिति में कुल आठ स्थाई समिति का गठन एवं विभागीय कमिटी विस्तार की गई। बीडीसी का बैठक में शत्रुघन प्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग एवं आगनबाड़ी सेंटर बिशनपुर पंचायत में शिफ्ट कराने को लेकर साथ ही वनांचल ग्रामीण बैंक नौडीहा बाजार में बैंक मैनेजर के मिलीभगत एवं विद्यालय का एचम के मिलीभगत से 1 लाख 92 हजार के फर्जी सिग्नेचर कर पैसा उगाही का मामला आया सामने। नौडीहा बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करोड़ों रुपए का भवन बनकर तैयार है जैसे-तैसे तो चालू हो गई लेकिन अब तक बेड, एंबुलेंस ,दवाई डॉक्टर,अन्य सुविधा मुहैया से कोसों दूर है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौडीहा बाजार औपचारिक एवं प्राथमिक सेवा नहीं मिलने की वजह से ग्रामीणों को 20 किलोमीटर दूर अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर जाना पड़ता है कई उठे मुद्दे। नौडीहा चिकित्सा प्रभारी मोहम्मद रजी ने अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में 18 जुलाई को लगने वाला विकलांग शिविर छतरपुर, एवं ग्रामीण क्षेत्र में टीवी से ग्रसित व्यक्तियों का गोद लेने एवं औपचारिक इलाज बंध्याकरण को लेकर आधार कार्ड, राशन कार्ड के द्वारा निःशुल्क में इलाज मुहैया कराया जाएगा दी जानकारी। पंचायत समिति सदस्य संतोष यादव ने कनीय अभियंता (जेई) मनीष कुजूर, प्रखंड क्षेत्र में सेवा नहीं देने एवं कुजूर के द्वारा सहयोगी अमरेश रजक को रखकर पैसा उगाही करने का मामला आया सामने। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने संज्ञान लेते हुए तत्काल शो कोज कर कार्रवाई करने का बीपीओ का दिया निर्देश। मौके पर जिला परिषद सुदामा पासवान, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, चित्रांगद कुमार पंचायत समिति संतोष यादव ,मंजीत गुप्ता, फुलवा देवी, शत्रुघ्न प्रसाद, अनरवा देवी अन्य रहे।

## परिवार स्वास्थ्य मेला 10 अगस्त तक चलेगा

**भवनाथपुर।** परिवार स्वास्थ्य मेला 11 जुलाई से 10 अगस्त तक चलेगा जिसमें महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी आईयूडी, पीपीआईयूसीडी, अंतरा छाया एवं परिवार नियोजन से संबंधित सामग्री का वितरण किया जाएगा। डॉ प्रियंका कुमारी ने जनता से अपील की कि इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी एवं उपाय के बारे में जानकारी ले सकते हैं। मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा आदि उपस्थित रहे।

# वाहन चालकों से रंगदारी वसूलने वाला गिरफ़तार

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
शहर के पांकी रोड में आने जाने वाले टेम्पो चालकों से नगर निगम से टैक्स की तय राशि से जबरन अधिक राशि बतौर रंगदारी वसूलने के आरोप में पुलिस ने मृत्युंजय पाण्डेय ऊर्फ रिंकू पाण्डेय को मौके से गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए शहर के टीओपी- 2 के प्रभारी रुद्रानन्द सरस ने बताया कि गस्ती के दौरान पांकी रोड के टेड़वा पुल के पास नगर निगम के ठेकेदार चिंटू राम की मिली भगत से टेम्पो चालकों से अवैध रूप से तय राशि से अधिक राशि की वसूली किये जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में त्वरित करवाई करते हुए टेड़वा पुल के पास से अवैध वसूली करते हुए मृत्युंजय पाण्डेय को गिफ्तार किया गया। श्री सरस ने बताया कि पकड़ा गया मृत्युंजय पांकी रोड के सुरेश सिंह चौक का रहने वाला है। उसने स्वीकार किया कि ठीकेदार की मिलीभगत से टेम्पो व अन्य व्यवसायिक वाहनों से अवैध राशि वसूल कर चिंटू राम के माध्यम से राजू तिर्की को भेजी जाती है।विरोध करने वाले चालकों को बुरा परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती है। श्री सरस ने बताया की तलाशी में नगर निगम का रशीद एवं 640रुपए नकद बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि धमकी देने व रंगदारी वसूलने का मामला शहर थाना में मृत्युंजय पाण्डेय, ठेकेदार चिंटू राम एवं राजू तिर्की के खिलाफ सुसंगत धाराओं मे दर्ज किया गया है।

# बीआरसी में हुई गुरु गोष्ठी, बीईईओ ने शिक्षकों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड संसाधन केंद्र खरौंधी में रुआर 2023 नामांकन अभियान व अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को प्रखंड के सभी के प्रधानाध्यापक के साथ गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरु गोष्ठी में रुआर 2023 नामांकन अभियान, एफ एलएन किट, नूपुर वर्क बुक, प्रयास कार्यक्रम, एसए टू रिजल्ट, बच्चों का खाता आधार एवं पोशाक आदि पर चर्चा करते हुए इसकी समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पाण्डेय ने कहा कि नए सत्र में नामांकन को लेकर रुआर कार्यक्रम चल रहा है। इसका निरीक्षण राज्य व जिला टीम के द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए कार्रवाई निश्चित है। उन्होंने नामांकन अभियान के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश शिक्षकों को दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कुछ विद्यालय द्वारा अभी तक छात्र यू डायस मैनडोटरी फील्ड का गैप का कार्य लंबित रखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अति शीघ्र इस कार्य का निष्पादन नहीं किया गया तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने सभी शिक्षकों को 15 जुलाई तक पोशाक से संबंधित रिपोर्ट प्रखंड संसाधन केंद्र में जमा करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखापाल प्रदीप कुमार शुक्ला प्रखंड साधन सेवी राजेन्द्र गुप्ता, संकुल साधन सेवी अर्चना कुमारी, सुधीर सिंह, दिनेश कुमार दुबे प्रधानाध्यापक अमरेश राम, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राजनंदन राम, मोतीचंद जायसवाल, जितेंद्र सिंह, गोविंद उरांव, अरविंद साह, अरविंद प्रसाद, राघवेंद्र बिहारी मो जमालुद्दीन, सोहराब अंसारी, नारद राम, अरविंद दुबे, मिथलेश पाल सहित कई लोग उपस्थित थे।



## मिशन एडमिशन | कटऑफ 60 प्रतिशत अंक वालों के लिए बना परेशानी

# नामांकन को लेकर बच्चों-अभिभावकों में बेचैनी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
दसवीं कक्षा की रिजल्ट के बाद से ही छात्रों व अभिभावको में नामांकन को लेकर अफरा तफरी का माहौल बन गया है। इसमें अच्छे मार्क्स वाले बच्चे बाहर के कालेजो में नामांकन के लिए परेशान है तो निम्नवर्ग के छात्रों को कम मार्क के कारण नामांकन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं भवनाथपुर का इकलौता प्लस टू विद्यालय में नामांकन के लिए स्थानीय बच्चों व अभिभावकों की भीड़ दिख रही है। इसमे वर्तमान में प्लस टू कक्षा के लिए साइंस व आट्र्स में जो कटऑफ मार्क रखा गया है वह 60 प्रतिशत अंक वाले छात्रों के लिए समस्या बन गया है। इसको लेकर लोंगो में विद्यालय प्रबंधन को लेकर आक्रोश भी है।

चूंकि साइंस में 170 से 180 सीटें हैं तो आट्र्स में 200 से 250 सीटें ही रखी गयी हैं। अब तक आधी सीट दोनों में फूल हो चुकी है। वहीं विद्यालय की व्यवस्था की बात करें तो दसवीं व 12वी कक्षा में लगभग 800 छात्रों पर मात्र 13 शिक्षकों का नियोजन किया गया है, जिसमें गणित जैसे विषय के शिक्षक भी नहीं है। सभी क्लास के पीजीटी 6 व टीजीपी के 7 शिक्षक हैं। विद्यालय में विगत चार दिनों से बिजली खराब रहने के कारण शिक्षक व छात्र परेशान हैं। दो माह पूर्व ही विद्यालय में लाखों रुपये खर्च करके रिपेयरिंग और अन्य कार्य संवेदक द्वारा पूरा किया गया था, जिसमें विद्यालय में लगे एक दर्जन फंखे बनने गए थे जो अब तक नहीं लगाये गये हैं।

इस बावत विद्यालय के प्रचार्य अंकित कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही हमें प्रभार दिया गया है। विद्यालय में जिस प्रकार की व्यवस्था हमें दी गई है उस संसाधन से किसी तरह पठन पाठन का कार्य चल रहा है। नामांकन के लिए 31 जुलाई तक समय निर्धारित है। नामांकन के लिए कटऑफ मार्क्स की सूची बोर्ड पर अंकित है। वरीयता के अनुसार नामांकन पूर्ण पारदर्षिता से किया जा रहा है, जिसमे सामान्य वर्ग के लिए 70 प्रतिशत, पिछड़ा के लिए 68 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 65 प्रतिशत है। इसी प्रकार कला वर्ग के लिए 68, 66, व 63 रखा गया है, जिसमें आगामी सप्ताह तक कम होने की संभावना है। नामांकन फीस साइंस में जेनरल व ओबीसी के लिए 855 रुपये, एसटी के लिए 690 रुपये व कला में 829 व 664 रुपये रखी गयी है। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों से अपील की है कि नामांकन प्रक्रिया के लिए अभी धैर्य रखें।



# अपराध व हमारा समाज

***झारखंड*** में हाल के दिनों में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। ऐसा लग रहा है कि उन्हें पुलिस प्रशासन से कोई डर नहीं है। व्यवसायियों,डाक्टरों,बिल्डरों को धमकाना और उनसे रंगदारी मांगना आम बात हो गई है। रंगदारी नहीं देने पर अपराधी हमला करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। व्यवसयियों को रंगदारी देनी भी पड़ रही है। पिछले दिनों पलामू में भी अपराधियों ने एक कारोबारी से रंगदारी मांगी। जिसकी जांच चल रही है। धनबाद में भी रंगदारी नहीं देने पर हमले की शिकायत सामने आयी है। हिम्मत देखिये हमले के बाद अपराधियों ने हमले की जिम्मेवारी भी ले ली। अपराधियों का साफ कहना है कि वह डर फैलाने के लिए गोलियां चलाते हैं। इसके बार रंगदारी मिलना आसान हो जाती है। अपराधियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वह बाद में पर्चा भी जारी करते हैं। ऐसी स्थिति में कारोबारी डरे सहमें हैं। ऐसे में उन्हें सरकार पर भरोसा है कि उन्हें सुरक्षा मिलेगी। ऐसा नहीं होने पर कारोबार बंद करना उनकी विवशता हो जायेगी। अब ध्यान देने योग्य बात है कि ऐसा होता है तो सरकार के बारे में लोगों की धारणा क्या बनेगी। साथ ही प्रदेश का कितना नुकसान होगा। इस तरह की घटनायें बताती हैं कि यहां कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। यही कारण है कि आमजन का विश्वास दरकने लगा है। यह देखा गया है कि जहां आम लोगों का विश्वास कमजोर हुआ है,वहां अनेक प्रकार की समस्यायें सामने खड़ी हो जाती हैं।

**प्रशासन और सरकार को जनता की परेशानियों को समझना चाहिए। आखिर राज्य में कोई क्यों निवेश करेगा,जहां अपराधियों का तांडव जारी है। ऐसे में अपराधियों पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।**

प्रशासन और सरकार को जनता की परेशानियों को समझना चाहिए। आखिर राज्य में कोई क्यों निवेश करेगा,जहां अपराधियों का तांडव जारी है। ऐसे में अपराधियों पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। साथ ही इसके पीछे के कारक तत्वों को भी समझना जरूरी है। आखिर क्या वजह है कि अपराधी किसी समाज में फलते फूलते हैं? इसके पीछे का सच भयावह है। यह पहले तो बेरोजगारी का दंश झेलते हैं। बाद में कोई काम नहीं मिलने की वजह से अपराध की ओर मुड़ जाते हैं। ऐसे में इन्हें अपराधी बनाने में समाज का कम योगदान नहीं रहता है। दूसरी तरफ कानून व्यवस्था का लचीला रूख भी इन्हें इस ओर जाने को प्रेरित करता है। अपराधी भी जानते हैं कि उनके द्वारा किये जाने वाले कार्य अनैतिक हैं। बावजूद बड़े लोगों का संरक्षण उन्हें ऐसे कार्य करने के लिए उकसाते हैं। ऐसे में अपराध को जड़ से समाप्त करने के लिए नवजवानों को काम देने की जरूरत है। बेरोजगार युवक अपराध की दुनिया में आसानी से समा जाते हैं। बाद में वह समाज और परिवार के लिए काफी घातक हो जाते हैं। यह एक सामाजिक बुराई है। इसे समाप्त करने की दिशा में कार्य होने चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि किसी व्यक्ति का मन अगर बढ़ा हो जाता है तो वह अनैतिक कार्यों में संलिप्त हो जाता है। इसे रोकने के लिए समाज को आगे आने की जरूरत है। गलत कार्य का विरोध नहीं होने की वजह से अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ जाता है। गांव या घर के आस-पास रहने वाले व्यक्तियों को बराबर सचेत रहने की जरूरत है। साथ ही अगर कोई गलत करता है तो उसका विरोध भी होना चाहिए। ऐसा नहीं होने की वजह से गलत कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ जाता है,और वहीं व्यक्ति समाज के लिए सरदर्द हो जाता है। ऐसा देखा जाता है कि किसी के साथ अन्याय होता है तो लोग तमाशा देखते रहते हैं। यह गलत परंपरा है। सबको मिलकर गलत करने वाले का विरोध होना चाहिए। तभी जाकर अपराधी बनने से उस व्यक्ति को रोका जा सकता है।

# हिंसक होता राजनीतिक चेहरा लोकतंत्र पर बदनुमा दाग



ललित गर्ग

***राजनीतिक*** प्रतिस्पर्धा को हिंसक प्रतिस्पर्धा में नहीं बदला जा सकता, लोकतंत्र का यह सबसे महत्वपूर्ण पाठ पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस एवं अन्य राजनीतिक दलों को याद रखने की जरूरत है। जैसाकि पश्चिम बंगाल में इन दिनों पंचायत चुनाव के दौरान व्यापक हिंसा देखने को मिली, इससे पूर्व वर्ष 2013 और 2018 के पंचायत चुनावों में भी ऐसी ही हिंसा सामने आई। 2019 के लोकसभा चुनावों में एवं 2021 के विधानसभा चुनावों में भी व्यापक हिंसा हुई थी। अब पंचायत चुनावों के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद राजनीतिक दल एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। राज्य चुनाव आयुक्त भी बेबस बना हुआ इस हिंसा का जिम्मेदार जिला प्रशासन को ठहराकर अपना पल्ला झाड़ना चाहता है। निश्चित ही हिंसक होता राजनीतिक चेहरा लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। आखिर यह किस लोकतंत्र का चेहरा है। इस तरह की हिंसा से कोई जीत भी गया तो वह कितना जीत पायेगा? इस राजनीतिक लड़ाई से जिस तरह का आवेश, भय, संवेदनहीनता, परस्पर द्वेष, नफरत एवं घृणा पैदा हो रही है, क्या उसमें राजनीतिक उद्देश्यों की एवं मूल्यों की हार नहीं है? तृणमूल कांग्रेस को गरीबों की चिंता है या सत्ता की, वहीं भारतीय जनता पार्टी को भारत की अस्मिता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की। इस लड़ाई में जो लोग मर रहे हैं वे गरीब भी हैं और भारतीय भी हैं। इसलिए क्या दोनों का कर्तव्य नहीं है कि इस हिंसक राजनीति के परिणाम के बारे में सोचें। इसमें कोई संदेह नहीं कि चुनाव के दौरान ऐसी हिंसा बेहद गंभीर और चिंताजनक है। खासकर इसलिए भी कि इस तरह की हिंसा की आशंका पहले से जाहिर की जा रही थी और सभी संबंधित एजेंसियों के पास इसे रोकने के लिए योजना बनाने और उस पर सही ढंग से अमल की तैयारी करने का काफी वक्त था। हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद तृणमूल कांग्रेस सरकार और केन्द्रीय सुरक्षा बल यदि समय पर सही ढंग से कदम उठाते तो निश्चित ही इस तरह की हिंसा को रोका जा सकता था। इसमें बरती गई कोताही एवं लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए कि गड़बड़ी



कहां और किस तरह हुई। मगर फिर भी इस मुद्दे को न तो तात्कालिक नजरिये से देखा जा सकता है और न ही महज कानून व्यवस्था की समस्या के रूप में। हिंसा, अराजकता, उन्माद एवं उग्रता इस राज्य के राजनीतिक जीवन का एक तरह से अभिन्न हिस्सा बन गया है। यह चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है कि वर्ष 2024 में आम चुनाव होने हैं। कोई भी राज्य हो या किसी भी तरह के चुनाव हो, हिंसा को जायज नहीं माना जा सकता। पश्चिम बंगाल में हिंसा का वर्चस्व बढ़ना एक चिंता का बड़ा कारण है। ऐसे तो कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं है। लेकिन तृणमूल कांग्रेस सत्ता में होने की वजह से उसके द्वारा हिंसा को बल दिया जाना, हिंसा को हथियार बनाना और हिंसक राजनीति पर सत्ता हासिल करने का खेल दुर्भाग्यपूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण है। यह लोकतंत्र के हनन की घटना है। कभी बिहार जैसा राज्य चुनावी हिंसा का पर्याय माना जाता था लेकिन अब वहां हालात बदले और चुनावी हिंसा

**2019 के लोकसभा चुनावों में एवं 2021 के विधानसभा चुनावों में भी व्यापक हिंसा हुई थी। अब पंचायत चुनावों के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद राजनीतिक दल एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं।**

**इन दिनों**

अपवाद स्वरूप ही देखने को मिलती है। पर पश्चिम बंगाल में स्थिति उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। चूंकि सत्ता में तृणमूल कांग्रेस है, इसलिए हिंसा रोकना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है। लेकिन ऐसे हिंसा के मामले में अन्य दलों को भी उनके दायित्व से मुक्त नहीं किया जा सकता। इस तरह की हिंसा की काली छाया न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि सरकारी एजेंसियां एवं संवैधानिक संस्थाओं तक पर उसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। स्पष्ट है कि समस्या गहरी है और उसका समाधान भी गंभीरता से होना अपेक्षित है। पश्चिम बंगाल के राजनीति धरातल ही नहीं बल्कि आम जनजीवन में भी हिंसा की बर्बरता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष एक-दूसरे द्वारा कि गई राजनीतिक हत्याओं का ऐसा हिसाब रखते हैं कि कुछ बकाया नहीं छोड़ते। इस लड़ाई में एक पक्ष दूसरे पक्ष के कार्यकर्ताओं को मारता है तो दूसरा पक्ष पहले पक्ष के कार्यकर्ताओं को मारता है, उससे लड़ाई खत्म नहीं हो जाती बल्कि आगे बढ़ जाती है। दोनों पक्षों ने मरने-मारने वाले लोगों की फौज खड़ी कर ली है। पश्चिम बंगाल दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी हुई है। वहां लोगों को बंदूक से संदूक तक लाना जटिल होता जा रहा है। वहां लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर रह गया है। राज्य में राष्ट्रीय मूल्य कमजोर हो रहे हैं, विकास की बात नदारद है, सिर्फ निजी हैसियत को और राजनीतिक वर्चस्व को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे हालातों में लोकतंत्र को कैसे जीवंत किया जा सकता है। जनाकांक्षाओं को किनारे किया जा रहा है और विस्मय है कि इस बात को लेकर कोई चिंतित भी नजर नहीं आता। जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझना और आचरण करना यही लोकतांत्रिक कदम है और सफलता इसी कदम से मिलती है। जहां इसके अनुरूप नहीं चला जाता, वहां धोखा है और धोखा देना एक नये राजनीतिक माफिया का रूप बन गया है। आगामी वर्ष में होने वाले लोकसभा चुनाव एवं इस वर्ष पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनावों से पूर्व हिंसा की राजनीति पर नियंत्रण किया जाना जरूरी है। तुष्टिकरण हटे और उन्माद भी हटे अगर राजनीतिक हिंसा से लोकतंत्र को चोटिल और घायल करने की घटनाओं को नहीं रोका गया तो यह हम सबका दुर्भाग्य है। हमारा राष्ट्र संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवादी गणतंत्र राष्ट्र है। इससे हटकर हमारी मान्यताएं, हमारी आस्थाएं, हमारी संस्कृति और हमारा लोकतंत्र सुरक्षित रह नहीं सकता, हमारा देश एक नहीं रह सकता। अपेक्षा है राजनीतिक के हर स्तर पर दायित्व के साथ आचारसंहिता अवश्य हो। दायित्व बंधन अवश्य लाएं, निरकुंशता नहीं। आलोचना भी हो, पर स्वस्थ आलोचना जो पक्ष और विपक्ष दोनों को जागरूक रखती है। आज हम अगर दायित्व स्वीकारने वाले नेता एवं सर्वोच्च सत्ताधीशों के लिए एक आचारसंहिता का निर्माण कर सके तो निश्चित ही लोकतांत्रिक ढांचे को कायम रखते हुए एक मजबूत, शुद्ध एवं हिंसामुक्त व्यवस्था के संचालन की प्रक्रिया बना सकते हैं।

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

**श्री मन नारायण-नारायण-नारायण। भज मन नारायण-नारायण-नारायण। श्री सत्यनारायण भगवान की जय। सत्यनारायण व्रत पांचवा अध्याय**

***श्रीसूत*** जी बोले - श्रेष्ठ मुनियों! अब इसके बाद मैं दूसरी कथा कहूंगा, आप लोग सुनें। अपनी प्रजा का पालन करने में तत्पर तुंगध्वज नामक एक राजा था। उसने सत्यदेव के प्रसाद का परित्याग करके दुख प्राप्त किया। एक बार वह वन में बहुत से पशुओं को मारकर वटवृक्ष के नीचे आया। वहां उसने देखा कि गोपगण बन्धु-बान्धवों के साथ संतुष्ट होकर भक्तिपूर्वक भगवान सत्यदेव की पूजा कर रहे हैं। राजा यह देखकर भी अहंकारवश न तो वहां गया और न उसे भगवान सत्यनारायण को प्रणाम ही किया। पूजन के बाद सभी गोपगण भगवान का प्रसाद राजा के समीप रखकर वहां से लौट आये और इच्छानुसार उन सभी ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इधर राजा को प्रसाद का परित्याग करने से बहुत दुख हुआ। उसका सम्पूर्ण धन-धान्य एवं सभी सौ पुत्र नष्ट हो गये। राजा ने मन में यह निश्चय किया कि अवश्य ही भगवान सत्यनारायण ने हमारा नाश कर दिया है। इसलिए मुझे वहां जाना चाहिए जहां श्री सत्यनारायण का पूजन हो रहा था। ऐसा मन में निश्चय करके वह राजा गोपगणों के समीप गया और उसने गोपगणों के साथ भक्ति-श्रद्धा से युक्त होकर विधिपूर्वक भगवान सत्यदेव की पूजा की। भगवान सत्यदेव की कृपा से वह पुनः धन और पुत्रों से सम्पन्न हो गया तथा इस लोक में सभी सुखों का उपभोग कर अन्त में सत्यपुर वैकुण्ठलोक को प्राप्त हुआ। श्रीसूत जी कहते हैं - जो व्यक्ति इस परम दुर्लभ श्री सत्यनारायण के व्रत को करता है और पुण्यमयी तथा फलप्रदायिनी भगवान की कथा को भक्तियुक्त होकर सुनता है, उसे भगवान सत्यनारायण की कृपा से धन-धान्य आदि की प्राप्ति होती है।

*(क्रमशः)*

# सचिन सीमा : कोई शरहद न इन्हें रोके



यशोदा श्रीवास्तव

***ग्रेटर*** नोएडा के जेवर सिविल कोर्ट से जमानत मिलने से खुश पाकिस्तान की सीमा हैदर ने कहा उसे अब सीमा सचिन के नाम से जाना जाय! उसके जिंदगी में को गुलाम हैदर भी था इसे वह भूल चुकी है। उसके चेहरे पर चमक थी। उसने कहा भी कि वह इतनी जल्दी जेल से बाहर आ जायेगी, उसे यकीन नहीं था। कहा, वह पाकिस्तान की है लेकिन अब भारत की बहू है। कोर्ट ने उसे बिना इजाजत कहीं भी जाने पर रोक लगा दी है लेकिन वह शीघ्र ही कोर्ट से इजाजत लेकर हरिद्वार गंगा नहाने जायेगी। भारत में अवैध रूप से रह रही सीमा को पुलिस ने उसके प्रेमी सचिन मीणा पिता नेत्रपाल के साथ कुछ रोज पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सीमा का भाई पाकिस्तान सेना में है और वह खुद भी नेपाल के रास्ते भारत आई थीं। इसके पहले उसके हफ्ता भर तक नेपाल में रहने की सूचना पर पुलिस और अन्य सुरक्षा अधिकारी चौकन्ना थे। उससे गहन पूछताछ की गई। अवैध वीजा के अलावा कुछ भी आपत्ति जनक न पाये जाने की स्थिति में रबपुरा थाने की पुलिस ने सचिन मीणा, उसके पिता नेत्रपाल और सीमा के खिलाफ विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 और भारतीय दंड संहिता की धारा 120 के तहत मुकदमा दर्ज कर तीन जुलाई को जेल भेज दिया था। यह मामला अब न्यायालय के विचाराधीन है। सीमा और सचिन पर आगे का फैसला क्या होता है इसके लिए इंतजार करना होगा लेकिन शरहद पार सीमा और सचिन की प्रेम कहानी किसी रोमांटिक फिल्म जैसा है। ऐसी फिल्म जिसे जब आप देखना शुरू करते हैं तो मन में यह डर बना रहता है कि यह जल्दी न खत्म हो जाय! यानि आप उस फिल्म का किसी भी रूप में हिस्सा भले न हों, उसमें गहराइयों तक डूब जाते हैं। सीमा हैदर और सचिन मीणा की प्रेम कहानी को यदि फिल्माया जाय तो वह एक ऐसी ही फिल्म साबित होगी। वर्ष 2019 में चार बच्चों की मां सीमा हैदर की पब्जी के जरिये नोएडा के सचिन मीणा से चैटिंग के जरिये प्यार हुआ था। परस्पर दो दुश्मन देशों के प्रेमी प्रेमिका की यह प्रेम कहानी इस बात से बेफिक्र कि उनका आपस में मिलना आसान नहीं है, उनका प्यार गहराता गया जो इस हद तक पंहुच गया कि सीमा न केवल चार बच्चों के बाप अपने पति गुलाम हैदर को छोड़ भारत सचिन के साथ रहने को ठान ली, उसने हिंदू धर्म भी कबूल करना सोच ली। सचिन के प्यार में पागल सीमा हैदर अपने पति गुलाम हैदर जखरानी से इतना बड़ा धोखा तब कि जब वह सउदी अरब जाकर अधिक से अधिक पैसा कमाकर अपनी पत्नी को खुश करने की कोशिश में था। सीमा गुलाम हैदर की दूसरी बीबी थी। सीमा के कहने पर गुलाम हैदर ने अपनी पहली बीबी को तलाक दे दिया था। शादी के बाद वह पति के नाम से जोड़ कर सीमा गुलाम हैदर हो गई थी। भारत आकर अब वह सिर्फ सीमा है। सचिन मीणा के प्यार में पागल सीमा की हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी कि उसने सचिन से मिलने के लिए अपना और बच्चों का पासपोर्ट बनवाया और दस मार्च को काठमांडू आ गई जहां सीमा

**सीमा और सचिन पर आगे का फैसला क्या होता है इसके लिए इंतजार करना होगा लेकिन शरहद पार सीमा और सचिन की प्रेम कहानी किसी रोमांटिक फिल्म जैसा है।**


**प्यार**

और सचिन पहली बार रूबरू हुए। काठमांडू में सचिन पहले से मौजूद था। यहां नया बस अड्डा के समीप एक होटल में दोनों हफ़्ता भर रहे। इस वादे के साथ कि दोनों शीघ्र ही शादी करके एक साथ इंडिया में रहेंगे, सीमा पाकिस्तान लौट गई और सचिन भारत अपने घर आ गया। पाकिस्तान में कराची के मलीर कैंट थाने में सीमा और उसके चार बच्चों के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज है। उसका पति सउदी में अपनी पत्नी को पाने के लिए तड़प रहा है।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# जल प्रलय प्रकृति कम गलत योजनायें व भ्रष्टाचार अधिक जिम्मेदार



निर्मल रानी

***इस*** समय उत्तर भारत के दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान जैसे राज्य व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ पिछले दिनों लगातार कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश की वजह से अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। कई राज्यों में तो जल प्रलय जैसी स्थिति बनी हुई है। सैकड़ों लोग बाढ़,भूस्खलन की भेंट चढ़ चुके हैं। हजारों गांव पूरी तरह डूबे पड़े हैं। दर्जनों पुल ध्वस्त हो चुके हैं अनेक तटबंध टूट चुके हैं ,दर्जनों राजमार्ग या तो बाढ़ के कारण कट चुके हैं या कई जगह जनता ने पानी निकालने के लिये स्वयं काट दिये हैं। न जाने कितने मकान होटल ,व्यवसायिक केंद्र विभिन्न राज्यों में बह गये या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। यह हालात इस समय उपरोक्त राज्यों में विशेषकर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ जैसे देश के विकसित व संपन्न राज्यों में देखने को मिल रहे हैं। तमाम ट्रेन स्थगित हैं , मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण अनेक रूटस की बस सेवाएं रद्द कर दी गयी हैं। तमाम जगहों पर तेज जल प्रवाह के चलते गाड़ियां बह गयीं। लोगों के घरों के अंदर पानी प्रवेश कर गया। यहां तक कि तमाम बहु मंज़िला इमारतों की निचली मंजिल तक डूब गयी। विभिन्न राज्यों में स्कूल कॉलेज अनिश्चित काल के लिये बंद कर दिये गये। मौसम विशेषज्ञों द्वारा बताया जा रहा है कि जहाँ इस भीषण वर्षा का कारण पहाड़ों पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस है वहीं पंजाब और हरियाणा में साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी इसका मुख्य कारण है। अत्यधिक मानसून ट्रफ मध्य भारत से चलकर पंजाब हरियाणा की ओर आया है। गोया तबाही का अभूतपूर्व दृश्य इस समय देखा जा रहा है। और आधुनिक संसाधनों पर अपना नियंत्रण रखने वाले करोड़ों लोग इस समय इस विपदा के आगे बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं। निःसंदेह इस तबाही का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। परन्तु लगभग प्रत्येक वर्ष देश के किसी न किसी राज्य व क्षेत्र में वर्षा के दौरान होने वाले जल प्रलय व बाढ़ के बाद इस बार भी यह सवाल कुछ अधिक ऊँचे स्वर में पूछा जाने लगा है कि इस तबाही की जिम्मेदार क्या केवल प्रकृति ही है? या फिर सरकार की गलत योजनायें और व्यवस्था में व्याप्त आकंठ भ्रष्टाचार भी इसके लिये जिम्मेदार है ? उदाहरण के तौर पर देश में असम और बिहार जैसे राज्यों की गिनती निश्चित रूप से सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्यों में की जाती है। असम और बिहार की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है कि नदी प्रधान इन राज्यों में लगभग प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती ही रहती है। हजारों करोड़ रुपए सरकारों द्वारा नदियों के तटबंधों के निर्माण पर खर्च किये जाते हैं। परन्तु नदियों का जलस्तर बढ़ते ही इनमें से तमाम तटबंध टूट जाते हैं और उसी जल प्रवाह में बह जाते हैं। इसी तटबंध के निर्माण के नाम पर एक बड़ा घोटाला दशकों से नेताओं, अधिकारीयों व ठेकेदारों की सांठ गाँठ से होता आ रहा है। इसी तरह यह सवाल भी पूछा जाता है कि नदियों पर निर्मित नये पुल या कुछ वर्षों पूर्व बनाये गये वे पुल आखिर क्यों बह जाते हैं जिन्हें ढोल पीटकर धार्मिक विधि विधान के साथ 'मंत्रियों के करकमलों' से उद्घाटित किया जाता है? जबकि देश में हजारों ऐसे पुल अभी भी मौजूद हैं जो अठारवीं शताब्दी में अंग्रेजों के द्वारा बनाये गये हैं? आज जल प्रलय वाले तमाम इलाकों में अधिकांश रेल व भूमिगत अंडर पास पूरी तरह डूबे पड़े हैं। क्या जल भराव के कारण बंद पड़े ऐसे अंडर पास के योजनाकारों से यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिये कि यह अंडर पास जल भराव से सुरक्षित क्यों नहीं रह पाते?

**तमाम जगहों पर तेज जल प्रवाह के चलते गाड़ियां बह गयीं। लोगों के घरों के अंदर पानी प्रवेश कर गया। यहां तक कि तमाम बहु मंज़िला इमारतों की निचली मंजिल तक डूब गयी।**

**भ्रष्टाचार**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 9 गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले मे थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में दोपहिया और चारपहिया वाहनों को चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं। जिनके कब्जे से चोरी की 14 बाइक और 4 कार बरामद की गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजीव सुमन ने बुधवार को बताया कि आरोपियों की पहचान अमित बंसल, सुमित बंसल, मारूफ खान, रेशु, दिलशाद, जावेद, ताजिम, मुशर्रफ उर्फ मुशर्रत और मुनीर के रूप में हुई है। ये आरोपी मास्टर डिवाइस की मदद से दिल्ली एनसीआर से बाइक चुराते थे। एसएसपी ने बताया कि मुखबिर द्वारा गुप्त सूचना मिली थी कि तीन शख्स सिविल लाइन थाना अंतर्गत बझेड़ी अंडरपास के पास से चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल से आएंगे, जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और तीन आरोपियों को पकड़ लिया। एसएसपी ने कहा, तीनों आरोपियों को मोटरसाइकिल पर देखे जाने के बाद तुरंत पकड़ लिया गया।

### घर से मिला दंपती का शव, चार साल का बच्चा खेलता मिला

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार सुबह एक घर के कमरे से एक दंपती का शव बरामद किया है। पति-पत्नी दोनों के शव पंखे में लगे फंदे से झूल रहे थे जबकि माता-पिता की मौत से बेखबर उनका चार वर्षीय बेटा वहीं खेल रहा था।

पुलिस के अनुसार, फरदो पुल के पास स्थित एक मकान के कमरे से पति-पत्नी का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान पारू थाना क्षेत्र के लाल छपरा निवासी विक्रम कुमार और उनकी पत्नी शबनम सिंह के रूप में हुई है। दंपति सदर थाना क्षेत्र के फरदो पुल के समीप सैनिक कैंटीन के पास एक किराये के मकान में रहता था।

विक्रम सिंह प्राइवेट जॉब कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सूत्रों ने बताया कि किसी बात को लेकर देर शाम पति-पत्नी में विवाद हो गया था जिसके बाद उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सदर थाना प्रभारी सत्येंद्र मिश्रा ने बताया कि एक घर से दंपति का शव बरामद किया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या की ही संभावना है।

### उत्तर बंगाल में होगी भारी बारिश, दक्षिण में बढ़ेगी गर्मी

**कोलकाता।** जुलाई महीने का मध्य आ जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्से में गर्मी पीछा नहीं छोड़ रही जबकि उत्तरी भाग में लगातार बारिश जारी है। बुधवार को मौसम विभाग की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि उत्तर बंगाल में बारिश की मात्रा और बढ़ेगी जबकि दक्षिण बंगाल में अभी भी गर्मी से लोग बेहाल रहेंगे। यहां राजधानी कोलकाता में न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है जबकि अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस है। आसमान में बादल छाए होने की वजह से उमस भरी गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा है। बुधवार को भी कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा समेत दक्षिण बंगाल के अन्य इलाके में हल्की बारिश होती रहेगी। हालांकि उत्तर बंगाल में भारी बारिश के आसार हैं।

### सीएम योगी ने जारी की नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थानों की रेटिंग, कहा

# हर जिले में होगा मेडिकल कॉलेज

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिए बुधवार के दिन ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में एक ओर जहां शामली और मऊ जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए अनुबंध हुए, वहीं मिशन निरामयाः के तहत प्रदेश के सभी नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों की रेटिंग जारी की गई। यही नहीं, नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थानों की गुणवत्ता सुधार के लिए अपनाई गई 'मेंटॉर-मेंटी' प्रक्रिया के तहत 08 नए संस्थानों को मेंटॉर का प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मात्र 12 मेडिकल कॉलेज थे। प्रधानमंत्री की 'एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना को साकार करते हुए आज उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही है। आज 45 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि 16 जिलों में निमार्णाधीन हैं। मऊ और शामली जैसे जिले,



जो आज से 06 वर्ष पहले अन्य कारकों से जाने जाते थे, वहां आज मेडिकल कॉलेज स्थापित हो रहे हैं। मऊ माफिया के कारण भयभीत रहता था तो शामली में पलायन का दंश था। आज इन दोनों ही जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही है। यह किसी सपने के साकार होने जैसा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने पैरामेडिकल और नर्सिंग संस्थानों को उपेक्षित रखा था। स्टेट मेडिकल फैकल्टी खुद बीमार थी और गुणवत्तापरक शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं था। ऐसे में 'मिशन निरामयाः' की आवश्यकता थी, जिसे सरकार ने बढ़ाया। इसके तहत 12 अच्छे संस्थानों को मेंटॉर के रूप में चिन्हित किया गया। मेंटॉर-मेंटी की नीति के साथ आगे बढ़ी सुधार की प्रक्रिया का ही परिणाम है कि आज 08 और संस्थान मेंटॉर के रूप में अपग्रेड हो गए हैं। यह बदलती हुई व्यवस्था का प्रमाण है। शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मेडिकल कॉलेज हो या हॉस्पिटल, नर्सिंग हो या पैरामेडिकल कॉलेज, अगर गुणवत्ता है, मानक पूरा है तो उसकी शासन की सभी पात्र योजनाओं का लाभ बिना विलंब मिलना चाहिए। अगर वह मानक पूरा नहीं करता तो ऐसे संस्थानों को अपनी सूची से बाहर किया जाना चाहिए। क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया द्वारा शुचिता और पारदर्शिता के साथ की गई नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों की गुणवत्ता रैंकिंग अन्य संस्थानों को भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 16 असेवित जनपदों में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) आधार पर मेडिकल कालेज की स्थापना किए जाने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में महाराजगंज एवं संभल में निजी निवेश कताओं का चयन पूर्व में किया जा चुका है। दोनों स्थान पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रगति पर है। आज मऊ में राजीव सामाजिक शिक्षा सेवा संस्थान को तथा जनपद शामली में चिन्हित प्राईवेट पार्टनर-ज्ञान चेतना एजुकेशलन सोसाइटी एवं उत्तर प्रदेश शासन के बीच एग्रीमेण्ट हस्ताक्षरित हुआ है। प्रत्येक स्थान पर निजी निवेशकर्ता लगभग 250 करोड़ रुपए के निवेश से एक निजी मेडिकल कॉलेज स्थापित करेंगे। दोनों सामाजिक संस्थानों को मेरी शुभकामनाएं।

### मुजफ़्फ़रपुर पुलिस अब आमजन की भी डिजिटल शिकायतें सुनेगी

**मुजफ़्फ़रपुर।** जिले की पुलिसिंग अब और हाईटेक हो गई है। एसएसपी राकेश कुमार की ओर से जिले के सभी थाना,ओपी, साइबर सेल थाना,डीएसपी,सिटी एसपी और एसएसपी का मेल आईडी के साथ-साथ मोबाइल नंबर आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया गया है। वही सभी पदाधिकारियों को यह निर्देश भी दिया गया है कि जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र तक सभी थानेदार या पुलिस पदाधिकारी अपना विभागीय काम जैसे छुट्टी लेना किसी भी चीज का परमिशन सहित अन्य कार्य जो कार्यकलाप से जुड़ा हो बेहतर पुलिसिंग के ख्याल से सभी को अब डिजिटल काम करना होगा। अधिकारी की मेल आईडी के द्वारा संबंधित अधिकारी को सीधे मेल कर सकते हैं। इतना ही नहीं यह व्यवस्था आम जनों के लिए भी है जो कहीं से भी बैठे अपनी शिकायत संबंधित अधिकारी और थाना को मेल कर दर्ज कर सकते हैं। उल्लेखनीय है बीते दिनों जिस तरह से पुलिस की व्यवस्था थी। आवेदन मिलने के बाद भी शिकायत रहती थी कि आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

## किसान सलाहकारों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने भांजी लाठियां



**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना की सड़कों पर बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे किसान सलाहकारों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस लाठीचार्ज में कई प्रदर्शनकारियों को घायल होने की खबर है।बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों किसान सलाहकार जनसेवक का दर्जा सहित विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे और राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी की। ये सभी पटना के आर ब्लॉक चौराहे पर एकत्रित होकर विधानसभा घेराव करने वाले थे। आर ब्लॉक चौराहे से जब ये आगे बढ़े तब पुलिस ने इन्हें हटने को कहा। उन्हें रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी।वरीय पुलिस अधिकारी माइक पर किसान सलाहकारों को पीछे हटने के लिए कह रहे थे। लेकिन, जब ये नहीं माने तो पुलिस ने बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठियां चलाईं, जिससे अफरातफरी मच गई। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग है कि उन्हे जनसेवक के पद पर समायोजित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे 13 साल से काम कर रहे हैं और राज्य सरकार ठगने का काम कर रही है।

## रायपुरः स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया जल सत्याग्रह का ऐलान

**एजेंसी। रायपुर**

एस्मा लगाने के खिलाफ, हड़ताल पर गए प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आज (बुधवार) जल सत्याग्रह करने का ऐलान किया है।सभी कर्मचारी नवा रायपुर के तूता में संविदा कर्मचारियों के साथ जल सत्याग्रह करने पहुंच रहें हैं।मंगलवार देर रात स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए भूपेश सरकार ने एस्मा का आदेश जारी कर दिया है। कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेश तिवारी ने कहा कि संविदा कर्मचारियों के हड़ताल को तोड़ने के लिए सरकार ने एस्मा लागू किया है। इस आदेश के खिलाफ अब सभी कर्मचारी नवा रायपुर के तूता में अन्य जिलों से भारी संख्या में पहुंचे संविदा कर्मचारियों के साथ जल सत्याग्रह करेंगे।संविदा कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र तिवारी ने देर रात एक वीडियो जारी कर इसके विरोध में जल सत्याग्रह करने का ऐलान किया है। सभी कर्मचारी आज दोपहर 12 बजे जल सत्याग्रह कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री अश्वनी गुर्देकर ने एस्मा के आदेश को तानाशाही रवैया बताया है।उन्होंने कहा है कि वैसे ही स्वास्थ्य विभाग का काम हमेशा अनिवार्य सेवा के अंतर्गत आता ही है। इसलिए एस्मा लगाया जाना उतना प्रभावशील नहीं होगा।कर्मचारियों को इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुर्रे ने बताया कि 2022 के मनरेगा कर्मचारी 76 दिनों के हड़ताल को भी मात्र आश्वासन देकर तोड़वा दिया गया। आज पर्यंत तक उन वादों पर अमल नहीं किया गया। राज्य सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण और विच्छिन्नता निवारण अधिनियम (एस्मा) 1979 की धारा 4 की उपधारा 1 तथा 2 में मिली शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबद्ध समस्त काम और स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यक सेवाओं में काम करने से इनकार किए जाने को प्रतिषेध (बैन) कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## मानसून सत्रः तेजस्वी के इस्तीफे के लिए विपक्ष ने विधानसभा में किया हंगामा

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जब सदन में अंकसूची प्रश्नों के बाद तारांकित प्रश्नों का जवाब देने के लिए खड़े हुए तो भाजपा के विधायकों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। भाजपा के विधायकों ने कुर्सी उठाई और सदन के अंदर पोस्टर भी दिखाए, जिसके बाद अध्यक्ष ने पोस्टर हटाने का आदेश दिया।

स्पीकर ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आप इस तरह का आचरण कीजिएगा तो मुझे कार्रवाई करनी पड़ेगी। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।



दरअसल, तेजस्वी यादव जब ग्रामीण कार्य विभाग से जुड़े सवाल का जवाब देने खड़े हुए तो भाजपा सदस्यों ने विरोध किया। भाजपा विधायक वेल में पहुंच कर तेजस्वी यादव को पोस्टर दिखाने लगे। भाजपा के विधायक तेजस्वी यादव से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने वेल में पोस्टर लहरा रहे भाजपा सदस्यों से पोस्टर लेने का आदेश दिया। भाजपा के नीरज बबलू ने कुर्सी उठा लिया। इसपर स्पीकर ने चेतावनी देते हुए कहा कि आप पूर्व में सरकार के मंत्री रहे हैं। यदि ऐसा आचरण करेंगे तो हमें कार्रवाई करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि लैंड फॉर जॉब केस में चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद भाजपा लगातार इस्तीफे की मांग कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने आज विधानसभा में मौजूद सीएम नीतीश से पूछा कि कहां गई आपकी जीरो टॉलरेंस की नीति, आपने भ्रष्टाचार से क्यों समझौता किया ? नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने सदन में कहा कि इतने कम उम्र में तेजस्वी यादव इतने संपत्ति के मालिक कैसे बने।

सिन्हा ने कहा कि मैं आसन का सम्मान करता हूं नेता विरोधी दल को बोलने की परंपरा रही है। इसलिए यह सवाल किया जा रहा है। यहां मुख्यमंत्री बैठे हुए हैं, जवाब दें। शिक्षकों को समान वेतन देने की बात कहने वाले आज क्यों मौन है? किसान सलाहकार आज पटना में प्रदर्शन कर रहे हैं तो उनपर लाठीचार्ज हो रहा है।

## मप्र विस सत्र : वन कर्मियों को मिले पुलिस के समान विशेष भत्ता, बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के वनकर्मियों को पुलिस की भांति एक माह का अतिरिक्त वेतन मिलेगा। वन मुख्यालय द्वारा इसका प्रस्ताव तैयार कर मप्र शासन को भेजा गया है, जिसे मंजूरी मिलते ही लागू कर दिया जाएगा। इसका लाभ राज्य के करीब बीस हजार वन कर्मचारियों को होगा। बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान उक्त आशय की जानकारी मध्य प्रदेश के वन मंत्री कुँवर विजय शाह द्वारा सदन में दी गई। वे विधायक नारायण सिंह पट्टा के प्रश्नकाल के दौरान उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे।



विधायक सिंह ने कान्हा टाइगर रिजर्व को आधार बनाकर सदन में वनमंत्री से पूछा और साथ ही कुछ जानकारियों भी राज्य के वनक्षेत्र से संबंधित साझा की । उन्होंने कहा कि कुछ वनक्षेत्र नक्सली गतिविधियों के चलते संवेदनशील हैं। यहां कार्यरत कर्मचारी 24 घण्टे ड्यूटी पर सक्रिय रहते हैं। क्या नक्सल प्रभावित होने के कारण कान्हा पार्क के समस्त कर्मचारियों को पुलिस की तरह विशेष भत्ता मूल वेतन में जोड़कर दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। क्या पुलिस के समान इन कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन देने पर विचार किया जाना चाहिए? कान्हा पार्क में कार्यरत सुरक्षा श्रमिक, टी.पी.एफ. कर्मचारी, फायर श्रमिक को स्थायीकर्मी में समाहित किये जाने पर विचार किया जा रहा है? इनके नियमितीकरण पर विचार किया जा रहा है? इनके मामले में श्रम कानून का पालन किया जा रहा है? इनकी स्वाभाविक मृत्यु या जंगली जानवरों द्वारा मारे जाने पर इनके परिवार को आर्थिक सहायता या अनुकंपा नियुक्ति का कोई प्रावधान है? इसके उत्तर में वनमंत्री ने बताया कि कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का आंशिक क्षेत्र संवेदनशील है।

## शहादत देने वाले एसपी विनोद चौबे और 28 जवानों को किया गया याद

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश ने नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहादत को प्राप्त हुए शहीद विनोद चौबे एवं उनके साथ शहीद हुए 28 पुलिसकर्मियों को उनके शहादत दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि, 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव में मदनवाड़ा के जंगलों में नक्सलियों से लोहा लेते हुए जाबांज पुलिस अधीक्षक स्व. विनोद चौबे एवं उनकी टीम ने अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए थे। ऐसे महान सपूतों को हम सब नमन करते हैं। उल्लेखनीय है कि एसपी विनोद चौबे छत्तीसगढ़ के नक्सल ऑपरेशन में देश के पहले



शहीद आईपीएस अधिकारी थे। मरणोपरांत उन्हें कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। इस नक्सली हमले में एसपी के अलावा 29 जवान भी शहीद हुए थे। नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान स्व.विनोद ध्रुव, उनि कोमल साहू, उनि धनेश साहू, प्रआर सुंदर लाल चौधरी, प्रआर दुष्यंत सिंह, आर प्रेमचंद पासवान, आर अरविंद शर्मा, प्रआर गीता भंडारी, प्रआर जखरियस खलखो, प्रआर संजय यादव, आरक्षक प्रकाश वर्मा, आर बेदुराम सूर्यवंशी, आर सुभाष कुमार बेहरा, आर टिकेश्वर देशमुख, आर सूर्यपाल वट्टी, आर अजय कुमार भारद्वाज, आर मनोज वर्मा, आर लोकेश छेदइया, आर श्यामलाल भोई,आर मिथलेश कुमार साहू, आर रजनीकांत, आर निकेश साहू, आर संतराम साहू, आर झाडूराम साहू, आर अमित नायक, आर वेदप्रकाश यादव, आर रितेश कुमार वैष्णव, आर लालबहादुर नाग शहीद हुए थे।

### नवादा में कैदी वाहन की टक्कर से रिक्शा चालक की मौत

**नवादा।** नवादा में बुधवार को कैदी वाहन ने खड़ी रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी ।जिसकी वजह से रिक्शाचालक की मौत हो गई.इसके बाद स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल काटा और सड़क जाम कर हंगामा किया।

यह घटना नवादा के बुंदेल खंड ओपी थाना क्षेत्र में हुई है.एक कैदी वाहन ने सड़क किनारे खडे एक रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा चालक की मौत हो गई, बताया जाता है कि, 'कैदी वाहन कैदियों को लेकर कोर्ट से मंडल कारा की ओर जा रहा था तभी सदभावना चौक के समीप सड़क किनारे खड़ी एक रिक्शा में जोड़दार टक्कर मार दिया। इस दौरान रिक्शा चालक बुरी तरह से घायल हो गया। जहां आसपास रहें लोगों ने आनन फानन में घायल रिक्शा चालक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया । इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

**पहल** | जलवायु परिवर्तन के दौर में लेमनग्रास की खेती बेहतर विकल्प

# किसानों के लिए हो सकता है लाभदायक

**एजेंसी। पूर्वी चंपारण**

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में परंपरागत खेती से हटकर औषधीय खेती की ओर कदम बढ़ाना किसानों के लिए काफी लाभदायक हो सकता है,जिसमे लेमनग्रास की खेती एक बेहतर विकल्प है।कम खर्च में बेहतर मुनाफा देने वाला लेमनग्रास एक मध्यम ऊंचा घासीय पौधा है जिसके पत्ते और खुशबूदार तने की मांग औषधीय उद्योगों में बढ़ी है।

इसकी खेती करने का सबसे अच्छा समय फरवरी से अगस्त बीच बताया गया है। वहीं एक बार लगाने के बाद इसकी छह से सात बार कटाई की जा सकती है,मुख्यतः साल में तीन से चार बार इसकी कटाई होती है। लेमन ग्रास लगाने के 3 से 5 महीने बाद इसकी पहली



कटाई की जाती है। लेमनग्रास की बढ़वार धूप के साथ अच्छी वर्षा वाले क्षेत्रों में तेजी से होती है। ठंडी जलवायु में इसकी पैदावार कम होती है। ऐसे में इसकी खेती के पूर्व उपयुक्त जलवायु की जांच जरूरी है। इसकी पैदावार के लिए पोषक तत्वों से भरपूर मिट्टी होनी चाहिए। ग्रास तोड़कर सूंघने पर नींबू की तेज खुशबू आए तो समझ जाएं कि यह तैयार हो गया है। जमीन से 5 से 8 इंच ऊपर इसकी कटाई करनी होती है।

### कैसे करें खेती

लेमनग्रास की खेती के लिए सबसे पहले खेत की मेड़ तैयार करें। इसके बाद लेमनग्रास के बीजों को रोप कर हर 15 दिन के अंदर पानी दें। 30 दिन तक पानी जरूर डालें। ध्यान रहे जलभराव वाले क्षेत्रों में इसकी खेती न करें।

### लेमनग्रास का उपयोग और मांग

लेमनग्रास एक बहुमुखी फसल है। जिसमें कई गुण होने के कारण इसकी मांग और मूल्य दोनों ही समान से रूप बने रहते हैं। ऐसे तो लेमनग्रास को सीधे बाजार में बेचा जा सकता है,क्योंकी इनकी पत्तियों की मांग विभिन्न रेस्टोरेंट्स,फूड बेवरेज उद्योग, और अन्य खाद्य व्यवसायों में हमेशा रहती है। दूसरी ओर इसके बाजार का आनलाइन रिसर्च करके भी बेच सकते हैं। लेमनग्रास की पत्तियों को चाय पत्ती में मिलाया जाता है,साथ ही औषधीय गुणों के कारण इसके तेल की भी बहुत मांग है,त्वचा व बाल की समस्या वाले रोगों में भी इसकी बड़ी मांग है। लेमन ग्रास का तेल 1500 से 2000 रुपये प्रति लीटर तक बिकता है,साथ ही आप इसकी चाय बनाकर भी बेच सकते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## गुजरात-महाराष्ट्र में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें आज सपाट बनी हुई है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.01 डॉलर घटकर 74.82 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 79.38 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा रेट जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। गुजरात में पेट्रोल 61 और डीजल 62 पैसे सस्ता हो गया है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल के दाम 54 और डीजल के 47 पैसे घट गए हैं।

# शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी




**डॉलर में कमजोरी की वजह एफआईआई का भारतीय बाजार में लगातार निवेश करना है**

**डॉलर के मुकाबले रुपये में 16 पैसे की तेजी देखने को मिली**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में बुधवार को तेजी का रुझान देखने को मिल रहा है। इस कारण शुरुआती कारोबार में ही डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 82.25 रुपये पर था। अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी की वजह डॉलर इंडेक्स की कमजोरी और विदेशी निवेशकों की ओर से भारतीय शेयर बाजार में किया जा रहा निवेश माना जा रहा है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमत में तेजी अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है और इस वजह से डॉलर के मुकाबले रुपये में बढ़त सीमित बनी हुई है। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपया 82.29 पर खुला था और इस दौरान शुरूआती कारोबार में ही ये 82.25 पर पहुंच गया। इस तरह डॉलर के मुकाबले रुपये में 16 पैसे की तेजी देखने को मिली। विगत मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 82.41 पर खुला था। डॉलर में कमजोरी की वजह एफआईआई का भारतीय बाजार में लगातार निवेश करना है। फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है कि कच्चे तेल में आ रही तेजी रुपये के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। डॉलर इंडेक्स में आज कमजोरी बनी हुई है और 0.30 प्रतिशत गिरकर 101.42 पर कारोबार कर रहा है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स का दाम 0.20 प्रतिशत बढ़कर 79.56 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। सेंसेक्स 40.49 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 65,658.33 अंक और निफ्टी 5.80 अंक या 0.03 प्रतिशत बढ़कर 19,445.20 अंक पर कारोबार कर रहा है। एफआईआई की ओर से 1,197.38 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे गए थे। सरकारी बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी, इन्फ्रा और हेल्थकेयर इंडेक्स में तेजी है, जबकि ऑटो, आईटी, मेटल और रियल्टी अन्य इंडेक्स पर दबाव देखा जा रहा है।

## आरबीआई ने दो बैंकों का रद्द किया लाइसेंस

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2 सहकारी बैंकों- कर्नाटक के तुमकुर स्थित श्री शारदा महिला सहकारी बैंक और महाराष्ट्र में सतारा स्थित हरिहरेश्वर बैंक के लाइसेंस रद्द कर दिए। दोनों बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं बची थी। आरबीआई ने बयान में कहा, हरिहरेश्वर सहकारी बैंक के मामले में बैंक कारोबार के बंद होने का आदेश 11 जुलाई, 2023 से प्रभावी हो गया है। इसके लगभग 99.96 जमाकर्ताओं को जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से उनका कुल जमा दिया जाएगा। वहीं, श्री शारदा महिला सहकारी बैंक के लगभग 97.82 प्रतिशत जमाकर्ताओं को डीआईसीजीसी से उनके जमा का पूरा पैसा वापस किया जाएगा। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी पांच लाख रुपये तक की जमा राशि के लिए जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

## मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव अल-इस्सा ने की मोदी से मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) के महासचिव शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव और मुस्लिम विद्वानों के संगठन के अध्यक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा से मुलाकात की। दोनों ने अंतर-धार्मिक सद्भाव, शांति को आगे बढ़ाने और मानव प्रगति की दिशा में काम करने के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक चर्चा की। भारत की यात्रा पर आए अल-इस्सा ने यहां खुसरो फाउंडेशन और इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। अल-इस्सा भारत सरकार के आधिकारिक निमंत्रण पर यहां आए हैं। एमडब्ल्यूएल एक अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन है जिसका मुख्यालय मक्का में है। इसमें सभी इस्लामी देशों और संप्रदायों के सदस्य शामिल हैं।

## फ्रांस के बैस्टिल दिवस समारोह में चीफ गेस्ट होंगे पीएम मोदी, यूएई का भी करेंगे दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचेंगे। 13 जुलाई गुरुवार को ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता होने की उम्मीद है। इसके अगले दिन यानि 14 जुलाई को पीएम मोदी बैस्टिल दिवस समारोह में शामिल होंगे। बैस्टिल डे फ्लाई-पास्ट में भारतीय वायु सेना का राफेल लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेगा। पीएम मोदी की दो दिवसीय पेरिस यात्रा से पहले फ्रांस ने भारत को बड़ा ऑफर दे दिया है। फ्रांस ने अमेरिका और भारत के बीच जीई-414 इंजन सौदे से कई कदम आगे की पेशकश कर दी है। फ्रांस की सरकार ने भारत को ऐसे इंजन को संयुक्त रूप से डिजाइन, विकसित, टेस्टिंग और सर्टिफाइट करने का प्रस्ताव दिया है। फ्रांस की ओर से भारत के लिए इस प्रस्ताव को काफी अहम माना जा रहा है, अगर डील पर मुहर लगती है तो इससे भारत के ट्विन इंजन लड़ाकू विमानों के साथ उन फाइटर जेटों को भी मदद मिलेगी जिनका संचालन विमानवाहक पोतों से हो रहा है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि फ्रांस की ओर से प्रस्तावित 100 फीसदी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का प्रस्ताव यूएस इंटरनेशनल ट्रेड इन आर्म्स रेगुलेशन से मुक्त है और प्रस्तावित 110 किलो न्यूटन इंजन पूरी तरह से मेड इन इंडिया होगा, मतलब इंजन का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। डीआरडीओ प्रमुख डॉ समीर वी कामत ने हाल ही में संपन्न हुई पेरिस एयर शो के दौरान सफरान इंजन फैक्ट्र एंड रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर का विशेष दौरा किया था।

# सिनेमाहॉल में अब पॉपकॉर्न-कोल्ड ड्रिंक हुआ सस्ता, कैंसर की दवाएं टैक्स फ्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक हुई, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। सीतारमण ने प्रेस ब्रीफ्रिंग कर मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। ॠ्ळ काउंसिल ने सिनेमाहॉल में सर्व होने वाले खाने पर टैक्स को घटाकर 5 फीसदी कर दिया है जिससे उनकी कीमतों में कमी आएगी। इसके अलावा अब कैंसर की इंपोर्टेड दवा पर इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नहीं लगेगा। वहीं जीएसटी काउंसिल ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कैसिनो की फुल वैल्यू पर 28 फीसदी गुड्स एंड सर्विस टैक्स लगाने पर सहमत हो गई है। जानकारी के मुताबिक गेम्स, कैसिनो या हॉर्स रेसिंग की पूरी बैटिंग वैल्यू पर जी.एस.टी. चुकाना होगा। उधर गेमिंग इंडस्ट्री ने ऊंचे गुड्स एंड सर्विस टैक्स के फैसले पर निराशा जताई है। एफआईएफएस यानि फैडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स के डी.जी. जॉय भट्टाचार्या ने कहा कि 28 फीसदी का ऊंचा टैक्स इंडस्ट्री के लिए बड़ा झटका है। मिली जानकारी के अनुसार जीएसटी की नई दरों को लेकर नियमों में संशोधन करना पड़ेगा क्योंकि फिलहाल ये सभी एक्शन आधारित दावों की कैटेगरी के अंतर्गत आते हैं। एक बार संशोधन पूरा होने पर इन दरों के जारी होने की तारीखों का ऐलान किया जाएगा। इसके साथ ही काऊंसिल ने साफ किया कि गेम्स ऑफ स्किल और गेम्स ऑफ चांस का कोई मतलब नहीं है। कारोबारियों के लिए एक अच्छी खबर आई है, क्योंकि अभी तक जीएसटी से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए अपीलेट ट्रिब्यूनल यानि किसी फैसले के खिलाफ अपील करने की कोर्ट नहीं थी। अब बैठक में जीएसटी ट्रिब्यूनल को गठित करने की मंजूरी मिल गई है। ट्रिब्यूनल बनने के बाद जीएसटी विवाद अब ट्रिब्यूनल में जाएंगे।

## विदेश

### ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन 8वीं बार बने पिता

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की पत्नी कैरी ने पिछले सप्ताह एक बेटे को जन्म दिया है। कैरी ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट में इसकी जानकारी दी। कैरी (35) ने पोस्ट में लिखा, पांच जुलाई को सुबह सवा नौ बजे फ्रैंक अल्फर्ड ओडीसियस जॉनसन का दुनिया में स्वागत किया। कैरी ने लिखा, यूसीएलएच (यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन हॉस्पिटल) में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा की अविश्वसनीय मातृत्व टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। वे वास्तव में सबसे अद्भुत देखभाल करने वाले लोग हैं। मैं अत्यंत कृतज्ञता महसूस कर रही हूं। जॉनसन और कैरी ने मई 2021 में शादी की थी। उनके पहले बेटे विल्फ का जन्म अप्रैल 2020 में हुआ था। बेटी रोमी का जन्म दिसंबर 2021 में हुआ था। बोरिस जॉनसन की तीन महिलाओं से यह आठवीं संतान है। इन महिलाओं में भारतीय मूल की उनकी पूर्व पत्नी मारिना व्हीलर भी शामिल हैं।

# अमेरिका के मुकाबले भारत में ज्यादा सुरक्षित हैं अल्पसंख्यक : नायडू



**एजेंसी। वाशिंगटन**

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता भारतीयों के खून में है और अमेरिका सहित कई अन्य देशों के मुकाबले भारत में अल्पसंख्यक कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं। वेंकैया (74) ने ह्यनेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन्स' द्वारा सोमवार को ग्रेटर वाशिंगटन डीसी इलाके में उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ह्व(भारत के खिलाफ) दुष्प्रचार किया जा रहा है। पश्चिमी मीडिया का एक तबका भी इसमें शामिल है। वह भारत और वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा बन गया। मैं इन लोगों को बताना चाहूंगा कि भारत में अल्पसंख्यक यहां (अमेरिका) के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, आप देखिए कि भारत में क्या हो रहा है और दूसरे देशों में क्या हो रहा है। लेकिन, आप जानते हैं कि भेदभाव (दूसरे देशों में) किया जा रहा है। वेंकैया पिछले कुछ दिनों से अमेरिका में हैं। पिछले सप्ताहांत उन्होंने फिलाडेल्फिया में भारतीय-अमेरिकी चिकित्सकों की एक सभा को संबोधित किया था। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अपने अल्पसंख्यकों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा, ह्लजो लोग पाकिस्तान जाना चाहते थे, वे पहले ही देश छोड़ चुके हैं। जो लोग देश में रहना चाहते थे, वे भारत में ही हैं... भारत में धर्मनिरपेक्षता है, क्योंकि यह भारतीयों के खून में है। पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए वेंकैया ने पड़ोसी देश को भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने के खिलाफ चेताया। उन्होंने दोहराया कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। पिछले सप्ताहांत ह्यएसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन के 41वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति ने स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए जीवनशैली में बदलाव पर जोर दिया था।

### नेपाल के पीएम की पत्नी सीता दहल का कार्डियक अरेस्ट से निधन

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड' की पत्नी सीता दाहाल का बुधवार को निधन हो गया। सीता लंबे समय से तंत्रिका तंत्र संबंधी एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थीं। 69 वर्षीय सीता ने बुधवार को काठमांडू के नॉर्विक इंटरनेशनल हॉस्पिटल में अंतिम श्वांस ली। उनके प्रेस समन्वयक सूर्य किरण शर्मा ने बताया कि बुधवार को सीता की हालत गंभीर होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों ने सुबह आठ बज कर 33 मिनट पर उनकी मृत्यु की पुष्टि की। अस्पताल की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक, सीता प्रोग्रेसिव सुप्रान्यूक्लियर पल्सी (पीएसपी), पार्किंसन, मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित थीं। प्रोग्रेसिव सुप्रान्यूक्लियर पल्सी तंत्रिकाओं की एक दुर्लभ बीमारी है जिसकी वजह से संतुलन स्थापित करने में, चलने-फिरने में, देखने, बोलने और निगलने में परेशानी होती है।

# उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का किया प्रक्षेपण



**एजेंसी। प्योंगप्यांग**

उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जल क्षेत्र की ओर बुधवार को एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया और जापान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने अपने क्षेत्र के पास अमेरिका की कथित खुफिया गतिविधियों के विरोध में दो दिन पहले ही ह्यचौंकाने वाले" परिणाम भुगतने की धमकी दी थी, जिसके बाद यह प्रक्षेपण किया गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि प्रक्षेपण बुधवार सुबह किया गया। उन्होंने इसकी कोई जानकारी नहीं दी कि मिसाइल ने कितनी दूरी तक उड़ान भरी । जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने उत्तर कोरिया द्वारा संभावित बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है जब उत्तर कोरिया ने इस सप्ताह की शुरूआत में कई बयान जारी कर अमेरिका पर उसके देश की जासूसी करने के लिए उत्तर कोरिया के करीब एक सैन्य विमान उड़ाने का आरोप लगाया गया था। वहीं अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने उत्तर के आरोपों को खारिज किया और उसे शत्रुता बढ़ाने वाले किसी भी कृत्य या बयानबाजी से दूर रहने को कहा। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की बहन किम यो जोंग ने सोमवार रात एक बयान में दावा किया कि अमेरिकी जासूसी विमान ने दिन में आठ बार उत्तर कोरिया के पूर्वी विशेष आर्थिक क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भरी। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया ने अमेरिकी विमान को खदेड़ने के लिए युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया।

## कारोबार

## एप्पल कंपनी का भारत से निर्यात तेजी से बढ़ा

# पहली तिमाही में 20 हजार करोड़ का आईफोन हुआ एक्सपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एप्पल इंक ने भारत से आईफोन निर्यात में शानदार सफलता हासिल की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 20,000 करोड़ रुपए मूल्य के आईफोन का भारत से निर्यात किया, जो पूरे वित्त वर्ष 2023 में किए गए कुल निर्यात का करीब 50 प्रतिशत है। पहली तिमाही के आंकड़ों से पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही (सिर्फ 4,950 करोड़ रुपए का निर्यात) के मुकाबले आईफोन निर्यात में 400 प्रतिशत वृद्धि का पता चलता है। उत्पादन केंद्रित रियायत (ढछक) योजना के तहत उसके तीन विक्रेताओं- फॉक्सकॉन हॉन हई, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन ने वित्त वर्ष 2024 (योजना के तीसरे वर्ष) में 61,000 करोड़ रुपए के निर्यात की प्रतिबद्धता जताई है। अच्छी खबर यह है कि मौजूदा वित्त वर्ष में सरकार के लिए इस निर्यात प्रतिबद्धता का एक-तिहाई निर्यात पहली तिमाही में ऐपल के विक्रेताओं द्वारा पहले ही पूरा किया जा चुका है और शेष लक्ष्य बाकी तीन तिमाहियों में पूरा किया जाएगा। ऐपल के शानदार निर्यात प्रदर्शन के आधार पर विश्लेषकों का कहना है कि पीएलआई योजना के तहत निर्यात कंपनी की प्रतिबद्धता से ज्यादा रह सकता है। निर्यात में बड़ी तेजी आईफोन मॉडल 12, 13 और 14 की मदद से दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2023 (जब सभी तीन विक्रेता वित्तीय रियायतों के लिए पात्र थे) के मोबाइल के लिए पीएलआई के दूसरे पूरे वर्ष में, उनका संयुक्त आईफोन निर्यात 40,000 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। उस वित्त वर्ष में, ऐपल ने देश से किए गए 90,000 करोड़ रुपए मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात में 45 प्रतिशत योगदान दिया था। पिछले साल भारत से मोबाइल फोन का निर्यात वित्त वर्ष 2022 के 45,000 करोड़ रुपए के मुकाबले करीब 100 प्रतिशत तक बढ़ गया। मोबाइल फोन निर्यातकों ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट को भी पिछले वित्त वर्ष शीर्ष-पांच निर्यात में से एक बनाए जाने में मदद की। इसके अलावा शीर्ष-5 निर्यात क्षेत्रों में चार इंजीनियरिंग वस्तु, पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, जैविक एवं गैर-जैविक रसायन शामिल रहे। भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2026 तक 50-58 अरब डॉलर मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात का लक्ष्य रखा है, हालांकि इंडियन सेल्युलर ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन का मानना है कि यह लक्ष्य संभव नहीं हो सकता है और तब तक सिर्फ 40-45 अरब डॉलर का निर्यात हो सकता है। यह अंतर चीन के ब्रांडों से निर्यात में आशाजनक तेजी नहीं आने की वजह से देखा जा सकता है। संगठन का अनुमान है कि चीनी ब्रांडों का निर्यात वित्त वर्ष 2026 तक 10-12 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

### थाइलैंड में सैन्य तख्ता पलट के बाद पीएम चान लेंगे राजनीति से सन्यास

**बैंकॉक।** थाइलैंड में 2014 में हुए सैन्य तख्ता पलट के बाद से लगभग नौ वर्षों से देश की सत्ता संभाल रहे प्रधानमंत्री प्रयुत चान ओचा ने चुनाव में उनकी पार्टी की शिकस्त के बाद राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की। ओचा ने यह घोषणा ऐसे वक्त में की है जब उनकी राजनीतिक पार्टी मई में हुए आम चुनाव में पांचवें स्थान पर रही। देश की 500 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में ओचा की पार्टी को महज 36 सीट मिलीं। पूर्व में सेना कमांडर रह चुके ओचा (69) ने ह्यरूअम थाई सांग चार्ट' या ह्ययूनाइटेड थाई नेशनल पार्टी' के फेसबुक अकाउंट पर यह घोषणा की। ओचा पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे। उन्होंने कहा, ह्ल मैं यूनाइटेड थाई नेशन के सदस्य पद से इस्तीफा देकर राजनीति से सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। मैं पार्टी नेता, अधिकारियों और सदस्यों से संस्थानों, राष्ट्र, धर्म आदि की रक्षा की मजबूत विचारधारा के साथ अपनी राजनीतिक गतिविधियों को जारी रखने और थाईलैंड के लोगों की जिम्मेदारी उठाने की अपील करता हूं।

## भारत-ढाका के बीच रुपये में ट्रेड शुरू

# बांग्लादेश बैंक के गवर्नर बोले, एक महान सफर पर उठा पहला कदम




**एजेंसी। ढाका**

भारत और बांग्लादेश के बीच विगत मंगलवार को रुपये में कारोबार शुरू हो गया जिससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने और क्षेत्रीय मुद्रा में व्यापार को मजबूती मिलेगी। बांग्लादेश ने पहली बार किसी देश से अमेरिकी डॉलर के अलावा उसकी मुद्रा में व्यापार किया है। बांग्लादेश बैंक के गवर्नर अब्दुर रऊफ तालुकदार ने रुपये में व्यापारिक लेनदेन की शुरूआत को ह्यएक महान सफर पर उठा पहला कदम' बताया। तालुकदार ने कहा, भारत और बांग्लादेश के बीच कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और दोनों देशों को उनके आर्थिक सहयोग से फायदा हो रहा है ह्व इस कार्यक्रम में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा भी मौजूद थे। तालुकदार ने कहा कि टका- भारत द्वैध मुद्रा कार्ड की शुरूआत के साथ ही भारत से कारोबार संबंधी लेनदेन की लागत कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुद्रा कार्ड लगभग तैयार है और इसे सितंबर में पेश कर दिया जाएगा। हालांकि बांग्लादेश और भारत कुछ क्षेत्रों में अर्ध-औपचारिक तरीके से सीमा व्यापार करते हैं, जिन्हें ह्यबॉर्डर हट' कहा जाता है। इसमें दोनों देशों की मुद्राओं का आदान-प्रदान सीमित पैमाने पर होता है। अधिकारियों ने कहा कि औपचारिक व्यवस्था के तहत अब से दोनों देशों के बीच शुरूआत में व्यापार रुपये में होगा और व्यापार अंतर कम होने पर धीरे-धीरे बांग्लादेशी मुद्रा टका में कारोबार किया जाएगा। बांग्लादेश और भारत के बैंकों को विदेशी मुद्रा लेनदेन के उद्देश्य से नोस्ट्रो खाते खोलने की अनुमति दी गई है। नोस्ट्रो खाते दूसरे देश के बैंक में खोले गए खाते होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि लेनदेन की दर बाजार की मांग और प्रक्रिया में शामिल बैंकों के अनुरूप निर्धारित की जाएगी। नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश से भारत को निर्यात दो अरब डॉलर का है। जबकि भारत से बांग्लादेश का आयात 13.69 अरब डॉलर का है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री 13-15 जुलाई तक फ्रांस और यूएई के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13-15 जुलाई तक फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 13-14 जुलाई तक पेरिस का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 14 जुलाई को बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि होंगे, जहां भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेनाओं की टुकड़ी भाग लेंगी। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों से औपचारिक बातचीत करेंगे।

### महाराष्ट्र में खाई में गिरी बस, एक की मौत, 10 लोग घायल

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में बुधवार को यात्रियों से भरी राज्य सड़क परिवहन की एक बस सप्तश्रृंगी पहाड़ियों के पास खाई में गिर गई। हादसे में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की पत्नी सीता दाहाल का निधन

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पत्नी सीता दाहाल (69) का निधन हो गया। बुधवार सुबह नेपाल के समयानुसार 8:33 बजे उन्होंने नारविक अस्पताल में अंतिम सांस ली। नारविक अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा। सीता दाहाल लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनका भारत समेत कई देशों में इलाज कराया गया।

# दुर्लभ बीमारियों की दवा होगी सस्ती : मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहाकि कैंसर और दुर्लभ बीमारियों के इलाज में काम आने दवाओं के सस्ता होने से आम लोगों को लाभ मिलेगा। मांडविया ने एक ट्वीट में कहा कि दवाओं पर वस्तु एवं सेवाकर घटाने से गरीब और मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, कैंसर से संबंधित दवाओं, दुर्लभ बीमारियों की दवाओं और विशेष चिकित्सा उद्देश्यों के लिए खाद्य उत्पादों की जीएसटी दर शून्य करने के लिये प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण जी का हार्दिक आभार। स्वास्थ्य भारत में सेवा है। इस निर्णय से देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग को लाभ होगा। मंगलवार को जीएसटी की बैठक में चिकित्सा संबंधी चार वस्तुओं पर जीएसटी में कमी की गयी और कैंसर में उपयोगी तीन दवाओं को जीएसटी मुक्त किया गया।

## राष्ट्रपति 14 जुलाई को करेंगी बाबा खाटूश्याम के दर्शन



**सीकर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 जुलाई को सीकर के विश्व प्रसिद्ध बाबा खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने आएंगी। बुधवार को खाटू ग्राम में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर वायुसेना के तीन हेलीकॉप्टरों का ट्रायल किया गया। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए मंगलवार को खाटू ग्राम में केंद्रीय एजेंसियों के दल ने दौरा कर जिला प्रशासन के साथ तैयारियों का जायजा लिया। राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर जारी अधिकृत कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार दोपहर 01 बजे हेलीकाप्टर से वे खाटूग्राम पहुंचेगी। दोपहर डेढ़ बजे लखदातार बाबा श्याम मंदिर में दर्शन और आरती कर प्रसाद ग्रहण करेंगी।

### बेंगलुरु में होने वाली विपक्ष की बैठक में शामिल होंगी सोनिया गांधी

# विपक्षी एकता को मजबूत करने को महाजुटान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मात देने के लिए विपक्ष एकजुट होने में लगा हुआ है। विपक्ष को एक साथ लाने की कवायद बिहार के सीएम नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले महीने पटना में एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें देश की 15 राजनीतिक पार्टियों के नेताओं और कई राज्यों के सीएम शामिल होने के लिए पहुंचे थे। अब विपक्ष की अगली बैठक बेंगलुरु में होने जा रही है। जिसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल होंगी। ये बैठक 17 और 18 जुलाई को होगी।



**24 दलों के नेता बैठक में शामिल होंगे**

**बैठक** को लेकर सामने आ रही जानकारी के अनुसार, 24 दलों के नेता शामिल होंगे। विपक्ष की इस बैठक में नई पार्टियां भी पहुंचेंगी। सभी दल बीजेपी के विजयी रथ को रोकने के लिए एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे बीजेपी को सत्ता में आने से रोका जा सके।

### ये पार्टियां होंगी शामिल

विपक्षी एकता की बैठक में पहुंचने वाली पार्टियों के नेताओं में मरूमलारची द्रविड़, मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके), कोंगु देसा मक्कल काची (केडीएमके), विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), केरल कांग्रेस (जोसेफ)और केरल कांग्रेस (मणि) हैं।

### विपक्ष में शामिल

**बता** दें कि 2019 में जो पार्टियां एनडीए का हिस्सा थीं, उनमें से केडीएमके और एमडीएमके भी अब विपक्ष में शामिल हो गई हैं। अध्यक्ष सोनिया गांधी भी इस बैठक में शामिल होंगी।

# तेजस्वी को कोर्ट से मिली राहत, सुनवाई 8 अगस्त को

**एजेंसी। पटना**

लैंड फॉर जॉब्स केस में बुधवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली सुनवाई टल गई है। सीबीआई की चार्जशीट पर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई टाल दी है। अब अगली सुनवाई अब 8 अगस्त को होगी। कोर्ट में आज बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ सुनावाई होनी थी। सीबीआई ने चार्जशीट में तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया है। लालू के खिलाफ संबंधित विभाग से सेक्शन नहीं मिलने के कारण कोर्ट ने सुनवाई टाल दी। आज कोर्ट में सीबीआई के वकील और तेजस्वी यादव के



वकील अपना-अपना पक्ष रखने वाले थे। इसके आधार पर तय होता कि चार्जशीट एक्सेप्टबल है या नहीं। सूत्रों की माने तो लैंड फॉर जॉब्स मामले में यह नया केस है। पुराने केस में पहले ही राजद सुप्रीमो लालू यादव, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और बेटी सांसद मीसा भारती जमानत पर हैं। नए केस में भी लालू और राबड़ी को आरोपी बनाया गया है।

# यूके के विज्ञान मंत्री ने कहा, भारत और ब्रिटेन अपने अंतरिक्ष समूहों को जोड़ेंगे

**एजेंसी। मुंबई**

अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने सहयोग को बढ़ाते हुए भारत और ब्रिटेन (यूके) अपने अंतरिक्ष समूहों को जोड़ेंगे। इसकी शुरूआत लीस्टर अंतरिक्ष पार्क से होगी। ब्रिटेन के विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार मंत्री जॉर्ज फ्रीमैन ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रिटेन इस बात पर भी चर्चा कर रहे हैं कि वे निचली पृथ्वी अवलोकन कक्षाओं और उपग्रह संचार के विनियमन का बेहतर उपयोग कैसे कर सकते हैं। फ्रीमैन के अनुसार, दोनों देश परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने के इच्छुक हैं और परमाणु विखंडन और संलयन पर सहयोग



करने को उत्सुक हैं। फ्रीमैन ने पीटीआई को एक साक्षात्कार में बताया कि हम यूके के अंतरिक्ष क्लस्टर पार्कों को भारतीय अंतरिक्ष पार्कों से जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिसकी शुरूआत लीस्टर (अंतरिक्ष पार्क) से होगी, ताकि हम अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को विकसित कर सकें और व्यावसायिक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में यूके के वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों के साथ काम करने वाले युवा भारतीय वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी के लिए कौशल का विकास कर सकें। फ्रीमैन पिछले सप्ताह जी-20 विज्ञान मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए मुंबई में थे। उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष जितेंद्र सिंह से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन देश भर में फैले अपने अंतरिक्ष समूहों में निवेश कर रहा है। फ्रीमैन ने कहा कि यूके 'ऊर्ध्वाधर एकीकृत संप्रभु बंद अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था' को विकसित करने की कोशिश नहीं कर रहा है, बल्कि एक खुली वाणिज्यिक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है।

# शीला दीक्षित के आवास पर शिफ्ट हो सकते हैं राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'मोदी उपनाम' टिप्पणी मामले में संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को अपना आधिकारिक आवास खाली कर दिया था। अब वो एक नए पते पर शिफ्ट होने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने ये जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी दक्षिणी दिल्ली के निजामुद्दीन पूर्व में दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की दिग्गज नेता शीला दीक्षित के आवास पर शिफ्ट हो सकते हैं। तीन बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी शीला दीक्षित के बेटे और पार्टी के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने पहले ही राहुल गांधी के लिए मकान खाली



कर दिया है। राहुल गांधी ने यह मकान किराये पर लिया है। सेंट्रल दिल्ली में 12 तुगलक लेन स्थित अपना आधिकारिक आवास खाली करने के बाद, राहुल गांधी अप्रैल में अपनी मां और पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी के साथ 10 जनपथ में चले आए थे। जिस थ्री-बीएचके घर में राहुल गांधी रहेंगे वह शीला दीक्षित के परिवार का है, जिन्होंने अपने जीवन के आखिरी साल वहां बिताए थे।

# 11 दिन में 1.37 लाख लोगों ने पूरी की अमरनाथ यात्रा

**एजेंसी। श्रीनगर**

इस साल 1 जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिन में अब तक 1.37 लाख तीर्थयात्री बाबा बफानी के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों ने कहा, मंगलवार को 18,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए, जबकि 6,554 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था बुधवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद रहने के कारण जम्मू से घाटी तक तीर्थयात्रा अवरुद्ध रही। फंसे हुए वाहनों और अमरनाथ यात्रियों को निकालने के लिए आज इस मार्ग पर यातायात फिर से शुरू किया गया।

यात्री या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पहलगाम आधार शिविर से 43 किलोमीटर की चढ़ाई होती है जबकि उत्तरी कश्मीर बालटाल आधार शिविर से 13 किलोमीटर की चढ़ाई होती है। पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में तीन-चार दिन लगते है। वहीं, बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं।

## दिल्ली दंगा : पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को पांच मामलों में जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगे के आरोपित ताहिर हुसैन को पांच मामलों में जमानत दी है। जस्टिस अनीश दयाल ने जमानत देने का आदेश दिया। ताहिर हुसैन को दिल्ली दंगों के पांच मामलों में जमानत मिली है लेकिन वो जेल से बाहर नहीं निकल सकेगा क्योंकि दिल्ली दंगों की साजिश रचने और दूसरे मामलों में एफआईआर दर्ज है जिसमें वो जेल में बंद है। बता दें कि 21 अगस्त 2020 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने ताहिर हुसैन के खिलाफ यूएपीए के तहत दर्ज एफआईआर में दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

### जलप्रलय का कहर : देश के 188 जिलों में भारी बारिश

# 550 से अधिक की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में हो रही मूसलाधार बारिश ने कहर बरपा रखा है। वहीं इस बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। देश की राजधानी दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में बारिश के चलते हालात खराब हैं। कई इलाके बाढ़ से जलमग्न हैं और लोगों को घरों से निकालकर दूसरी जगहों पर शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं बारिश से अब तक कई लोगों की जान भी चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक, 11 जुलाई तक देश के 18 राज्यों के 188 जिले बारिश और बाढ़ की चपेट हैं और जान-माल को बुरी तरह नुकसान पहुंचा है।बता दें बारिश से संबंधित घटनाओं में 574 लोगों की मौत हुई है, जबकि 16 लोग लापता बताए गए हैं वहीं 497 लोग घायल हैं। 8644 मवेशियों की भी बारिश के चलते मौत हो चुकी है। 8815 मकानों को नुकसान पहुंचा है, जबकि 47,225 हेक्टेयर फसल बर्बाद हो चुकी है। वहीं अगर हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। पहाड़ी राज्य के 12 जिले बारिश और बाढ़ से प्रभावित हैं। बता दें हिमाचल प्रदेश में बारिश के चलते अब तक कुल 95 लोगों की जान जा चुकी है वहीं 2 लोग लापता हैं, जबकि 99 लोग घायल हैं। 76 मकान पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं, जबकि 319 मकानों का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।




## मेगास्टार शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' के टीजर ने मचाया धमाल

**पठान** के बाद बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'जवान' के साथ फिर वापस आ रहे हैं। शाहरुख खान की 'जवान' के प्रीव्यू ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। अभिनेता सलमान खान



ने भी इसकी जमकर तारीफ की। शाहरुख खान अपकमिंग फिल्म 'जवान' ने सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया बटोरी है। 'जवान' के प्री-रिलीज वीडियो ने 24 घंटे में अब तक के पिछले सभी टीजर और ट्रेलरों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बॉलीवुड के 'भाईजान सलमान' ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए कहा कि "यह ऐसी फिल्म है जिसे केवल सिनेमाघरों में ही देखना चाहिए।" सलमान ने लिखा, 'पठान जवान बन गया' का बेहतरीन ट्रेलर बेहद पसंद आया। यह ऐसी फिल्म है जिसे हमें सिनेमाघरों में ही देखनी चाहिए। मुझे यकीन है कि मैं इसे पहले दिन ही देखूंगा।"

## कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' में नोयोनिका के किरदार से जुड़ गई हैं काजोल



**अभिनेत्री** काजोल आगामी कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' में नोयोनिका सेनगुप्ता की भूमिका में नजर आने वाली हैं। काजोल ने खुद को इस भूमिका में डुबो दिया है और इस किरदार के साथ जुड़ गई हैं। काजोल का कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' - प्यार, कानून धोखा' की स्टोरी नोयोनिका की यात्रा पर है। पति से मिले विश्वासघात के बाद वह ऐसी यात्रा पर निकलती है जो वास्तव में उसे कसौटी पर खड़ा करती है। वह जीवन की सभी चुनौतियों को पार करती है। अनगिनत माताओं की भावनाओं को दोहराते हुए काजोल कहती हैं, नोयोनिका के चरित्र के बारे में मुझे जो पसंद है वह यह है कि वह एक महिला और एक मां है।

## फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का टीजर रिलीज

**सुपरस्टार** प्रदीप पांडे चिंटू की भोजपुरी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का टीजर यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। टीजर देखकर लग रहा कि फिल्म मारधाड़ एवं एक्शन से भरपूर है। टीजर में एक बार फिर से प्रदीप पांडे चिंटू का जलवा देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में चिंटू एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जिनका स्क्रीन अपीयरेंस काफी अपीलिंग है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित भी करता है। फिल्म के निमार्ता संदीप सिंह, अरविन्द कुमार अग्रवाल व म्यूजिक सेटेलाइट हैं और इस फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक अनंजय रघुराज ने किया है। बुधवार को फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का टीजर यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। फिल्म के टीचर से साफ जाहिर होता है कि फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश की है। एक मिनट 26 सेकंड के रनटाइम वाले



फिल्म के टीजर में प्रदीप पांडे चिंटू की एंट्री पुलिस यूनिफॉर्म में एक इमानदार ऑफिसर की छवि में होती है। टीजर में दिखे डायलॉग इस बात की ओर इशारा कर रही है कि फिल्म में संवाद और डायलॉग बेहद मनोरंजक और खास होने वाले हैं। चिंटू के साथ इस फिल्म में संचिता बनर्जी नजर आने वाली है जिनके साथ टीजर में चिंटू शादी करते नजर आए हैं। पावर पैक स्टाइल के मामले में भी चिंटू का कोई जवाब नहीं।

**मिशन** | भाजपा दिग्गजों के गढ़ों पर भी तृणमूल कांग्रेस का कब्जा

# 2024 से पहले बीजेपी को बड़ा झटका

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मुख्य विपक्षी दल भाजपा के लिए असहज करने वाले हैं। पार्टी के दिग्गज नेताओं के घरों के पास के मतदान केंद्रों पर भाजपा को शिकस्त का सामना करना पड़ा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ऐसे क्षेत्रों में भी जीती है जहां 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का बड़ा जनाधार रहा है। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के लिए बड़े झटके की तरह है। ऐसा ही क्षेत्र है उत्तर बंगाल का कूचबिहार। यहां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तृणमूल कांग्रेस का दबदबा है। ग्राम पंचायत हो या पंचायत समिति व जिला परिषद, हर जगह पार्टी ने जीत दर्ज की है। यह केंद्रीय मंत्री निशित प्रमाणिक के प्रभाव वाला इलाका है। यहां लोकसभा चुनाव और विधानसभा



चुनाव में भी तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद यहां भाजपा को बढ़त मिली थी। इस बार यहां तृणमूल कांग्रेस की जीत ने पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है। यहां से ममता बनर्जी के कैबिनेट में सहयोगी रहे उदयन गुहा ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पूरे उत्तर बंगाल में तृणमूल ने शानदार प्रदर्शन किया है।

बांग्लादेश के शरणार्थी समुदाय मतुआ बहुल इलाके में भी इस बार भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। केंद्रीय मंत्री और बनगांव से भाजपा के सांसद शांतनु ठाकुर के बूथ पर भी तृणमूल कांग्रेस का परचम लहराया है। यहां तक कि यहां से भाजपा विधायक सुब्रत ठाकुर के गढ़ में भी तृणमूल की जीत हुई है। यहां 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को खूब वोट मिले थे।

शांतनु ठाकुर का घर गायघाटा के इच्छापुर दो नंबर ग्राम पंचायत इलाके में है। यहां 42 नंबर मतदान केंद्र है। यहां से भाजपा की उम्मीदवार श्रेष्ठा मिर्धा हारी हैं और तृणमूल उम्मीदवार रिता मंडल की जीत हुई है। ऐसे ही पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अखिल भारतीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के घर के पास मतदान केंद्र में भी तृणमूल कांग्रेस की जीत हुई है।